CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

35 YEARS

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 28 जून 2025 | वर्ष – 35 | अंक– 59 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु






बिहार में नीतीश कुमार और मुद्दे भी बेशुमार — पृष्ठ 3

अभिमत
■ छत्तीसगढ़ में उतेरा खेती की पहल — पृष्ठ 4


■ एनरिच यूरेनियम को लेकर जरूरत पड़ी तो फिर करेंगे हमला : काट्ज
■ नेतन्याहू को भ्रष्टाचार के मामले में राहत नहीं — पृष्ठ 9

भारत-पाकिस्तान क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता की तुलना किसी से नहीं की जा सकती — पृष्ठ 10

# मतदाता सूची पर मचा घमासान

## चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण के निर्देश पर भड़के विपक्षी दल

■ **महागठबंधन में शामिल दलों ने चुनाव आयोग के कदम का किया कड़ा विरोध**



**नई दिल्ली**, 27 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हाल में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाया था। महाराष्ट्र चुनाव से पहले बिहार चुनाव में मैच फिक्सिंग का आरोप लगाते हुए संकेत दिया था कि बिहार चुनाव में भी विपक्ष के निशाने पर चुनाव आयोग रहेगा और अब बिहार चुनाव से पहले विपक्षी पार्टियां और चुनाव आयोग आमने-सामने है। हाल में चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची का सत्यापन करने का आदेश दिया। चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। चुनाव आयोग के इस आदेश का विपक्षी पार्टियों ने कड़ा विरोध किया है। महागठबंधन में शामिल पार्टियां आरजेडी, कांग्रेस, लेफ्ट ने चुनाव आयोग के इस कदम का कड़ा विरोध किया। केवल बिहार में ही चुनाव आयोग के इस कदम का विरोध नहीं किया जा रहा है, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कदम को एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) से भी ज्यादा खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि उनका राज्य, जहां अगले साल चुनाव होने हैं, असली 'टारगेट' है। बिहार में इस साल नवंबर में चुनाव होने जा रहे हैं, जबकि पांच अन्य राज्यों पश्चिम बंगाल, केरल, असम, पुडुचेरी, और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव 2026 को प्रस्तावित हैं।



> चुनाव आयोग नई मतदाता सूची सत्यापन प्रक्रिया की आड़ में बंगाल के युवाओं को निशाना बना रहा है यह बहुत चिंताजनक : **ममता बनर्जी**

**एनआरसी से भी ज्यादा खतरनाक बताया**–चुनाव आयोग के इस कदम को राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर से भी ज्यादा खतरनाक बताते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि भारत का चुनाव आयोग नई मतदाता सूची सत्यापन प्रक्रिया की आड़ में बंगाल के युवाओं को निशाना बना रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि यह बहुत चिंताजनक है। उन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए एक घोषणा पत्र पेश किया है। 1 जुलाई 1987 और 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे लोगों के लिए, मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए माता-पिता के जन्म प्रमाण पत्र के साथ एक नया घोषणा पत्र जमा करना होगा। ममता बनर्जी ने कहा कि चुनाव आयोग का कहना है कि माता-पिता के जन्म प्रमाण पत्र जमा करने होंगे। पूर्ण गणना के नाम पर क्या चल रहा है। यह ईसीआई का एक दस्तावेज और घोषणा पत्र है। इसमें कई अनियमितताएं हैं, उन्होंने कहा कि संशोधन के कारण ग्रामीण लोग बाहर रह जाएंगे और फिर आप सूची बढ़ाने के लिए 'उधार' मतदाताओं के नाम शामिल करेंगे। शुक्रवार को आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, सीपीआई (एमएल) के नेता दीपंकर भट्टाचार्य सहित अन्य घटक दलों ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग के आदेश का विरोध किया ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# पुरी में रथ यात्रा के दौरान उमड़ी भीड़

## रथ खींचने के दौरान 581 श्रद्धालु घायल



**पुरी**, 27 जून (एजेंसियां)। तीर्थ नगरी पुरी के ग्रैंड रोड पर रथ यात्रा के दौरान रथ खींचने समारोह के दौरान हादसा हो गया। शुक्रवार को रथ खींचने के दौरान अत्यधिक भीड़ के कारण 581 श्रद्धालु घायल हो गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कम से कम 8 श्रद्धालुओं की हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि तीर्थ नगरी के ग्रैंड रोड पर रथ यात्रा के दौरान रथ खींचने समारोह में काफी ज्यादा संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हो गए थे। इसी दौरान अत्यधिक भीड़ के कारण श्रद्धालु घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई, जब भगवान बलभद्र के तालध्वज रथ को खींचने का काम शुरू हुआ। पुरी रथ यात्रा में घायल कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि अपनी भक्ति और भावना के कारण हजारों भक्त एकसाथ तालध्वज रथ की रस्सी को छूने के लिए दौड़ पड़े। भीड़ ने रथ को लगभग ढाई किलोमीटर दूर गुंडिचा मंदिर की तरफ खींचने का प्रयास किया। तभी लोग घायल हो गए। सूत्रों के मुताबिक, घायल श्रद्धालुओं में से 581 को हाईटेक अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि 173 को हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) में ले जाया गया। घायल 68 श्रद्धालुओं को ओपीडी में उपचार दिया गया। कम से कम 8 श्रद्धालुओं की हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचएच) ले जाया गया है।

## राज्यपाल-मुख्यमंत्री रथ यात्रा में हुए शामिल, छेरापहरा की रस्म अदायगी



**रायपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज गायत्री नगर रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव में शामिल हुए। राज्यपाल डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर 'छेरा-पहरा' की रस्म निभाई। राज्य की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी ने जगन्नाथ जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के गायत्री नगर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से दरिंदगी, 3 गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता में लॉ कॉलेज की स्टूडेंट से गैंगरेप मामले के चारों आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को 1 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने 3 आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया था। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी शुक्रवार सुबह हुई। घटना 25 जून की है। पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम ग्राउंड फ्लोर के एक गार्ड रूम में दिया गया है। आरोपियों का नाम मनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी है। गिरफ्तार आरोपियों में दो कॉलेज के छात्र हैं और पूर्व छात्र मनोजीत मिश्रा है।

### जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से की बात

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से बातचीत की। उन्होंने इस बातचीत की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी। विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि उन्होंने मौजूदा जटिल हालात पर ईरान का नजरिया जाना और उनकी सोच को समझा। इसके साथ ही उन्होंने इस बात के लिए ईरान का धन्यवाद किया कि उन्होंने भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की।

### दुष्कर्म मामले में आसाराम को राहत

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने 2013 में दर्ज हुए दुष्कर्म मामले में आसाराम को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने उसकी अस्थायी जमानत सात जुलाई तक बढ़ा दी है। इस मामले में आसाराम आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। वो चिकित्सा आधार पर जमानत पर है। न्यायमूर्ति इलेश वोरा और न्यायमूर्ति संदीप भट्ट की खंडपीठ ने आसाराम को यह विस्तार इसलिए किया ताकि उनके वकील याचिका को लेकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें। हाईकोर्ट ने कहा कि मामले की 2 जुलाई को सुनवाई होगी।

### देश में कोरोना संक्रमण से चार की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा 135 पर पहुंच गया। शुक्रवार को कोरोना मरीजों की कुल संख्या घटकर 3256 रह गई।


# कैबिनेट की बैठक 30 को, कई अहम मुद्दों पर होगी चर्चा

■ **मुख्य सचिव अमिताभ जैन को दी जाएगी विदाई, नए मुख्य सचिव का होगा स्वागत**

**रायपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। प्रदेश के नए मुख्य सचिव के ऐलान के साथ ही मौजूदा मुख्य सचिव अमिताभ जैन की विदाई 30 जून को होगी। इसी दिन साय कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। माना जा रहा है कि कैबिनेट बैठक में ही मुख्य सचिव अमिताभ जैन को विदाई दी जाएगी। इससे पहले फरवरी 2014 में तत्कालीन रमन सरकार ने तब के मुख्य सचिव रहे सुनील कुमार को इस तरह की एक कैबिनेट बैठक में विदाई दी थी। कैबिनेट के लिए सचिवों से एजेंडा बुलाया गया है, लेकिन इस बैठक में शामिल होने वाले तमाम एजेंडों के बीच सबसे बड़ा मुद्दा अमिताभ जैन को सम्मानजनक विदाई देना भी है। वहीं नक्सल हमले में शहीद हुए एएसपी की पत्नी को डिप्टी कलेक्टर के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति के प्रस्ताव पर केबिनेट मुहर लगा सकती है। मानसून सत्र में पेश किए जाने वाले विधेयकों सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी। 30 जून को अमिताभ जैन का कार्यकाल खत्म हो रहा है। नए मुख्य सचिव के नाम को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। लेकिन सरकार ने अब तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि राज्य का नया मुख्य सचिव कौन होगा? न ही सरकार की ओर से इस बात को लेकर किसी तरह का संकेत दिया गया है। अमिताभ जैन के बाद वरिष्ठता में रेणु पिल्ले, सुब्रत साहू, अमित अग्रवाल, ऋचा शर्मा, निधि छिब्बर, विकासशील और मनोज पिंगुआ का नाम आता है। अमित अग्रवाल, निधि छिब्बर और विकासशील केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। सुब्रत साहू, ऋचा शर्मा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### भारत-चीन के बीच एससीओ बैठक में बोले राजनाथ

# सैनिकों की वापसी से जुड़े समझौते का हो पालन



**बीजींग**, 27 जून (एजेंसियां)। भारत और चीन के बीच शुक्रवार को एससीओ बैठक की साइड लाइन में रक्षा मंत्रियों की द्विपक्षीय बैठक हुई। इसमें भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चीनी रक्षामंत्री एडमिरल डोंग जुन शामिल हुए। दोनों नेताओं ने भारत-चीन सीमा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर गहन विचार-विमर्श किया। राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री को बिहार की मधुबनी पेंटिंग भेंट की। इस बैठक में राजनाथ सिंह ने चीन के साथ कूटनीतिक संबंधों को बेहतर करने के लिए एडमिरल डोंग जुन को चार बिंदु वाला प्लान पेश किया है।

**पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का मुद्दा भी उठाया**

राजनाथ सिंह ने दोनों देशों के बीच अच्छे पड़ोसी संबंध बनाने और एशिया में स्थिरता के लिए मिलकर काम करने की जरूरत बताई। उन्होंने कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुरू होने की भी तारीफ की। इसके साथ ही उन्होंने चीन के रक्षा मंत्री को जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले और पाकिस्तान में भारत की कार्रवाई की जानकारी भी दी। राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर ऑपरेशन सिंदूर भारत का स्टैंड है।

सैनिकों की वापसी से जुड़े 2024 के समझौते का पूरी तरह पालन हो। सीमा पर तनाव कम करने के लिए प्रयास जारी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## संविधान पर राजनीतिक गर्मी तेज

■ **दत्तात्रेय होसबाले के बयान पर विपक्ष ने बोला हमला**

**नई दिल्ली**, 27 जून (एजेंसियां)। आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले की तरफ से संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की मांग पर राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस समेत तमाम दलों के नेताओं ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। वहीं अब कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संघ और भाजपा पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा आरएसएस का नकाब फिर से उतर गया। संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। राहुल गांधी ने आरएसएस-भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनको संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। यह बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीनकर उन्हें दोबारा गुलाम बनाना चाहते हैं। संविधान जैसा ताकतवर हथियार उनसे छीनना इनका असली एजेंडा है। राहुल गांधी ने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि आरएसएस ये सपना देखना बंद करे हम उन्हें कभी सफल नहीं होने देंगे। हर देशभक्त भारतीय आखिरी दम तक संविधान की रक्षा करेगा। आपातकाल के 50 साल पूरे होने को लेकर भाजपा देशभर में संविधान हत्या दिवस मना रही है।

# भारतमाला प्रोजेक्ट में गड़बड़ी को लेकर निलंबित पटवारी ने फॉर्महाउस में लगाई फांसी

**बिलासपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। बिलासपुर जिले के तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में पटवारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जानकारी के मुताबिक उन्होंने अपनी बहन की फार्महाउस में रस्सी का फंदा बनाकर खुदकुशी की है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है घटना स्थल से सुसाइड नोट बरामद किया गया है मामले की जांच के बाद आत्महत्या की वजह सामने आएगी जानकारी के अनुसार मृतक सुरेश मिश्रा तखतपुर तहसील के राजस्व विभाग में बतौर पटवारी कार्यरत थे और भाड़म पंचायत का प्रभार संभाल रहे थे तीन दिन पहले ही भारतमाला प्रोजेक्ट में गड़बड़ी को लेकर एसडीएम ने उन्हें निलंबित किया था पटवारी सुरेश मिश्रा दो दिन बाद यानी 29 जून को सेवानिवृत्त होने वाले थे मगर उससे पहले ही यह आत्मघाती कदम उठाकर उन्होंने सबको हैरान कर दिया।



■ 2 दिन बाद होने वाले थे रिटायर

**तीन दिन पहले ही में हुए थे निलंबित**

जानकारी के मुताबिक पटवारी सुरेश मिश्रा को 24 जून को भारतमाला प्रोजेक्ट में अनियमितता के चलते निलंबित किया गया था यह भी बताया जा रहा है कि बीते छह महीनों के भीतर वह दो बार निलंबन की कार्रवाई का सामना कर चुके थे।

**पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव जांच में जुटी पुलिस**–घटना की जानकारी मिलते ही तखतपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की इसके बाद सुरेश मिश्रा का शव पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेजा गया है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव जल्द

■ **तीन राज्यों में राज्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त**

**नई दिल्ली**,27 जून (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में अपने संगठनात्मक चुनावों की निगरानी के लिए राज्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए हैं। केंद्रीय मंत्रियों किरेन रिजिजू और हर्ष मल्होत्रा, तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद को क्रमशः इन तीन राज्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा के संगठनात्मक चुनावों के रिटर्निंग ऑफिसर के. लक्ष्मण ने एक बयान में कहा कि यह तीनों सांसद संबंधित राज्यों से पार्टी अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव में केंद्रीय पदाधिकारी की भूमिका निभाएंगे।

## इंडियन ओवरसीज बैंक के गोल्ड लोन घोटाले पर चालान पेश

**राजिम**, 27 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में इंडियन ओवरसीज बैंक राजिम में हुए करीब 1 करोड़ 65 लाख रुपए के गोल्ड लोन घोटाले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने शुक्रवार को चालान पेश कर दिया। आरोपियों ने 17 खाता धारकों के नाम पर गोल्ड लोन लेकर शेयर और क्रिप्टो करेंसी में निवेश किया। निवेश की गई रकम डूबने के बाद जब बैंक में गोल्ड की एंट्री में गड़बड़ी बाई गई, तब पूरे मामले का खुलासा हुआ।



आरोपी-सुनील कुमार | आरोपी- अंकिता पाणिग्रही | आरोपी- योगेश पटेल | आरोपी-खेमन लाल कंवर



**बैंक मैनेजर और उसकी टीम ने 17 लोगों के नाम से लोन लेकर शेयर और क्रिप्टो में किया था निवेश**

इस मामले में ब्यूरो ने बैंक के तात्कालीन मैनेजर सुनील कुमार, असिस्टेंट मैनेजर अंकिता पाणिग्रही, क्लर्क योगेश पटेल और खेमनलाल कंवर को आरोपी बनाया गया है। चारों ने मिलकर इस घोटाले को अंजाम दिया है। ब्यूरो ने पहले ही इन चारों को गिरफ्तार कर लिया था। चारों आरोपियों ने बैंक के राजिम ब्रांच में 2022 को इस कारनामे को अंजाम दिया था।

ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों ने बैंक में किसानों के 17 इनएक्टिव खातों का इस्तेमाल कर इस घोटाले को अंजाम दिया था। आरोपियों ने इन 17 खातों के नाम से गोल्ड लोन की एंट्री दिखाई। इन 17 खाता धारकों के अकाउंट में रकम ट्रांसफर की और बैंक के लॉकर में ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## ऑनलाईन आरटीई के माध्यम से द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 1 जुलाई से

**रायपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। ऑनलाईन आरटीई पोर्टल के माध्यम से निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अन्तर्गत वर्ष 2025-26 हेतु प्रवेश की कार्यवाही के संबंध में समय-सारिणी जारी कर दी गई है। संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ अटल नगर द्वारा उक्त आशय का आदेश राज्य के सभी जिले के कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रेषित किए गए हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार नवीन स्कूल पंजीयन, दर्ज संख्या प्रविष्टि एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन व सीटों का वास्तविक प्रकटीकरण 18 जून से 30 जून तक किया जाएगा। छात्र पंजीयन (आवेदन) 01 जुलाई से 12 जुलाई तक तथा नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच एवं आवेदक को त्रुटि सुधार हेतु अवगत कराने के लिए 2 जुलाई से 19 जुलाई तक की तिथि निर्धारित की ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**नशाखोरी** | जम्मू-कश्मीर में मादक पदार्थों के उपयोग के मामले बढ़े

# नशे की लत में फंसे 13.5 लाख से अधिक लोग

■ **10 से 17 वर्ष की आयु के 1.68 लाख नाबालिग नशे के आदी**

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 27 जून (देशबन्धु)। इसे जानकर आप चौंक सकते हैं कि जम्मू-कश्मीर में 13.5 लाख से अधिक नशा करने वाले लोग हैं, जिनमें 10 से 17 वर्ष की आयु के 1.68 लाख नाबालिग शामिल हैं। इनमें से लगभग 95,000 व्यक्ति ओपियोइड उपयोगकर्ता हैं।**

*स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, नशे की लत का पैटर्न बदल रहा है। जबकि कुछ क्षेत्रों में हेरोइन के उपयोग में मामूली गिरावट देखी गई है, दवाइयों का दुरुपयोग बढ़ रहा है। टेपेंटाडोल, प्रीगैबलिन, ट्रामाडोल और यहां तक कि एविलिन जैसी पशु चिकित्सा दवाओं का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। श्रीनगर के सरकारी मेडिकल कालेज में मनोचिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डा. यासिर हसन राथर ने जागरूकता अभियानों, नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रारंभिक हस्तक्षेप और सरकारी कार्रवाई में वृद्धि को हेरोइन के दुरुपयोग में मामूली गिरावट का श्रेय दिया। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दवाइयों का पता लगाना कठिन है और उन्हें विनियमित करना अधिक कठिन है, जिससे पुनर्वास प्रयास जटिल हो जाते हैं। डा. राथर ने रोकथाम-आधारित रणनीतियों की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का वैश्विक विषय, साक्ष्य स्पष्ट है रोकथाम में निवेश करें, वह दर्शाता है जिसकी हमें तत्काल आवश्यकता है – स्कूल और समुदाय-आधारित शिक्षा, और स्थानीय और धार्मिक नेताओं की भागीदारी। इस प्रयास के तहत, हाल ही में वक्फ बोर्ड के 30 इमामों और धार्मिक विद्वानों के साथ एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की, ताकि उन्हें सामुदायिक स्तर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने की रणनीतियों से लैस किया जा सके। कश्मीर के टेली-मानस के वरिष्ठ सलाहकार डा मोहम्मद अबरार गुरु की मानें तो नशे की लत युवाओं के एक बड़े वर्ग को प्रभावित कर रही है। वे कहते थे कि हम युवा रोगियों की एक स्थिर धारा* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

***हर दिन 5 से 10 नए मामले***–*श्रीनगर के सरकारी मेडिकल कालेज में मनोचिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डा. यासिर हसन राथर बताते थे कि नशा मुक्ति केंद्र में मादक पदार्थों के उपयोग के मामले लगातार आ रहे हैं। उनके बकौल, हम हर दिन 5 से 10 नए मामले देखते हैं, हेरोइन का उपयोग थोड़ा कम हो सकता है, लेकिन कई उपयोगकर्ता सस्ती या अधिक सुलभ दवाओं की ओर रुख कर रहे हैं, या पालीड्रग दुरुपयोग में लिप्त हैं।*

# हीमोग्लोबिन टेस्ट में जीपीएम ने रचा इतिहास, एक दिन में 51,727 महिलाओं की जांच कर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 27 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के नवगठित आदिवासी बहुल जिले गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ने महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करते हुए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। जिले में 26 जून को चलाए गए रक्त शक्ति महाअभियान के अंतर्गत एक ही दिन में 51,727 महिलाओं का हीमोग्लोबिन (Hb) परीक्षण कर यह रिकॉर्ड बनाया गया।



**गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ जिले का नाम**

इस उपलब्धि की आधिकारिक घोषणा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की स्टेट हेड श्रीमती सोनल राजेश शर्मा ने एसेम्बली हॉल, मल्टीपरपज स्कूल पेंड्रा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। उन्होंने जिला प्रशासन को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र और मेडल कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी को सौंपा।

श्रीमती शर्मा ने जिले को बधाई देते हुए कहा कि- महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए इस पैमाने पर किया गया यह प्रयास प्रशंसनीय है और स्वस्थ समाज निर्माण की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम है।

**एनीमिया मुक्त भारत और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ से प्रेरित अभियान**

कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी के नेतृत्व में यह महाअभियान एनीमिया मुक्त भारत अभियान और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को समन्वित करते हुए संचालित किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा- (हमारा उद्देश्य रिकॉर्ड बनाना नहीं था, बल्कि जिले की महिलाओं, विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में, एनीमिया की स्थिति की वास्तविक जानकारी प्राप्त करना था। यह पूरी तरह जनहित से जुड़ा अभियान था।)

इस व्यापक अभियान की कार्य योजना अत्यंत सुनियोजित थी जिसके लिए 31 सेक्टर बनाए गए पूरे जिले में 230 सेंटर पर एक साथ Hb टेस्ट किया गया लक्ष्य रखा गया था 67,925 महिलाओं का परीक्षण

अभियान में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, जिला पंचायत, राजस्व, स्कूल शिक्षा, कृषि समेत सभी विभागों की भागीदारी रही मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, SHG, पंचायत सचिव, पटवारी, कोटवार और RAEO जैसी हर स्तर की टीमों ने अपना योगदान दिया कलेक्टर ने बताया कि यह अभियान इलेक्शन मॉडल की तरह माइक्रो-प्लानिंग पर आधारित था। महिलाओं को केंद्रों तक लाना सबसे बड़ी चुनौती थी, जिसे सभी विभागों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से संभव किया गया।

**कार्य योजना का अगला चरण ङ्क एनीमिक महिलाओं की पहचान और पोषण सहायता**

कलेक्टर श्रीमती मंडावी ने कहा कि एचबी जांच के आंकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है। जिन महिलाओं का हीमोग्लोबिन स्तर 7 ग्राम से कम पाया जाएगा, उन्हें एनीमिक की श्रेणी में चिह्नित कर उनके लिए पृथक कार्य योजना बनाई जाएगी (एनीमिया कोई बीमारी नहीं है, यह खानपान और जागरूकता से दूर हो सकता है। अब हम हरी पत्तेदार सब्जी, फल, प्रोटीनयुक्त आहार जैसी चीज़ों को महिलाओं के आहार में शामिल करने के प्रयास करेंगे,) इस महा अभियान में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के समर्पित अमले के साथ-साथ मीडिया, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। इसके लिए कलेक्टर ने सभी को बधाई और आभार प्रकट किया।

अभियान की योजना और क्रियान्वयन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामेश्वर शर्मा और जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अमित सिन्हा ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान राज्य और देश भर में रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। इस ऐतिहासिक अवसर पर अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, सीईओ जिला पंचायत सुरेंद्र प्रसाद वैद्य, संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे, एसडीएम पेण्ड्रारोड ऋचा चंद्राकर, एसडीएम मरवाही प्रफुल्ल रजक समेत सभी विभागों के जिला, अनुविभागीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी तथा प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले का यह रिकॉर्ड न केवल एक आंकड़ा है, बल्कि यह जनसरोकार, टीमवर्क और प्रशासनिक इच्छाशक्ति का प्रतीक बन गया है। इसने यह सिद्ध कर दिया है कि जब लक्ष्य समाजहित हो और समन्वय मजबूत हो, तो बड़े से बड़ा लक्ष्य भी एक दिन में प्राप्त किया जा सकता है।

# पुलिसकर्मियों व परिवारों को मिला विशेषज्ञों का परामर्श, हुआ स्वास्थ परीक्षण

**मुंगेली,** 27 जून (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में चलाए जा रहे "पहल" अभियान के तहत मुंगेली पुलिस द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। इस शिविर में जिले में पदस्थ पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा की गई।शिविर में बीपी, शुगर, नेत्र परीक्षण, दंत परीक्षण, हड्डी रोग, महिला संबंधी बीमारियों और बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित जांच एवं परामर्श दिए गए। साथ ही आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। अभियान "पहल" का उद्देश्य पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और व्यस्त ड्यूटी के चलते उपेक्षित स्वास्थ्य की समय रहते जांच सुनिश्चित करना है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिन कर्मियों में गंभीर बीमारी की पहचान होगी, उन्हें विभाग की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस प्रकार के शिविर, पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने और कार्यक्षमता सुदृढ़ करने में भी सहायक सिद्ध होंगे। स्वास्थ्य शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेश खाण्डे, शिशु रोग विशेषज्ञ प्रदीप कुमार जायसवाल, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेन्द्र सिंह टण्डन, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. विजेन्द्र पाटले, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय ओबराय, चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्ञानेन्द्र भारद्वाज और डॉ. मधु आनंद बंजारे, दंत चिकित्सक डॉ. कासिम कुरैशी शामिल रहे। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, अनुविभागीय अधिकारी मयंक तिवारी, रक्षित निरीक्षक नरगिस खिस्ट तिग्गा सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।




# निकली रथयात्रा, भक्तों ने की पूजा अर्चना



**तखतपुर** 27 जून (देशबन्धु)। रथयात्रा के अवसर पर राम जानकी छोटे मंदिर सहित क्षेत्र में रथयात्रा का आयोजन किया गया नगर के रामजानकी छोटे मंदिर और बडे मंदिर में विधी विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। साथ ही जनकपुर स्थित रावणभाठा मैदान में मेले का आयोजन किया गया। भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा राम जानकी मंदिर से निकली और नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए जनकपुर स्थित रावणभांठा पहुंची। रथयात्रा का जगह जगह भक्तों ने पूजा अर्चना कर प्रसाद लिया और भगवान से सुखसमृद्धि की कामना की। रथयात्रा अंत में रावणभांठा पहुंची जहां मेले का आयोजन किया जहां मेले में पूरे क्षेत्र के लोग भगवान जगन्नाथ का पूजा अर्चना किया और दर्शन प्राप्त किए तथा मेले का आनंद लिए। इसके बाद रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरी जहां भक्तों ने भगवान का पूजा अर्चना किए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**मतदाता सूची पर मचा...**

और आरोप लगाया कि बीजेपी पर गरीबों से वोटिंग अधिकार छीनने का आरोप लगाया। इस आरोप को लेकर इंडिया गठबंधन का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मुलाकात करेगा और अपनी शिकायत दर्ज कराएगा और फिर इसे लेकर आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस ने संशोधन अभ्यास का विरोध करते हुए कहा है कि यह राज्य मशीनरी का उपयोग करके मतदाताओं को जानबूझकर बहिष्कृत करने का जोखिम उठाता है। कांग्रेस ने कहा कि यह चुनाव आयोग द्वारा स्पष्ट और स्पष्ट स्वीकारोक्ति है कि भारत की मतदाता सूची के साथ सब कुछ ठीक नहीं है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी महाराष्ट्र के साक्ष्यों के साथ बार-बार बता रहे हैं। चुनाव आयोग ने गहन पुनरीक्षण के पीछे कई कारण गिनाए हैं। इनमें शहरीकरण की तेज गति, आंतरिक पलायन, मृतकों के नाम सूची से हटाने में देरी, नए योग्य युवाओं का पंजीकरण और कथित रूप से अवैध विदेशी नागरिकों के नामों का शामिल होना शामिल है. आयोग का कहना है कि इन सभी कारणों से मतदाता सूची की शुद्धता प्रभावित होती है और इसे ठीक करने के लिए यह विशेष अभ्यास आवश्यक है। इस गहन पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता से व्यक्तिगत जानकारी लेंगे। इसके लिए हर मतदाता को एक व्यक्तिगत गणना फॉर्म भरना होगा। 2003 के बाद मतदाता सूची में नाम जुड़वाने वालों को अपने नागरिक होने का प्रमाण भी देना होगा। इसमें पासपोर्ट, जन्म प्रमाणपत्र, माता-पिता के मतदाता पहचान पत्र, पेंशन भुगतान आदेश, भूमि रिकॉर्ड, स्थानीय निकाय द्वारा जारी निवास प्रमाणपत्र आदि दस्तावेज मान्य माने जाएंगे।

**राज्यपाल-मुख्यमंत्री रथ यात्रा में ...**

स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा में शामिल हुए। रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में विशेष विधि-विधान के साथ महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व भगवान की प्रतिमाओं को मंदिर से रथ तक लाया गया और मार्ग को सोने की झाड़ू से स्वच्छ किया गया। इस परंपरा को छेरापहरा कहा जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी प्रदेशवासियों को रथ यात्रा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव छत्तीसगढ़ के लिए भी है। साय ने कहा कि भगवान जगन्नाथ किसानों के रक्षक हैं। उन्हीं की कृपा से वर्षा होती है, धान की बालियों में दूध भरता है और किसानों के घरों में समृद्धि आती है। मैं भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ में भरपूर फसल हो। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा से मेरी विनती है कि वे हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमें शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की ओर अग्रसर करें।

**मुख्यमंत्री ने सोने की झाड़ू से छेरापहरा की रस्म निभाई**

राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में पुरी की रथ यात्रा की तर्ज पर यह पुरानी परंपरा निभाई जाती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छेरापहरा की रस्म पूरी करते हुए सोने की झाड़ू से मार्ग बुहारकर रथ यात्रा का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा को रथ तक ले जाकर विराजित किया।

**ओडिशा की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में होती है रथ यात्रा**

रथ यात्रा के लिए भारत में ओडिशा राज्य प्रसिद्ध है। ओडिशा का पड़ोसी राज्य होने के कारण छत्तीसगढ़ में भी इस उत्सव का व्यापक प्रभाव है। आज निकाली गई रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, उनके भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा की विशेष विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी के अनुसार उत्कल संस्कृति और दक्षिण कोसल की संस्कृति के बीच यह एक अटूट साझेदारी का प्रतीक है। ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ का मूल स्थान छत्तीसगढ़ का शिवरीनारायण तीर्थ है, जहां से वे जगन्नाथ पुरी में स्थापित हुए। शिवरीनारायण में ही त्रेता युग में प्रभु श्रीराम ने माता शबरी के प्रेमपूर्वक अर्पित मीठे बेर ग्रहण किए थे। यहां वर्तमान में नर-नारायण का भव्य मंदिर स्थापित है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, धर्मलाल कौशिक सहित अन्य गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**कैबिनेट की बैठक...**

और मनोज पिंगुआ दावेदारों की दौड़ में शामिल हैं। सरकार की नजर दिल्ली से मिलने वाले इशारों पर है। यही वजह है कि अब तक राज्य सरकार ने स्पष्ट तौर पर किसी भी एक नाम को लेकर अपनी ओर से कोई संकेत नहीं दिया है। तमाम नामों पर समीकरणों के मुताबिक चर्चा हो रही है। वरिष्ठता में सबसे ऊपर रहने वाली रेणु पिल्ले नियम कायदों में समझौता करने वाली अफसर नहीं मानी जाती है। इस लिहाज से ब्यूरोक्रेसी के भीतर चर्चा रही है कि सरकार उनके नाम सहमत नहीं हो सकती। वहीं अमित अग्रवाल छत्तीसगढ़ नहीं लौटना चाहते। निधि छिब्बर और विकासशील को लेकर भी यही नजरिया है। ऋचा शर्मा भी अपनी कार्यशैली के लिए पहचानी जाती हैं।ऐसे में राज्य के भीतर चल रही चर्चा में सुब्रत साहू और मनोज पिंगुआ रेस में आगे बताए जाते हैं। एमपी की तरह ऐसा न हो कि राज्य सरकार किसी नाम पर सहमत हो और दिल्ली से कोई दूसरा नाम भेज दिया जाए। इसलिए मुख्य सचिव को लेकर फिलहाल कोई स्पष्ट स्थिति बनती नहीं दिख रही है।

**सैनिकों की वापसी से ...**

रखना। बॉर्डर तय करने की प्रकिया को तेज करना। मतभेदों को सुलझाने और संबंधों को बेहतर बनाने के लिए विशेष प्रतिनिधियों के स्तर पर बातचीत करना। बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने बताया कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को लेकर रचनात्मक और भविष्य की दिशा में सोचने वाली बातचीत हुई। सिंह ने द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए दोनों पक्षों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर संतोष प्रकट किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद रूस के अपने समकक्ष के साथ पहली महत्वपूर्ण बैठक में वायु सेना के बेड़े के प्रमुख लड़ाकू विमान सुखोई-30 के उन्नयन, वायु रक्षा प्रणाली एस-400 और मिसाइलों तथा अन्य महत्वपूर्ण साजो-सामान की खरीद तथा आपूर्ति के बारे में गहन विचार विमर्श किया। रक्षा मंत्रालय ने वक्तव्य जारी कर बताया कि सिंह और रूसी रक्षा मंत्री आंद्रे बेलौसोव के बीच चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक से इतर द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों मंत्रियों ने मौजूदा भू-राजनीतिक स्थितियों, सीमा-पार आतंकवाद और भारत-रूस रक्षा सहयोग जैसे विषयों पर गहन चर्चा की।

**इंडियन ओवरसीज बैंक के ...**

गोल्ड की एंट्री की। इसके बाद गोल्ड के एवज में बैंक खातों में आई करीब 1 करोड़ 65 लाख रुपए का इस्तेमाल चारों ने मिलकर किया। इस रकम को आरोपियों ने क्रिप्टो करेंसी और शेयर ट्रेडिंग में निवेश किया। निवेश में जब चारों को नुकसान हुआ और बैंक में ऑडिट हुआ तो इस पूरे मामले का खुलासा हुआ।

ईओडब्ल्यू ने इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 व 2018, धोखाधड़ी, कूटरचना और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में एफआईआर की थी। आरोपियों ने दिसंबर 2022 से लेकर फरवरी 2023 तक इस कारनामे को अंजाम दिया।

**ऑनलाईन आरटीई के...**

गई है। इसी प्रकार लॉटरी के माध्यम से स्कूलों का आबंटन 22 जुलाई से 23 जुलाई तक एवं स्कूल में दाखिला की प्रक्रिया हेतु 25 जुलाई से 31 जुलाई तक की तिथि निर्धारित की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम अन्तर्गत् वर्ष 2025-26 हेतु प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयों में आर.टी.ई. पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन/भर्ती की कार्यवाही की जानी है। पूर्व में भी प्रवेश की प्रक्रिया एवं ऑनलाईन पद्धति के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए जा चुके है।

**नशे की लत में फंसे...**

देखते हैं, जिनमें से कई सिंथेटिक ओपिओइड, भांग और कई पदार्थों के संयोजन के आदी हैं। यह अब केवल स्वास्थ्य संबंधी चिंता नहीं है, बल्कि परिवारों और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली एक सामाजिक आपात स्थिति है। जबकि एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी शोपियां के चिकित्सा अधिकारी डा आदिल कहते थे कि रोगी बड़ी संख्या में उपचार की तलाश कर रहे हैं, नियमित आधार पर नए पंजीकरण हो रहे हैं। उनका कहना था कि अधिकांश उपयोगकर्ता हेरोइन के आदी हैं, जिन्हें अक्सर साइकोट्रोपिक दवाओं के साथ मिलाया जाता है। हम एविलिन जैसी पशु दवाओं के दुरुपयोग को भी देख रहे हैं। डा. आदिल का कहना था कि सीमित उपलब्धता के कारण, कुछ उपयोगकर्ता अब उपचार की ओर रुख कर रहे हैं। यह उन्हें ठीक होने की दिशा में मार्गदर्शन करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। डा आदिल ने युवाओं से समय पर मदद लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के अभियान की थीम-चेन तोड़ना रोकथाम, उपचार और सभी के लिए रिकवरी के तहत मेरा संदेश सरल है कि नशीली दवाओं के शिकार न बनें। मदद उपलब्ध है, और रिकवरी संभव है।

# मौहाभाठा में पौधरोपण



**तखतपुर** 27 जून (देशबन्धु)। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मौहाभाठा में पौधा रोपण किया गया और उसके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पिल्लूराम साहू, हीरा लाल, शुभम, धन लाल टण्डन, गजेंद्र, सुशील, रामखिलावन, अंशु, वीर, सीताराम, भागवत, चतुर, गीतेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया प्रेस क्लब और लाइब्रेरी का निरीक्षण, छात्र-छात्राओं से की संवाद

**पुस्तक उपलब्धता का दिया आश्वासन**

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही** 27 जून (देशबन्धु)। जिले की कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पेण्ड्रा स्थित माधव राव सप्रे प्रेस क्लब और वहां संचालित लाइब्रेरी (वाचनालय) का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर लाइब्रेरी की उपयोगिता, उपलब्ध पुस्तकों की स्थिति, तथा पठन सामग्री की आवश्यकता को लेकर सीधा संवाद किया।




कलेक्टर ने लाइब्रेरी में विद्यार्थियों की उपस्थिति देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि शिक्षा के लिए यह एक सराहनीय स्थान है, जिसे और भी बेहतर बनाने की जरूरत है। उन्होंने लाइब्रेरी में आवश्यक पुस्तकें और संसाधन मुहैया कराने का आश्वासन दिया तथा लाइब्रेरी के सतत विकास के लिए हरसंभव सहयोग देने की बात कही।

कलेक्टर श्रीमती मंडावी ने लाइब्रेरी में मौजूद छात्राओं को आश्वस्त किया कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नियमित अध्ययन और मार्गदर्शन प्राप्त करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि (पढ़ाई के लिए सही वातावरण और मार्गदर्शन अत्यंत जरूरी है। अगर आवश्यकता पड़ी, तो वाचनालय में समय-समय पर करियर गाइडेंस और प्रतियोगी परीक्षाओं की क्लासेस भी शुरू की जाएंगी।)

कलेक्टर ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पढ़ाई में निरंतरता, समर्पण और लक्ष्य के प्रति ईमानदारी सफलता की कुंजी है। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन युवाओं के भविष्य निर्माण में हमेशा साथ खड़ा रहेगा।

**प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति**

इस अवसर पर कलेक्टर के साथ अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे, एसडीएम पेंड्रारोड ऋचा चंद्राकर, तहसीलदार शेषनारायण जयसवाल एवं बाल विकास अधिकारी अमित सिन्हा भी उपस्थित रहे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कोरबा संभाग कोरबा (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक - 3422/ NIT-2/ 2025-26/ व.ले.लि. / दिनांक : 25/06/2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:- 02/07/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 10/07/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 11.07.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी समयावधि |
|---|---|---|
| 02 T0005 | लोक निर्माण विभाग, कोरबा संभाग कोरबा अंतर्गत मार्गों का साधारण मरम्मत का कार्य। द्वितीय आमंत्रण | 10.00<br>7500.00<br>150000.00<br>Up to Date 31.03.2026 |

टीप:-
1. निविदा फार्म A एवं निविदा फार्म की किमत 750.00 है।
2. उक्त कार्य की निविदाकार की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' वर्ग से अ वर्ग तक'' है।

**निविदा संबंधी समस्त शर्तें संभागीय कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है।**

जी- 252601850/1

Executive Engineer
P.W.D. Korba Div. Korba (C.G.)

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर**

INDIAN INSTITUTE OF THCHNOLOGY KHARAGPUR

**विज्ञापन संख्या: R/06/2025 दिनांक 12,जून 2025**

संस्थान निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

(i) **पेशेवर प्रशिक्षु (पुस्तकालय)** - 8 पद

शैक्षिक योग्यता, आयु एवं अद्यतन जानकारी के लिए **http://www.iitkgp.ac.in/ non-teaching-positions.** पर जाएं।

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 12-07-2025

OBC 21255/12/0009/ 2526 कुलसचिव / Registrar

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**

**मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)**

**प्र.मं.आ.यो.**

फा.क्र./ 639 एवं 640/निर्माण (प्र.मं.आ.यो.) / 2025/ कोरबा, दिनांक 26.06.2025

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफे के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 10.07.2025 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 10.07.2025 सायंकाल 4.30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू में |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत ए.एच.पी.योजना के तहत् रामपुर साईट में निर्मित आवासों का मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) (द्वितीय निविदा) | 3,06,115/- | 3,500/- |
| 02 | प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत ए.एच.पी.योजना के तहत् मुड़ापार में निर्मित आवासों का मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) (द्वितीय निविदा) | 3,39,650/- | 3,500/- |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website: www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

॥ स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ॥

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

# मुंगेली को मिला जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष कार्यालय

**आयोग अध्यक्ष गौतम चौरड़िया ने किया लोकार्पण**

**मुंगेली**, 27 जून (देशबन्धु)। शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस बहुप्रतीक्षित सुविधा का लोकार्पण छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश गौतम चौरड़िया ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को त्वरित और सुलभ न्याय मिलना उनके अधिकारों की रक्षा के लिए जरूरी है। (स्थायी भवन की स्थापना से अब मुंगेली जिले के उपभोक्ताओं को बिलासपुर या अन्यत्र भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डिजिटल युग में उपभोक्ताओं को अधिक सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है,) इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम पार्वती पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, स्थानीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, अधिवक्ता एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुंगेली को बहुप्रतीक्षित सुविधा मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि (जिले के गठन को 12 वर्ष पूरे हो चुके हैं, और अब जाकर उपभोक्ताओं को यह स्थायी सुविधा मिली है। यह न केवल न्याय की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी बल्कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान भी सुनिश्चित करेगी।) जिला उपभोक्ता आयोग मुंगेली के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू ने कहा कि कार्यालय की स्थापना से अब उपभोक्ताओं को बिलासपुर या अन्य जिलों की ओर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी।




उन्होंने इसे आम नागरिकों के लिए न्यायिक सुविधा की दृष्टि से (ऐतिहासिक उपलब्धि) करार दिया। कार्यक्रम के दौरान जनसमुदाय को उपभोक्ता अधिकारों, कानूनी संरक्षण और शिकायत निवारण की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया।

## निधन

### सुनील सिंगरौल



**तखतपुर।** ग्राम सोमनापुर कुंडा निवासी सुनील सिंगरौल उम्र 40 वर्ष का 26 जून को निधन हो गया। वे केदार सिंगरौल चाचा, पवन सिंगरौल बड़े भाई नंदकुमार रंजीत छोटे भाई थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सोमनापुर कुण्डा में किया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ ना.तह./ 2025
सकरी, दिनांक 27/05/2025

एदत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल शर्मा पिता गिरीश शर्मा निवासी हाउस नं. जी/एन 07 सेक्टर सी अरपा कॉलोनी सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन अनुसार मौजा सकर्रा प.ह.नं. 39, रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नम्बर 241/12, रकबा 0.1170 हेक्टेयर भूमि राहुल शर्मा पिता गिरीश शर्मा के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक को वाद भूमि की खरीदी पश्चात् आज दिनांक तक किसान-किताब प्राप्त नहीं हुई है, अतः किसान किताब प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण की आगामी सुनवाई दिनांक 30/06/2025 को नियत है। उक्त सुनवाई दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर कोई दावा/ आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् प्रकरण में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/5/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
सकरी

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम दीपा डोडवाणी (DEEPA DODWANI) पिता श्याम कुमार डोडवानी (SHAYAM KUMAR DODWANI) अपना पुराना नाम बदलकर नया नाम दिया डोडवानी (DIYA DODWANI) पिता श्याम कुमार डोडवानी (SHAYAM KUMAR DODWANI) निवासी सुभाष वार्ड मुंगेली (छ.ग.) 495334 रख ली हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम दिया डोडवानी (DIYA DODWANI) पिता श्याम कुमार डोडवानी (SHAYAM KUMAR DODWANI) से जाना एवं पहचाना जाए।

**दिया डोडवानी**
(DIYA DODWANI)
सुभाष वार्ड मुंगेली (छ.ग.)
495334

# देश

उवाच

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले इलेक्शन कमीशन वोटर लिस्ट को अपडेट करने के लिए एक विशेष अभियान चला रहा है। इसका मकसद वोटर लिस्ट से गलत नामों को हटाना है। हालांकि, कांग्रेस और टीएमसी चुनाव आयोग के इस फैसले का विरोध कर रही हैं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने इस फैसले का स्वागत किया है: **दिलीप जायसवाल, भाजपा नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 37. | 31. |
| मुंबई | 29. | 27. |
| कोलकाता | 34. | 28. |
| चेन्नई | 37. | 28. |

# छोटे उद्योग अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ : मुर्मु

## श्रीमती मुर्मु ने अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस 2025 के समारोह का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 27 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छोटे उद्योगों को भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ करार देते हुए कहा है कि ये रोजगार सृजन के साथ साथ सामाजिक समावेशन को भी बढ़ाते हैं।

श्रीमती मुर्मु ने अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस 2025 के समारोह का उद्घाटन करने के बाद कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग देश की अर्थव्यवस्था के एक मजबूत स्तंभ हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग न केवल देश के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं बल्कि जमीनी स्तर पर नवाचार को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योग महिलाओं, युवाओं, ग्रामीण क्षेत्रों तथा वंचितों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर सामाजिक समावेशन को भी बढ़ाते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी, राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार के साथ-साथ मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। आंकड़ों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि छोटे उद्योगों का देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत, विनिर्माण में 36 प्रतिशत और निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान रहा है। यह क्षेत्र कृषि के बाद रोजगार का दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है। इस क्षेत्र से पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। इस तरह यह क्षेत्र कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण और विकास के विकेन्द्रीकरण से समावेशी विकास में मदद करते हैं। छोटे उद्योग क्षेत्र देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों के समक्ष वित्त की समस्या के साथ साथ बड़ी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा, अत्याधुनिक तकनीक की कमी, कच्चे माल और कुशल मानवश्रम की कमी, सीमित बाजार और भुगतान में देरी की दिक्कतें हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों को इन चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए सरकार ने कुछ नीतिगत बदलाव किये हैं। सरकार ने छोटे उद्योगों की परिभाषा में बदलाव करते हुए इनका दायरा बढाया है।

राष्ट्रपति ने पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि छोटे उद्योग क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में योजनाओ का लाभ उठाना चाहिए। विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में छोटे उद्योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग देश की अर्थव्यवस्था के एक मजबूत स्तंभ हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग न केवल देश के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं बल्कि जमीनी स्तर पर नवाचार को भी बढ़ावा देते हैं: **द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

### महाप्रभु श्रीजगन्नाथ से मेरी प्रार्थना कि पूरे विश्व में शांति, मैत्री व स्नेह का वातावरण रहे : राष्ट्रपति मुर्मु

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न राज्यों में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्राएं निकाली जा रही हैं। इस विशेष दिवस पर भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकलते हैं। ओडिशा के पुरी में विश्व की सबसे बड़ी रथ यात्रा निकाली जाती है। इस खास अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समेत विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

पवन खेड़ा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा, कहा

# बिहार में नीतीश कुमार और मुद्दे भी बेशुमार

**पटना,** 27 जून (एजेंसियां)। बिहार दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने शुक्रवार को पटना में मीडिया से बात करते हुए कटाक्ष किया कि बिहार में नीतीश कुमार हैं और मुद्दे भी बेशुमार हैं।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बिहार दौरे के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैं पटना आया हूं और कई कार्यक्रमों में शिरकत करूंगा। बिहार में नीतीश कुमार हैं और मुद्दे भी बेशुमार हैं। कई सारे मुद्दों पर आज चर्चा की जाएगी।' चुनाव आयोग पर बात करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, 'राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और भारत गठबंधन के कई सदस्य इन मुद्दों पर लगातार चर्चा कर रहे हैं और चुनाव आयोग पर दबाव बना रहे हैं। लेकिन, चुनाव आयोग कठपुतली की तरह काम करता है और पीएम मोदी के इशारों पर चलता है।' उन्होंने आगे कहा, 'हम दिसम्बर से चुनाव आयोग पर दबाव बना रहे हैं और बोल रहे हैं कि आपकी प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। उस पर जवाब देने के बजाए वे सिर्फ दाएं-बाएं घुमा रहे हैं और अब नया षड़यंत्र रच रहे हैं, जिससे लाखों-करोड़ों लोग, खासकर बिहार के अंदर, अपने मताधिकार से वंचित रह जाएंगे।'



'मैं पटना आया हूं और कई कार्यक्रमों में शिरकत करूंगा। कई सारे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी : **पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता**

**खड़गे ने बिहार को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की**

पवन खेड़ा ने मल्लिकार्जुन खड़गे के बिहार को लेकर दिए गए बयान का बचाव किया और कहा, 'मैं उस समय उनके साथ मौजूद था और उन्होंने बिहार को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है। गलत बयानबाजी करना भाजपा की पुरानी बीमारी है और इसका इलाज जल्द होगा।' इटावा में कथावाचकों के साथ हुई मारपीट पर कांग्रेस नेता ने कहा, 'इटावा का मामला कोई अलग घटना नहीं है।

**अमृतकाल नहीं, वो अघोषित आपातकाल है**

इमरजेंसी पर माफी मांगने के सवाल पर पवन खेड़ा ने कहा, 'आज भाजपा के लोग नए-नए शब्द लेकर आ गए हैं। आज जिसको अमृतकाल कहा जा रहा है, वो अघोषित आपातकाल है। कांग्रेस पार्टी ने संविधान के माध्यम से इमरजेंसी लगाई और फिर संविधान के माध्यम से ही उसको हटाया। इतना ही नहीं, इस फैसले के लिए माफी मांगी और जनता ने माफ भी किया।

### 'अमृत काल' में विदेश भेजने के नाम पर रूसी सेना में भर्ती : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अमृत काल' में विदेश भेजने के नाम पर जमकर धंधा चल रहा है और देश के युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल कर उन्हें धोखे से यूक्रेन से लड़ने के लिए रूसी सेना में भर्ती कराया जा रहा है। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष तथा पार्टी के लोकसभा सांसद अमरिंदर सिंह राजा बरार ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी के 'अमृत काल' में जिस तरह के काम हो रहे है, वह बेहद चिंताजनक है। उनका कहना था कि देश के युवाओं को विदेश जाने के नाम पर बहला फुसला कर उनसे मोटी रकम ऐंठी जा रही है और उन्हें धोखे से रूस भेजकर सेना में भर्ती कर सीधे युद्ध के मैदान में भेजा जा रहा है।

### कांग्रेस को हर जिले में और मजबूत किया जाएगा: राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने आदिवासी नेतृत्व को मजबूत करने पर जोर दिया और बताया कि जिला अध्यक्ष ही कांग्रेस पार्टी को चलाएगा। साथ ही वह पार्टी को मजबूती देने का भी काम करेगा। कांग्रेस ने शुक्रवार को पार्टी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें राहुल गांधी आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा करते दिख रहे हैं। यह वीडियो 6 मिनट 21 सेकंड का है। पार्टी ने लिखा, 'नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं पर चर्चा की। जल, जंगल, जमीन के साथ ही संवैधानिक अधिकारों के लिए उनका संघर्ष लगातार जारी है।



## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के दो वरिष्ठ नेता कांग्रेस में करेंगे वापसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) से जुड़े दो वरिष्ठ नेता कांग्रेस में वापसी करने जा रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, पूर्व मंत्री ताज मोहिउद्दीन और गुलाम मोहम्मद सरूरी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव सैयद नसीर हुसैन, जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेकेपीसीसी) के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में आज औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल होंगे। श्री मोहिउद्दीन ने अगस्त 222 में कांग्रेस छोड़ी थी और श्री आजाद की नव गठित पार्टी डीपीएपी में शामिल हो गये। उन्होंने हालांकि, पिछले साल पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

### रिहाई में देरी, उप्र को देना पड़ा लाख रुपए मुआवजा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के जमानती आदेश का पालन करने में करीब एक माह की देरी के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को पांच लाख रुपए का मुआवजा देना पड़ा। न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ के समक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के अधिवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अदालती आदेश का पालन करते हुए संबंधित पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा दे दिया गया है। अदालत के समक्ष पीड़ित व्यक्ति के अधिवक्ता ने उक्त मुआवजा राशि प्राप्त होने की पुष्टि की। शीर्ष अदालत ने आरोपी व्यक्ति को जेल से रिहा करने में करीब एक माह की देरी के लिए 25 जून को उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई थी और इसके लिए उसे पांच लाख रुपये का मुआवजा संबंधित पीड़ित व्यक्ति को देने का आदेश दिया था। साथ ही, राज्य सरकार से इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया था।

### ममता अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को वोटर लिस्ट से हटाए जाने की वजह से डर रही : भाजपा

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के नए मतदाता सूची संशोधन नियमों पर नकारात्मक टिप्पणियां उनके डर को दिखा रही हैं। उन्हें डर है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों का उनका समर्पित वोट बैंक खत्म हो सकता है। गुरुवार को ममता बनर्जी ने कहा कि ईसीआई के नए दिशानिर्देश इस साल बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जारी किए गए हैं, लेकिन वास्तव में ये नियम मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल को निशाना बनाते हैं, जहां अगले साल चुनाव होने हैं। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि ये नए नियम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने की दिशा में एक कदम हो सकते हैं।

भाषा विवाद : शरद पवार बोले

## कक्षा एक से हिंदी अनिवार्य करना सही नहीं, 5वीं के बाद पढ़ाई जाए

**मुंबई,** 27 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में हिंदी भाषा के मुद्दे पर राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के बाद शरद पवार ने भी सरकार के फैसले पर सवाल उठाए हैं। एनसीपी-शरद गुट के प्रमुख का कहना है कि पहली क्लास से हिंदी की अनिवार्यता उचित नहीं है। शरद पवार ने शुक्रवार को कोल्हापुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हिंदी भाषा विवाद को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, 'इसके दो पहलू हैं। पहली कक्षा से प्राथमिक विद्यालयों में हिंदी को अनिवार्य करना सही नहीं है। पांचवीं कक्षा से हिंदी सीखना छात्र के हित में है। आज देश में करीब 55 फीसदी लोग हिंदी बोलते हैं। हिंदी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।' पवार ने आगे कहा, 'महाराष्ट्र में लोग हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन अभी पहली क्लास से ही बच्चों पर नई भाषा थोपना ठीक नहीं है। वहां मातृभाषा महत्वपूर्ण है।' उन्होंने महाराष्ट्र की राजनीति में उठते विरोध की ओर इशारा करते हुए कहा कि 'दोनों ठाकरे (उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे) हिंदी की अनिवार्यता के खिलाफ हैं।'

# 'तेजस्वी अबकी अईहें गे, रौशन सबेरा लईहें गे', बिहार चुनाव को लेकर राजद ने कैंपेन सॉन्ग किया लांच

**पटना,** 27 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर अपना कैंपेन सॉन्ग लॉन्च कर दिया है। इस सॉन्ग की टैगलाइन है 'तेजस्वी अबकी अईहें गे, रौशन सबेरा लईहें गे।' साथ ही इसमें उन्हें बिहार का बेटा बताया गया है और कई सारे वादों को पूरा करने की बात कही गई है। राष्ट्रीय जनता दल का कैंपेन सॉन्ग करीब पांच मिनट 43 सेकंड का है। इस सॉन्ग की शुरुआत ग्रामीण क्षेत्र के खूबसूरत नजारे के साथ होती है। सॉन्ग के बोल में तेजस्वी यादव का जिक्र किया गया है और उन्हें नेता नहीं बल्कि बिहार का बेटा बताया गया है। यह मगही भाषा में तैयार गीत है। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया है, जिसमें लिखा है, 'रौशन सवेरा लईहें गे।' राजद के कैंपेन सॉन्ग में कहा गया है, 'तेजस्वी अबकी अईहें गे, रौशन सबेरा लईहें गे। नेता नहीं, ई बेटा छी, कोय एकरा सं बेहतर नहीं।'

इस कैंपेन सॉन्ग में बेरोजगारी का जिक्र, नौकरी देने का वादा, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, माई-बहिन योजना और वृद्धा पेंशन के तहत 400 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए प्रति महीना देने का वादा किया गया है। इसके अलावा, शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने, उद्योग पर फोकस और पलायन रोकने का भी वादा किया गया है।

कैंपेन सॉन्ग में कहा गया, 'आपन तेजस्वी भैया मुमकिन सब के सब कर पईहें गे।' बता दें कि बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव के मद्देनजर राजद नेता तेजस्वी यादव लगातार बैठक कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में छात्र-युवा संसद में हिस्सा लिया था। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर कार्यक्रम की फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'आज छात्र-युवा संसद में उमड़े युवाओं के लिए ढेर सारा प्यार और आभार।



कैंपेन सॉन्ग में बेरोजगारी का जिक्र, नौकरी देने का वादा, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, माई-बहिन योजना और वृद्धा पेंशन के तहत 400 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए प्रति महीना देने का वादा किया गया है

# अमित शाह के बयान से अन्नाद्रमुक में बेचैनी का माहौल

**चेन्नई,** 27 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से तमिलनाडु में गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में अन्नाद्रमुक महासचिव ई के पलानीस्वामी (ईपीएस) का उल्लेख नहीं किये जाने और इसके बावजूद राज्य में गठबंधन सरकार बनाने की बात दोहराने से प्रमुख विपक्षी दल अन्नाद्रमुक में बेचैनी का माहौल है। यह दूसरी बार है जब गृहमंत्री ने स्पष्ट किया है कि यह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार होगी जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी सत्ता साझा करेगी। उन्होंने 8 जून को मदुरै में पार्टी की कोर ग्रुप बैठक को संबोधित करते हुए भी इसी तरह का बयान दिया था जिससे अन्नाद्रमुक में भूचाल आ गया था। अन्नाद्रमुक ने राज्य के लिये गठबंधन सरकार के विचार को बार बार अनुपयुक्त बताते हुए खारिज किया है। एक तमिल दैनिक को दिए साक्षात्कार में श्री शाह ने न केवल यह दावा किया कि राज्य में भाजपा की भागीदारी के साथ राजग गठबंधन सरकार बनेगी बल्कि उन्होंने गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में ईपीएस का नाम भी नहीं लिया। हांलाकि उन्होंने कहा, 'राजग निश्चित रूप से सरकार बनाएगी और भाजपा इसका हिस्सा होगी। हम अन्नाद्रमुक की अगुवाई में चुनाव लड़ेंगे। मुख्यमंत्री अन्नाद्रमुक से ही होगा।'

केन्द्रीय गृहमंत्री का ये बयान उनके पिछले उस बयान से काफी अलग है जिस समय अन्नाद्रमुक ने राजग में फिर से प्रवेश किया था। तब ईपीएस की मौजूदगी में श्री शाह ने कहा था कि राजग ईपीएस के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा। विश्लेषकों का कहना है कि यह इस बात का संकेत है कि भाजपा के पास ईपीएस पर सारा दारोमदार डालने के बजाय कोई 'प्लान बी' है।



# युवा अपने लक्ष्य राष्ट्र पर केंद्रित रखें : धनखड़

धनखड़ ने शेरवुड कॉलेज के 156वें स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को किया संबोधित

**नैनीताल,** 27 जून (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने छात्रों से अपने लक्ष्यों को संकीर्ण और आत्मकेंद्रित न रखकर समाज, मानवता तथा राष्ट्र पर केंद्रित रखने का आह्वान किया है। श्री धनखड़ ने शेरवुड कॉलेज के 156वें स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को यह भावना आत्मसात करनी होगी कि राष्ट्र सर्वोपरि है। बिना शर्त पूर्ण राष्ट्रवाद को स्वीकार करना होगा क्योंकि भारत की 5000 वर्षों की सांस्कृतिक विरासत है।

उन्होंने कहा, 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उसकी पहुंच और वहन करने की क्षमता किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए मूलभूत हैं, शिक्षा ईश्वर का वरदान है। अगर आपको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है, तो आप भाग्यशाली हैं। अगर आपको इस प्रकार की शिक्षा 1.4 अरब की जनसंख्या वाले देश में मिलती है, तो आप सच में विशेषाधिकार प्राप्त हैं।' उपराष्ट्रपति ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा, 'मातृत्व-पितृत्व वह सबसे बड़ी जिम्मेदारी है जो केवल आपके बच्चों के प्रति ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के प्रति है। इसलिए अपने बच्चों पर दबाव न डालें। आप यह मत तय करें कि उनका जीवन का उद्देश्य क्या होगा। यदि आप तय करेंगे, तो वे सब केवल पैसे या सत्ता के पीछे दौड़ेंगे।



सभी को यह भावना आत्मसात करनी होगी कि राष्ट्र सर्वोपरि है। बिना शर्त पूर्ण राष्ट्रवाद को स्वीकार करना होगा, क्योंकि भारत की 5000 वर्षों की सांस्कृतिक विरासत है: **जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति**

### मुंबई पुलिस ने देह व्यापार में धकेलने की साजिश को किया नाकाम, 7 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई,** 27 जून (एजेंसियां)। मुंबई के एमआईडीसी पुलिस स्टेशन ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए छह महिलाओं समेत सात बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक बायजिद अयूब शेख पर आरोप है कि उसने महिलाओं को नौकरी का लालच देकर भारत लाया। पुलिस ने बताया कि इन महिलाओं को देह व्यापार में धकेलने की साजिश थी। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी बायजिद अयूब शेख (47) नामक व्यक्ति ने बांग्लादेश की गरीब और बेरोजगार महिलाओं को अच्छी नौकरी का झांसा देकर भारत लाया था। आरोपी ने उन्हें मुंबई और पुणे जैसे बड़े शहरों में नौकरी दिलाने का वादा किया था, लेकिन उसका असली मकसद इन महिलाओं को देह व्यापार के दलदल में धकेलना था। पुलिस की सतर्कता से यह साजिश समय रहते नाकाम हो गई और सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# ब्रिटिश फाइटर जेट को तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे के मरम्मत केंद्र में ले जाया जाएगा

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम,** 27 जून (एजेंसियां)। ब्रिटिश उच्चायोग ने शुक्रवार को बताया कि तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करने वाले ब्रिटेन के एफ-35बी लाइटनिंग II स्टेल्थ लड़ाकू विमान को हवाई अड्डे के रखरखाव, मरम्मत और सुविधा केंद्र में ले जाया जाएगा, जहां उसकी मरम्मत होगी।

ब्रिटिश हाई कमीशन के प्रवक्ता ने कहा, 'तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक ब्रिटिश एफ-35बी विमान तकनीकी खराबी आने के कारण मरम्मत के लिए रुका हुआ है। ब्रिटेन ने विमान को हवाई अड्डे की मरम्मत और रखरखाव सुविधा में ले जाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। ब्रिटिश इंजीनियरिंग टीमें विशेष उपकरणों के साथ पहुंचने के बाद विमान को हैंगर में ले जाया जाएगा, ताकि अन्य विमानों की नियमित मरम्मत में कम से कम बाधा हो।' उन्होंने कहा, 'मरम्मत और सुरक्षा जांच पूरी हो जाने के बाद विमान सक्रिय सेवा में वापस आ जाएगा। सुरक्षा और सुरक्षा सावधानियों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ग्राउंड टीमें भारतीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। हम भारतीय अधिकारियों और तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं।' बता दें कि स्टेल्थ लड़ाकू विमान ने 14 जून को तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की थी। अब यह विमान अमेरिकी निर्माता लॉकहीड मार्टिन के इंजीनियरों की एक टीम के आने का इंतजार कर रहा है, जो तकनीकी खराबी को दूर करने में मदद करेगी।

यह उन्नत लड़ाकू विमान ब्रिटेन के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है, जो वर्तमान में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तैनात है।



- एक ब्रिटिश एफ-35बी विमान तकनीकी खराबी आने के कारण मरम्मत के लिए रुका हुआ है
- 'मरम्मत और सुरक्षा जांच पूरी हो जाने के बाद विमान सक्रिय सेवा में वापस आ जाएगा

निर्देश | अमरनाथ यात्रियों को निर्देश

# अकेले नहीं जाएंगें कहीं भी, रोडबंदी भी होगी लागू

■ **सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू, 27 जून (देशबन्धु)। अमरनाथ यात्रा के दौरान हाइब्रिड आतंकियों और स्टिकी बमों से निपटने को की जा रही तैयारियों में सुरक्षाधिकारियों की वह चेतावनी सबसे प्रमुख है जिसमें शिरकत करने वाले श्रद्धालुओं से कहा जा रहा है कि न ही वे अकेले में कहीं घूमेंगे और न ही अपने निजी वाहन को लेकर जम्मू से यात्रा को निकलेंगे।

यात्रा की सुरक्षा से जुड़े एक अधिकारी के बकौल, पहले जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर अमरनाथ श्रद्धालुओं को अकेले यात्रा करने से नहीं रोका जाता था। पर अब खतरे को भांपते हुए ऐसा करने के लिए कथित तौर पर राजमार्ग पर रोडबंदी भी की जाएगी।

रोडबंदी अर्थात अमरनाथ यात्रा के काफिलों के गुजरने के समय राजमार्ग पर अन्य वाहनों को चलने की अनुमति नहीं होगी। न ही अन्य लोग राजमार्ग पर पैदल भी चल पाएंगें। रोडबंदी की रणनीति पुलवामा हमले के उपरांत से ही अपनाई जा रही है जिसके तहत जब श्रद्धालुओं का काफिला जम्मू के बेस कैंप से पहलगाम और बालटाल के लिए निकलता है तो सभी संपर्क मार्गों पर कांटेदार तार लगा सभी की आवाजाही रोक दी जाती रही है। अब ऐसी ही आवाजाही की रोक श्रद्धालुओं पर भी लागू होगी जिन्हें तय समय और तय दिन पर ही जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से सुरक्षा व्यवस्था के नियमों को पालन करमे हुए अपनी यात्रा शुरू करनी होगी।

हालांकि सुरक्षाबल अभी तक स्टिकी बमों के खतरे से निपटने के उपाय नहीं खोज पाएं हैं जिनके प्रति खुफिया अधिकारी चेतावनी दे रहे हैं कि आतंकी और हाइब्रिड आतंकी ओजीडब्ल्यू की मदद से स्टिकी बमों का इस्तेमाल कर श्रद्धालुओं को नुक्सान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। याद रहे स्टिकी बमों का खतरा पिछले कुछ सालों से पूरे प्रदेश में बना हुआ है। आतंकी इनका इस्तेमाल कर एक बार वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं की यात्री बस को उड़ा कर चार की जान ले चुके हैं जबकि स्टिकी बमों से विस्फोटों के 5 मामले ही पूरे प्रदेश में अभी तक सामने आए हैं पर बरामदगियां दर्जनों हो चुकी हैं। इसलिए सुरक्षाबल इस खतरे को कम करके नहीं आंकना चाहते हैं।



- यात्रा के काफिलों के गुजरने के समय राजमार्ग पर अन्य वाहनों को चलने की अनुमति नहीं होगी
- आतंकी स्टिकी बमों का इस्तेमाल कर श्रद्धालुओं को नुक्सान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं

# अभिमत

**फसलों की कटाई हाथ से हंसिए से की जाती है। ठंडल बहुत छोटे होते हैं और उन्हें जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे मिट्टी की सेहत भी अच्छी होती है। इसके फसलों के ठंडल भूमि में सड़कर जैव खाद बनाते हैं, मिट्टी को उर्वर बनाते हैं। इसके साथ, फल्ली वाली फसलों की पत्तियां मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में सहायक हैं। किसानों का जाना-माना तरीका रहा है। मिट्टी को उर्वर बनाने के लिए मिश्रित खेती की पद्धतियां मददगार हैं।**

## छत्तीसगढ़ में उतेरा खेती की पहल

**नवाचार**

■ **बाबा मायाराम**

छत्तीसगढ़ में पारंपरिक खेती काफी समृद्ध रही है। यहां खेती में काफी विविधता है। यह इलाका, न केवल धान की खेती के लिए जाना जाता है,बल्कि विविध तरह की खेती की भी इसकी पहचान रही है। आज इस कॉलम में इसी पर चर्चा करना चाहूंगा, जिससे खेती के साथ पशुपालन, खान-पान की संस्कृति को समझा जा सके।

छत्तीसगढ़ में परंपरागत रूप से उतेरा खेती होती है। उतेरा खेती में एक फसल कटने से पहले दूसरी फसल को बोया जाता है। यानी दूसरी फसलों की बुआई पहली फसल कटने के पहले ही कर दी जाती है।

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। यहां की प्रमुख फसल धान है। धान की फसल जब खड़ी रहती है, जब उसमें फूल आने लगते हैं, फसलों में करीब आधे प्रतिशत फूल आ जाते हैं, तब उसमें दूसरी फसलें बोई जाती हैं। यह समय अक्टूबर आखिर में या नवंबर के पहले हफ्ते का होता है।

यानी बारिश की नमी में धान की फसल के बीच तिवड़ा ( खेसरी दाल),बटरी, अलसी, उड़द, सरसों व चना के बीज छिड़क दिए जाते हैं। इसमें सावधानी रखनी होती है कि खेत का पानी सूख जाए तभी बीजों का छिड़काव किया जाता है। इन फसलों को अलग-अलग नमी के हिसाब से छिड़कते हैं, या बोते हैं, एक साथ नहीं। यह किसानों का इसका पारंपरिक ज्ञान है। इसके बाद फसलें धीरे- धीरे उग जाती हैं।

धान कटाई बहुत ही सावधानी से की जाती है, जिससे दूसरी फसलों को नुकसान न पहुंचे। खेत में धान के डंठलों के बीच से तिवड़ा उग जाता है, जिसके पौधे को ठंडलों से मदद भी मिलती है।

मार्च के आसपास यह फसलें तैयार हो जाती हैं और फिर काट ली जाती हैं। यानी बारिश की नमी में ही दूसरी फसलें भी पक जाती हैं। यह छत्तीसगढ़ के किसानों का परंपरागत तरीका है।

इसी प्रकार, यहां किसान खेतों की मेड़ों पर भी अरहर, तिली, गजा मूंग, अमाड़ी , भिंडी, बरबटी, झुरगा ( बरबटी की तरह), चुटचुटिया( ग्वारफली) आदि लगाते हैं। यानी खेत में धान, उतेरा में तिवड़ा, अलसी, बटरी, सरसों, उड़द, चना आदि लगाते हैं और मेड़ पर भी अरहर, तिली, हरी सब्जियां लगाते हैं।

एक खेत में धान यानी चावल, दलहन व तिलहन सब कुछ हो जाता है। छत्तीसगढ़ की खान-पान की संस्कृति, तीज-त्यौहार व खेती से जुड़े हैं। यहां का प्रमुख भोजन चावल है, यानी भात और दाल। सब कुछ किसान खेतों में उगा लेते हैं। अतिरिक्त फसलें होने से आर्थिक लाभ भी होता है। भोजन में भी पोषण मिलता है। यह मिश्रित फसलों का परंपरागत तरीका है।

पशुपालन भी इससे जुड़ा है। धान का पैरा ( ठंडल) मवेशियों को चराने के काम आता है। बैल खेतों में जुताई करते थे। यह सब एक दूसरे से जुड़ा है। फसलों की कटाई हाथ से हंसिए से की जाती है। ठंडल बहुत छोटे होते हैं और उन्हें जलाने की जरूरत नहीं पड़ती।

इससे मिट्टी की सेहत भी अच्छी होती है। इसके फसलों के ठंडल भूमि में सड़कर जैव खाद बनाते हैं, मिट्टी को उर्वर बनाते हैं। इसके साथ, फल्ली वाली फसलों की पत्तियां मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में सहायक हैं। किसानों का जाना-माना तरीका रहा है। मिट्टी को उर्वर बनाने के लिए मिश्रित खेती की पद्धतियां मददगार हैं। इस तरह की खेती देश के कई इलाकों में प्रचलित रही है।

उतेरा की फसलों का भूसा भी काफी पौष्टिक होता है,जिसे पशु बहुत पसंद करते हैं। यहां की संस्कृति में पशुपालन का काफी महत्व था। हालांकि इसमें ट्रेक्टर की खेती से कमी दिखाई देती है। लेकिन बिलासपुर जिले में जन स्वास्थ्य सहयोग ने कुछ गांवों में खेती में सामूहिक फैंसिंग की पहल की है, जिससे आवारा पशुओं व जंगली जानवरों से फसलों को नुकसान न पहुंचे।

बिलासपुर जिले के कोटा विकासखंड के करका, मानपुर और छपरवा गांव में सामूहिक तारबंदी का काम हुआ है, जिससे किसानों को रखवाली नहीं करनी पड़ती। इसके लिए सबसे पहले गांव में सामूहिक एकता बनाई गई। गांव में घर-घर से चंदा इकट्ठा किया गया। कुछ मदद सरकार से ली गई। श्रमदान किया गया। तब जाकर सामूहिक फैंसिंग का काम पूरा हुआ।

सामूहिक फैंसिंग की जरूरत इसलिए भी पड़ी, अगर हर किसान अपने खेत की बागुड़ करेगा तो बहुत खर्च आएगा, फिर इससे किसानों के खेतों में आवाजाही में भी बाधा आएगी। यह व्यावहारिक हल भी नहीं है। इसलिए संस्था ने गांव की जनभागीदारी से यह पहल की है, जिससे खेतों में फसल सुरक्षा भी हो सके और लोगों के खान-पान में पौष्टिकता व विविधता भी आ सके।

किसानों ने इस वजह से उतेरा की फसलें बोनी शुरू कर दी हैं। इससे भोजन में पौष्टिकता बढ़ेगी, हरी पत्तीदार सब्जियां ( तिवड़ा) मिलेगी, पशुओं को चारा मिलेगा। और मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ेगी।

इसके साथ, संस्था ने पौष्टिक अनाजों की खेती व देसी बीजों की खेती को भी बढ़ावा दिया है। संस्था के परिसर में मडिया, कांग, कोदो, कुटकी, सांवा जैसी फसलें उगाई जाती हैं, और किसानों को इन फसलों को बोने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

चूंकि संस्था स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करती है। यहां के डॉक्टरों का मानना है कि बीमारी का इलाज करने के साथ उसकी रोकथाम भी जरूरी है। उसके लिए पौष्टिक भोजन भी जरूरी है। संस्था ने इसके लिए कृषि व पशु स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया है, जिससे तहत पौष्टिक व देसी धान की खेती व पशुओं का इलाज किया जाता है। इसी के तहत यह अनूठी पहल की जा रही है।

परंपरागत खेती में अच्छी बात यह है कि इसमें लागत कम है या नहीं के बराबर होती है। देसी बीजों के संरक्षण पर इसमें जोर दिया जाता है। किसानों के पास धान व अन्य फसलों के देसी बीज उपलब्ध होते थे। अब इसमें कमी आई है, इसलिए संस्था ने इसके लिए बीज बैंक भी बनाया है, जिसके तहत किसानों को देसी बीज दिए जाते हैं और फसलों की तकनीक का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जिससे नई तकनीकें भी शामिल हैं।

परंपरागत खेती में आत्मनिर्भरता होती है। किसानों का खुद का देसी बीज, गोबर खाद और मेहनत होती है और इसमें पीढ़ियों के पारंपरिक ज्ञान का उपयोग होता है। यह स्वावलंबी होती है। जबकि रासायनिक आधुनिक खेती में बीज, खाद और कीटनाशक सभी कुछ बाजार से खरीदा जाता है। इसमें किसान की लागत बढ़ती है, किसान परावलंबी होता है।

लेकिन पिछले कुछ समय से इसमें कमी आई है। अब बैलों की जगह ट्रेक्टर से जुताई व फसलों की कटाई हारवेस्टर से होने लगी है। इसमें ठंडल बड़े होते हैं और इसे दूसरी फसल बोने के लिए किसान ठंडलों को जलाते हैं। इससे प्रदूषण होगा और गर्मी की धान की फसल बोने से भूजल में कमी आएगी।

कुल मिलाकर, उतेरा की फसल बहुत ही उपयोगी है। हालांकि यह पहल छोटी है, पर इससे काफी कुछ सीखा जा सकता है। इससे किसानों को धान के साथ दलहन, तिलहन और अतिरिक्त उपज मिल जाती है। बारिश की नमी का उपयोग भी हो जाता है। दलहन व फली वाली फसलों से खेतों को नत्रजन भी मिलती है। भोजन के लिए चावल, दाल और सब्जियां मिल जाती हैं, जो छत्तीसगढ़ की खान-पान की संस्कृति भी है। यह खेती मिट्टी पानी के संरक्षण वाली है, जैव-विविधता व पर्यावरण का संरक्षण भी इससे होता है।

> **परंपरागत खेती में अच्छी बात यह है कि इसमें लागत कम है या नहीं के बराबर होती है। देसी बीजों के संरक्षण पर इसमें जोर दिया जाता है। किसानों के पास धान व अन्य फसलों के देसी बीज उपलब्ध होते थे। अब इसमें कमी आई है, इसलिए संस्था ने इसके लिए बीज बैंक भी बनाया है, जिसके तहत किसानों को देसी बीज दिए जाते हैं और फसलों की तकनीक का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जिससे नई तकनीकें भी शामिल हैं।**

## बीता सप्ताह

**21 जून**
- 2024 के चुनावी खर्च को लेकर एडीआर ने किया खुलासा कि भाजपा ने 1494 और कांग्रेस ने किए 620 करोड़ खर्च।
- स्वीस नेशनल बैंकों के आंकड़ों से पता चला कि स्विस बैंक में भारतीयों के 37600 करोड़ जमा है।
- राहुल गांधी ने एक आयोजन में कहा कि अंग्रेजी भाषा शर्म नहीं शक्ति है।
- बैंक धोखाधड़ी के मामलों में उद्योगपति रतुंलपुरी को दिल्ली की अदालत ने आरोप मुक्त कर दिया।

**22 जून**
- 21 जून को हिमालय की चोटियों से लेकर समुद्री पोतों तक देशभर में हुआ योग।
- अहमदाबाद विमान हादसे में एक्शन लेते हुए एयर इंडिया के 3 अफसरों को हटाया गया।
- नीरज चोपड़ा ने जीता पेरिस डायमंड लीग का खिताब।
- तुर्की के राष्ट्रपति रेसंप तैयप एर्दोगन और अर्मेनिया में प्रधानमंत्री निकोल पाशिनमान ने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।

**23 जून**
- अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर किया हमला।
- ईरान से 311 भारतीय नागरिकों को लेकर एक विशेष विमान दिल्ली पहुंचा। ऑपरेशन सिंधु के तहत।
- अत्याधुनिक युद्धपोत तमाल नौसेना में होगा शामिल।
- इजरायली सेना ने गाजा से तीन मृत बंधकों का शव लौटाया।

**24 जून**
- भारतीय हॉकी टीम के सदस्य ललित उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से लिया सन्यास।
- अमेरिकी शोधकर्ताओं ने खतरनाक फंगस से बनाई कैंसर की दवा।
- भारत-फ्रांस सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति फ्रांस के कैंप लारजैन, ला कावेलरी में जारी है।
- ईरान के समर्थन में आया रूस राष्ट्रपति पुतिन ने अमेरिकी हमलों की निंदा की।

**25 जून**
- सीजफायर शुरू होने के ढाई घंटे बाद टूटा ट्रंप का सीजफायर। ईरान ने इजरायल पर दागी मिसाइलें।
- ऑपरेशन सिंधु के तहत 326 और भारतीय नागरिक इजरायल से दिल्ली पहुंचे।
- शोध ने खोजा बचपन के दुर्लभ ब्रेन डेवलपमेंट डिसऑर्डर का जीन से संबंध।
- चीन के किंगदाओं में शंघाई, सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

**26 जून**
- भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सिओम 4 मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए।
- शिरोमणि अकाली दल नेता पूर्व मंत्री विक्रम सिंह मजेठिया अवैध संपत्ति मामले में गिरफ्तार।
- सीबीएसई ने 2026 में साल में दो बार कक्षा 10वी की परीक्षा लेने का निर्णय लिया।
- 25 जून आपातकाल की 50वीं सालगिरह पर पीएम मोदी ने कहा कि लोकतंत्र का काला अध्याय है आपातकाल।

**27 जून**
- अंतरराष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध हास्य कवि छत्तीसगढ़ के डॉ. सुरेन्द्र दुबे का निधन हो गया।
- शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में संयुक्त वक्तव्य में पहलगाम का जिक्र नहीं होने से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हस्ताक्षर नहीं किए।
- शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।
- ऑपरेशन सिंधु के तहत 272 भारतीय ईरान से दिल्ली पहुंचे।

## गाजा में बीमार भूखे फिलिस्तीनियों की हत्याएं सबसे बड़ी मानवीय त्रासदी

■ **असद मिर्जा**

इजरायल-ईरान मिसाइल युद्ध ने जहां एक ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है, वहीं गाजा में निर्दोष और निहत्थे फिलिस्तीनियों की इजरायल द्वारा हत्या को लगभग अनदेखा किया गया। कथित तौर पर, अमेरिकी राहत संगठन द्वारा चलाये जा रहे सहायता केंद्रों या खाद्य केंद्रों के पास 450 फिलिस्तीनियों की हत्या की खबर आयी है। लेकिन तथाकथित इस्लामी देश और यहां तक कि भारत, जिसने हमेशा फिलिस्तीनी मुद्दों की वकालत की है, चुप है। सवाल यह है कि हम कब तक इजरायली सेना द्वारा भूखे फिलिस्तीनियों की इन क्रूर और अमानवीय हत्याओं को जारी रहने देंगे। पिछले 14 दिनों से ऐसा लग रहा है कि दुनिया गाजा को भूल गयी है। इन 14 दिनों के दौरान इजरायल रक्षा बल ( आईडीएफ) द्वारा निहत्थे फिलिस्तीनियों को गोली मारे जाने की कई रिपोर्टें सामने आयी हैं।

17 जून को, दक्षिणी गाजा में इजरायली सेना द्वारा अमेरिकी-इजरायली सहायता के वितरण के दौरान एक ही दिन में 70 फिलिस्तीनी मारे गये - विशेष रूप से खान यूनिस और राफा में।

डेली टाइम्स ऑफ इजरायल ने 25 जून को रिपोर्ट की कि गाजा में, इजरायली बलों ने (24 जून को 71 फिलिस्तीनियों को मार डाला, जिनमें कम से कम 50 लोग ऐसे थे जो सहायता प्राप्त करने की प्रतीक्षा कर रहे थे। मृतकों में कम से कम 27 लोग शामिल हैं जो मध्य गाजा में भोजन की प्रतीक्षा कर रहे नागरिकों पर इजरायली हमले में मारे गये, एक ऐसा हमला जिसमें दर्जनों लोग घायल भी हुए और एक राहत स्थल को एक फिलिस्तीनी अधिकारी ने 'मौत का खुला मैदान' कहा।

> **दक्षिणी शहर राफा में गवाहों ने कहा कि इजरायली सैनिकों ने गोलीबारी की, क्योंकि भीड़ जीएचएफ द्वारा संचालित एक अन्य खाद्य वितरण स्थल तक पहुंचने की कोशिश कर रही थी। दो गवाहों ने कहा कि वितरण स्थल से कई सौ मीटर दूर शाकौश क्षेत्र में हजारों फिलिस्तीनियों के इकट्ठा होने पर इजरायली सैनिकों ने गोलीबारी शुरू कर दी।**

कथित मौतों पर प्रतिक्रिया देते हुए, इजरायली रक्षा सेना ( आईडीएफ)ने बाद में कहा कि मध्य गाजा में नेत्ज़ारिम गलियारे में उसके सैनिकों के 'आसन्न' क्षेत्र में रात भर एक भीड़ की पहचान की गयी थी, जहां अमेरिका और इज़राइल समर्थित गाजा मानवतावादी फाउंडेशन ( जीएचएफ) सहायता समूह को भोजन वितरित करने के लिए जाना जाता है।

इस महीने की शुरुआत में, आईडीएफ ने फिलिस्तीनियों को स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे के बीच गाजा मानवतावादी फाउंडेशन साइटों की ओर जाने वाले मार्गों पर न जाने की चेतावनी दी थी, उन सड़कों को बंद सैन्य क्षेत्र बताया था। हालांकि, जीएचएफ ने विरोधाभासी रूप से संकेत दिया है कि यह उन घंटों के दौरान खुला हो सकता है।

मध्य गाजा में, तीन गवाहों ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि सेना ने तब गोलीबारी की जब लोग वादी गाजा के दक्षिण में सहायता ट्रकों की ओर पूर्व की ओर बढ़ रहे थे। 'यह एक नरसंहार था,' अहमद हलावा ने कहा। उन्होंने कहा कि टैंकों और ड्रोन ने लोगों पर गोलीबारी की, 'जब हम भाग रहे थे। कई लोग या तो शहीद हो गये या घायल हो गये।'

एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी, होसम अबूशाहदा ने कहा कि ड्रोन क्षेत्र के ऊपर उड़ रहे थे, भीड़ पर नज़र रख रहे थे, फिर जब लोग पूर्व की ओर बढ़ रहे थे, तो टैंकों और ड्रोन से गोलीबारी हुई। उन्होंने लोगों द्वारा भागने की कोशिश के दौरान एक 'अराजक और खूनी' दृश्य का वर्णन किया।

दक्षिणी शहर राफा में गवाहों ने कहा कि इजरायली सैनिकों ने गोलीबारी की, क्योंकि भीड़ जीएचएफ द्वारा संचालित एक अन्य खाद्य वितरण स्थल तक पहुंचने की कोशिश कर रही थी। दो गवाहों ने कहा कि वितरण स्थल से कई सौ मीटर दूर शाकौश क्षेत्र में हजारों फिलिस्तीनियों के इकट्ठा होने पर इजरायली सैनिकों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

हमास स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी किये गये आंकड़ों के अनुसार, मई के अंत से सहायता मांगते समय इजरायली गोलीबारी में कम से कम 450 लोग मारे गये और लगभग 3,500 घायल हुए। बचाव कर्मियों के अनुसार, कई घटनाएं जीएचएफ द्वारा संचालित स्थलों के पास हुईं।

सहायता वितरण में हमास को रोकने के लिए स्थापित अमेरिका और इजरायल समर्थित संगठन जीएचएफ ने मंगलवार को इजरायली सेना से शिकायत की कि वादी गाजा साइट की ओर जा रहे 'हमारे काफिलों पर इजरायली सैनिकों द्वारा संभावित उत्पीड़न' किया जा रहा है।

इजरायल ने कहा कि 79 मानवीय सहायता ट्रक सोमवार को केरेमशालोम और ज़िकिम क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा पट्टी में प्रवेश कर गये, उसने वितरण स्थलों के पास संदिग्ध लोगों पर चेतावनी शॉट फायर करने की बात स्वीकार की है, लेकिन नागरिकों को निशाना बनाने या युद्ध के हथियार के रूप में भुखमरी का उपयोग करने से इनकार किया है, और हमास पर सहायता वितरण को हाईजैक करने और नागरिकों के बीच घुसने का आरोप लगाया है।

जेनेवा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रवक्ता थामीनअल-खेतन ने कहा, 'इजरायल ने मानवीय सहायता तंत्र का सैन्यीकरण कर दिया है।'

यह पूछे जाने पर कि क्या इजरायल खाद्य वितरण को हथियार बनाने का दोषी है, उन्होंने कहा, 'कानूनी निर्धारण न्यायालय द्वारा किया जाना चाहिए। लेकिन, नागरिकों के लिए खाद्य पदार्थों का हथियारीकरण, जीवन-निर्वाह सेवाओं तक उनकी पहुंच को प्रतिबंधित करने या रोकने के अलावा, एक युद्ध अपराध है और, कुछ परिस्थितियों में, अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अन्य अपराधों के तत्व भी बन सकते हैं।'

फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख ने भी जीएचएफ प्रणाली पर निशाना साधा। यूएनआरडब्ल्यूए प्रमुख फिलिप लाज़ारिनी ने बर्लिन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'नवनिर्मित तथाकथित सहायता तंत्र एक घृणित चीज़ है, जो हताश लोगों को अपमानित करती है। यह एक मौत का जाल है जो बचाने से ज़्यादा लोगों की जान ले लेता है।'

'यूएनआरडब्ल्यूए सहित मानवीय समुदाय के पास विशेषज्ञता है और उन्हें अपना काम करने और सम्मान और गरिमा के साथ सहायता प्रदान करने की अनुमति दी जानी चाहिए,' लाज़ारिनी ने कहा। 'गाजा पट्टी में भूखमरी की चुनौतियों का समाधान करने के लिए कोई अन्य विकल्प नहीं है।'

इज़राइल ने यूएनआरडब्ल्यूए पर हमास के गुर्गों को प्रश्रय प्रदान करने का आरोप लगाया है और इस वर्ष की शुरुआत में एजेंसी को इज़रायली धरती पर काम करने या अधिकारियों से संपर्क करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

संयुक्त राष्ट्र और प्रमुख सहायता समूहों ने जीएचएफ के साथ सहयोग करने से इनकार कर दिया है क्योंकि उन्हें लगता है कि इसे इज़रायली सैन्य उद्देश्यों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया था। मार्च की शुरुआत में हमास के साथ पिछले युद्धविराम-बंधक समझौते के टूटने के बाद इज़रायल द्वारा पट्टी पर लगाये गये लगभग तीन महीने के नाकेबंदी के बाद जीएचएफ ने गाजा में 19 मई से काम करना शुरू किया है।


यह आश्चर्य की बात है कि तथाकथित इस्लामी देशों में से किसी ने न तो हत्याओं की गंभीर निंदा की है और न ही सहायता योजना ही बनायी है। इस्लामी देशों का सबसे बड़ा संगठन आईओसी अपने पड़ोस में ही मारे जा रहे मुसलमानों से ज़्यादा भारतीय मुसलमानों की दुर्दशा के बारे में चिंतित है। वेबसाइट ट्रुथआऊटडॉटऑर्ग में अपने लेख में दलिया अबू रमज़ान ने सही कहा है कि गाजा में मानवीय संकट सिर्फ एक मानवीय त्रासदी नहीं है,यह इस भूमि पर हर जीवित प्राणी के लिए एक व्यापक आपदा है। युद्ध की शुरुआत से ही, जानवरों को भी नहीं बख्शा गया है - घोड़ों और गधों को जानबूझ कर मार दिया जाता है और नष्ट कर दिया जाता है ताकि वे हमें चलने और जीवित रहने में मदद न कर सकें। जानवरों को जानबूझ कर निशाना बनाना आबादी को स्थिर करने और हमारी पीड़ा को बढ़ाने की एक व्यवस्थित रणनीति का हिस्सा है। ये जानवर, जो कभी हमारे जीवन का अभिन्न अंग और समर्थन का एक महत्वपूर्ण स्रोत थे, अब भूख और जानबूझ कर हत्या के कारण मौत के कगार पर हैं, दलिया ने लिखा।

## गहराई से समझना होगा अमेरिका-ईरान-इजरायल विवाद को

कई दिनों तक दुनिया यह अनुमान लगाती रही कि क्या अमेरिका इजरायल-ईरान हवाई युद्ध में शामिल होगा या नहीं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आखिरकार 22 जून को नाटकीय तरीके से ईरान को दी अपनी धमकियों पर अमल किया। ट्रम्प लगातार 'मैं यह कर सकता हूं, मैं ऐसा नहीं कर सकता' जैसी भ्रम फैलाने वाली बातें कर अनिश्चितता का माहौल बना रहे थे लेकिन उस दिन अमेरिकी वायु सेना और नौसेना ने बंकर बस्टर बम तथा टॉमहॉक मिसाइलों का उपयोग कर ईरान के फोर्डो, नतांज व इस्फ़हान परमाणु सुविधा केंद्रों पर हमला कर दिया। इजरायल-ईरान युद्ध में पहले से ही दोनों देशों में कई मौतें हो चुकी हैं और बुनियादी ढांचे को बहुत नुकसान पहुंच चुका है।

इसके तुरंत बाद ट्रम्प ने यह घोषणा करके शांति दूत के वस्त्र धारण कर लिए कि ईरान और इजरायल दोनों 12-दिवसीय संघर्ष के विराम के लिए सहमत होंगे जिसमें अमेरिका को शामिल होने के लिए मजबूर किया गया था। फिलहाल संघर्ष विराम जारी है।

हालांकि एक समय था जब अमेरिका मध्य पूर्व में ईरान के हमलों की जांच करने में असहाय था।



वाप्पला बालाचंद्रन

> **1980 के दशक के दौरान ईरान ने अमेरिका को बार-बार झटका दिया जिससे उसे दबाव में बातचीत करने के लिए मजबूर होना पड़ा। 23 अक्टूबर 1983 को लेबनानी गृहयुद्ध में हस्तक्षेप के लिए पहुंचे अमेरिकी समुद्री जहाज 'पीसकीपर्स' को एक ईरानी आत्मघाती हमलावर इस्माइल अस्करी ने ट्रक बम से उड़ा दिया जिसमें 241 अमेरिकी नौसैनिक मारे गए। इस हमले में 18,000 पाउंड विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया था।**

इसकी शुरुआत 14 फरवरी 1979 को तेहरान दूतावास की घेराबंदी से हुई थी जब उनके 52 कर्मचारियों को एक वर्ष से अधिक समय तक बंधक बनाकर रखा गया था। उस अवधि के दौरान कोई भी बड़ी शक्ति, यहां तक कि इजरायल भी वाशिंगटन डीसी और अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी शासन के बीच मध्यस्थता करने में मदद करने को तैयार नहीं था।

अवर्गीकृत सोवियत दस्तावेजों से पता चला कि तब अफगानिस्तान के घटनाक्रम से चिंतित सोवियत नेतृत्व को यह भी डर था कि अमेरिका शाह राजशाही के पतन को रोकने के लिए सैन्य हस्तक्षेप करेगा।

यद्यपि मास्को को विश्वास था कि खुमैनी शासन अमेरिकी प्रभाव को समाप्त कर देगा। 1979 से तेहरान में तैनात केजीबी अधिकारी लियोनिद शेबर्शिन ने अपने संस्मरणों में कहा था कि उनके प्रमुख यूरी एंड्रोपोव को कोई भरोसा नहीं था कि खुमैनी क्रांति सोवियत योजनाओं के अनुसार आगे बढ़ेगी। शेबर्शिन ने यह भी दावा किया कि उनके पास सबूत हैं कि 24 अप्रैल 1980 को 'ऑपरेशन ईगल क्लॉ' के माध्यम से बंधकों को बचाने के लिए अमेरिका के असफल प्रयास में तेहरान में शासन परिवर्तन के लिए 'अधिक दूरगामी उद्देश्य' थे। क्या ट्रम्प अब ऐसा करने का प्रबंध करेंगे?

थॉमस एल. फ्रीडमैन (न्यूयॉर्क टाइम्स, 22 नवंबर, 1986) के अनुसार, इजरायल 1979 में खुमैनी सरकार से जुड़ने के लिए एक चैनल खोलने के लिए 'क्रांतिकारी तेहरान में ईरानी सेना के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों और क्रांतिकारी तेहरान के अन्य तत्वों' के साथ अपनी खुफिया जानकारी के माध्यम से संबंध बनाने में व्यस्त था। यह ईरानी यहूदियों को देश से बाहर निकालने के लिए 'निहित ईरानी सहयोग' हासिल करना था। फ्रीडमैन ने कहा कि -इजरायल के तत्कालीन प्रधानमंत्री मेनाचेम बिगिन ने तेहरान को थोड़ी मात्रा में हथियार व स्पेयर पार्ट्स भेजने शुरू किये। हालांकि उन्होंने कहा कि इजरायल के इस तर्क का अमेरिका समर्थन नहीं करता है कि 'वाशिंगटन को हथियारों के सारे हस्तांतरण के बारे में सूचित किया गया था और उसने इसका मौन रूप से अनुमोदन किया था'। फ्रीडमैन ने महसूस किया कि खुमैनी शासन के एक वर्ग के साथ इजरायल के संबंध ईरान में यहूदियों को चरमपंथियों के गुस्से से बचाने की एक 'सामरिक चाल' थी तथा '1980 के दशक के मध्य में अपने ईरानी सैन्य संपर्कों के 'विलुप्त हो जाने' से पहले कुछ उपयोगी खुफिया जानकारी हासिल कर सकते थे'।

29 जनवरी, 2025 को राणा नेजाद ने इसकी पुष्टि की थी जिन्होंने पहले द वाशिंगटन पोस्ट के साथ काम किया था। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि दोनों देशों ने महसूस किया कि गुप्त संबंध बनाए रखना रणनीतिक रूप से फायदेमंद होगा। परिणामस्वरूप शाह मोहम्मद रजा पहलवी के पतन के बाद 'तेहरान ने सार्वजनिक रूप से इजरायल के अस्तित्व के अधिकार से इनकार कर दिया था', फिर भी ईरान और इजरायल प्रति वर्ष लाखों डॉलर के व्यापार में संलग्न रहे।

नेजाद के अनुसार इस गुप्त गठबंधन में कई कारणों का योगदान था। खुमैनी शासन को 'दुनिया की छठी सबसे बड़ी सेना, विदेशी भंडार में 26 अरब डॉलर, एक दिन में 105 लाख डॉलर का तेल उत्पादन करने वाला तेल उद्योग और इजरायल के साथ घनिष्ठ संबंध' विरासत में मिला था। इजिप्त के राष्ट्रपति गमाल नासिर और सोवियत संघ से सुरक्षा खतरों के कारण शाह ने इजरायल के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए थे। यद्यपि खुमैनी ने शाह की सेना को 60 प्रतिशत तक शुद्ध कर दिया लेकिन वे चाहते थे कि इस गुप्त गठबंधन को बनाए रखा जाए क्योंकि उन्हें सितंबर 1980 और अगस्त 1988 में लड़े गए ईरान-इराक युद्ध के दौरान इराक का सामना करने में इजरायल की मदद की जरूरत थी।

नेजाद का कहना है कि 1985 तक इजरायल सरकार और निजी हथियार डीलरों द्वारा बुक किए गए चार्टर्ड डेनिश मालवाहक जहाजों ने फारस की खाड़ी के माध्यम से बंदर अब्बास के ईरानी बंदरगाह तक अमेरिकी निर्मित हथियार ले जाने के लिए 600 से अधिक यात्राएं की थीं। 'जब तक युद्ध जारी रहा, इजरायल ने ईरानी सैन्य विमानों की उड़ानें जारी रखी और इजरायली सैन्य प्रशिक्षक इस्लामी गणराज्य के सेना कमांडरों को प्रशिक्षित करते रहे'।

इस संबंध में द टाइम्स ऑफ इजरायल ( 14 जून, 2024) ने राष्ट्रीय ईरानी अमेरिकी परिषद के संस्थापक और पूर्व अध्यक्ष त्रिता पारसी के हवाले से एक नया आयाम जोड़ा कि इजरायल ने 1981 के 'ऑपरेशन ओपेरा' से पहले ईरानियों से मूल्यवान खुफिया जानकारी प्राप्त की जो 'इराक की परमाणु महत्वाकांक्षाओं की आधारशिला' ओसिरक परमाणु रिएक्टर का विनाश का कारण बना था। चालीस साल बाद इजरायल अब ईरान की परमाणु परियोजनाओं को नष्ट करने की कोशिश कर रहा है।

1980 के दशक के दौरान ईरान ने अमेरिका को बार-बार झटका दिया जिससे उसे दबाव में बातचीत करने के लिए मजबूर होना पड़ा। 23 अक्टूबर 1983 को लेबनानी गृहयुद्ध में हस्तक्षेप के लिए पहुंचे अमेरिकी समुद्री जहाज 'पीसकीपर्स' को एक ईरानी आत्मघाती हमलावर इस्माइल अस्करी ने ट्रक बम से उड़ा दिया जिसमें 241 अमेरिकी नौसैनिक मारे गए। इस हमले में 18,000 पाउंड विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया था। एफबीआई ने इस विस्फोट को 'द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से पृथ्वी पर सबसे बड़ा गैर-परमाणु विस्फोट' निरुपित किया था। इसके कुछ मिनट बाद हुए एक और आत्मघाती बम विस्फोट में 58 फ्रांसीसी सैनिक मारे गए। नतीजतन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन को लेबनान से अमेरिकी नौसैनिकों को वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

वर्षों बाद 26 सितंबर 1983 को या उसके आसपास अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) ने एक ऐसा संदेश पकड़ लिया था जिसमें ईरानी खुफिया मुख्यालय द्वारा दमिश्क में तत्कालीन ईरानी राजदूत अली अकबर मोहताशमी को एक मौखिक निर्देश था जिसमें उन्हें आतंकवादी समूह इस्लामिक अमल के नेता हुसैन मुसावी को अमेरिकियों के खिलाफ 'असाधारण कृत्य' करने का निर्देश देने के लिए कहा गया था। यह बात 2003 में अमेरिका में एक अदालत के मुकदमे के दौरान सामने आयी थी।

लेबनान गृहयुद्ध के दौरान 1982 में इस्लामिक जिहाद-हिजबुल्लाह ने लगभग 104 विदेशी नागरिकों का अपहरण कर लिया जिनमें ज्यादातर अमेरिकी और पश्चिम यूरोपीय नागरिक थे। इस 'बंधक संकट' ने अमेरिकी राष्ट्रपति रीगन को ईरान के साथ बातचीत करने के लिए मजबूर किया। बंधकों में सीआईए स्टेशन प्रमुख विलियम बकले और नौसेना कर्नल विलियम हिगिंस थे जिन्हें मौत के घाट उतार दिया गया था। इनमें से कुछ बंधकों की रिहाई 'ईरान-कॉन्ट्रा अफेयर' के विषय में थी जिसने रीगन प्रेसीडेंसी को इजरायल के माध्यम से ईरान को हथियार बेचने के लिए गुप्त रूप से सहमत होने और सैंडिनिस्टा विरोधी विद्रोहियों ( कॉन्ट्रास) को निधि देने के लिए मजबूर कर दिया जिसे अमेरिकी कांग्रेस ने 'बोलैंड संशोधन' के माध्यम से प्रतिबंधित कर दिया था। इसका उद्देश्य निकारागुआ सरकार का विरोध करने वाले विद्रोहियों को मिलने वाली सीआईए फंडिंग को रोकना था। 'बंधक घटना' ने रीगन सरकार को हिला दिया था।

ये सारी बातें ब्रिटिश राजनेता और राजनीतिज्ञ लॉर्ड पामर्स्टन के शब्दों को सही साबित करते हैं जिन्होंने कहा था कि 'एक राष्ट्र का कोई स्थायी मित्र या दुश्मन नहीं होता है, केवल स्थायी हित होते हैं'।

**( लेखक कैबिनेट सचिवालय के पूर्व विशेष सचिव हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

उल्टा पुल्टा

कल एक शादी में बारात बहुत लेट हो गई।
मैं तो दुल्हन के पिता के आगे पीछे घूमता रहा।
सोचा- शायद कह दे बेटा हमारी इज्जत रख लो।

# विधायक अमर ने मूक बधिर व मंदबुद्धि दिव्यांग स्कूल का किया शुभारंभ



**बिलासपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। विधायक श्री अमर अग्रवाल ने आज शहर के जगमल चौक में मूक बधिर एवं मंदबुद्धि दिव्यांग स्कूल का शुभारंभ किया। लगभग डेढ़ सौ बच्चे इस विशेष स्कूल में कक्षा पहली से आठवीं तक पढ़ाई कर रहे हैं। मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों को संस्था की ओर से स्कूल बैग वितरित किये। समाजसेवी संस्था सुवाणी शिक्षण समिति द्वारा इस विशेष स्कूल का संचालन एवं बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं संयुक्त संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती श्रद्धा मैथ्यू भी इस मौके पर उपस्थित थी।

मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने रथयात्रा के पावन अवसर पर स्कूल का शुभारंभ करने के लिए प्रबंधन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मूक बधिर एवं मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चे अक्सर विशेष जरूरतों एवं चुनौतियों का सामना करते हैं। उन्हें शिक्षा और विकास का अवसर प्रदान करने के लिए विशेष ध्यान और समर्थन की जरूरत होती है, जो कि इस विशेष स्कूल की स्थापना से संभव हो पायेगा। उन्होंने उम्मीद जताई की यह स्कूल इन विशेष योग्यता वाले बच्चों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करेगा ताकि बच्चे जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने अतिथियों का स्वागत किया और उनके सम्मान में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर समाजसेवी एसपी चतुर्वेदी, श्यामसुन्दर तिवारी, प्रशांत बुधिया, पवन अग्रवाल, सुरेन्द्र वर्मा, श्रीमती सरिता सिंह राधा फाउण्डेशन, स्कूल के प्राचार्य आरजे सिंह, पार्षद मोती गंगवानी सहित बड़ी संख्या में बच्चे, उनके पालक, स्कूल के शिक्षक एवं कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# हर बच्चे में है एक विशेष योग्यता,जरूरत है उसे निखारने की-कलेक्टर

## मन्नाडोल प्राथमिक स्कूल के शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए कलेक्टर



**बिलासपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल बिल्हा ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला मन्नाडोल के शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर प्रवेश दिलाया। उन्हें किताबें और गणवेश भी वितरित किए। उन्होंने बच्चों का तिलक से स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। वर्तमान में सभी विद्यालयों में शासन के निर्देशानुसार शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के मन्नाडोल में शाला प्रवेश उत्सव एवं नेवता भोज का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, सहायक कलेक्टर अरविंथ कुमारन डी,जिला मिशन समन्वयक ओम पांडे, सहायक परियोजना अधिकारी अखिलेश तिवारी, शहरी स्त्रोत समन्वयक वासुदेव पांडे, सेवानिवृत्ति एडीपीओ रामदत्त गौरहा, संकुल प्रभारी अजीत कुजूर,वार्ड पार्षद वैजयंती जोशी, शैक्षिक समन्वयक आशीष वर्मा,शैक्षिक समन्वयक बिजौर मनोज सिंह ठाकुर, शैक्षिक समन्वयक तिफरा सुनील पांडे एवं संकुल सिरगिट्टी के सभी प्रधान पाठक एवं शिक्षक उपस्थित थे।

कलेक्टर ने मन्नाडोल में अवर एम फाउंडेशन की ओर से कराए गए लगभग 17 लाख से निर्मित शाला परिसर में प्रधान पाठक कक्ष, मेंन गेट, बाउंड्री वॉल, चेकर टाईल्स, मध्यान भोजन कक्ष, पुस्तकालय, टॉयलेट यूरिनल आदि का उद्घाटन भी किया। स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गई। विद्यालय के होनहार बच्चों ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' के थीम पर देशभक्ति नृत्य से अतिथियों का अभिनंदन किया जिससे अधिकारी अभिभूत हो गए। शाला परिसर में वृक्षारोपण भी मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। ''सांस हो रही है काम आओ पेड़ लगे हम'' नारों के बीच न केवल पेड़ लगाया गया बल्कि उसे जिंदा रखने के लिए भी शपथ लिया गया।

कभी दो कमरों और 112 बच्चों के साथ संचालित होने वाली मन्नाडोल शाला आज 260 से अधिक बच्चों के साथ पर्याप्त कमरे लाइब्रेरी शौचालय स्मार्ट कक्षा के साथ संचालित हो रही है और यहां के बच्चों ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया है। इस शाला के मोहल्ला क्लास को देखने शिक्षण विभाग के प्रमुख सचिव का भी आगमन हो चुका है। कलेक्टर, सीईओ और डीएमसी के द्वारा शाला का पूर्ण रूप से अवलोकन किया गया और शाला प्रबंधन की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक आर.आर. श्रीवास वरिष्ठ शिक्षक सत्यनारायण मिश्रा, कंचन झा विजयलक्ष्मी वैष्णव, मौसमी साहू, सरिता भार्गव, गंगोत्री साहू, उषा साहू एवं सफाई कर्मचारी प्रदीप साहू उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी-जैन

## अस्पतालों में मरीजों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश

### संभागायुक्त ने ली स्वास्थ्य विभाग की बैठक

### मौसमी बीमारियों से निपटने रहे अलर्ट



**बिलासपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। संभागायुक्त सुनील जैन ने आज कमिश्नर कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग की संभागीय बैठक ली। बैठक में अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, अस्पतालों की व्यवस्थाएं, स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में संभाग के बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, सक्ति एवं बिलाईगढ़-सारंगढ़ जिले के सीएमएचओ, डीपीएम एवं सिविल सर्जन शामिल हुए। संभागायुक्त ने डेंगू, मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और समय पर इलाज उपलब्ध कराया जाए।

बैठक में संभागायुक्त श्री जैन ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। राज्य एवं केन्द्र द्वारा संचालित स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का बेहतर संचालन करें। आयुष्मान कार्ड बनाकर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें। उन्होंने मरीजों को प्रिंटेड पर्ची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने संस्थागत प्रसव में अपेक्षाकृत कम प्रगति पर मुंगेली जिले पर नाराजगी जताई। उन्होंने टीकाकरण एवं एनआरसी की भी समीक्षा की। महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से अधिक से अधिक बच्चों को एनआरसी में भर्ती कर उन्हें सुपोषित करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूलों में अभियान चलाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने कहा। आयुष्मान भारत योजना के तहत वय वंदन कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा अस्पतालों में ओपीडी, आईपीडी की भी समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए।

# छत पर बनाए खुद के बिजलीघर से अनुराग का घर हुआ रोशन

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना



**बिलासपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य सौर ऊर्जा को घरों तक पहुंचाकर उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत सौर ऊर्जा अपनाने वाले नागरिकों को सब्सिडी प्रदान की जाती है। जिले में इस योजना से कई लोगों को फायदा हुआ है। बोदरी निवासी अनुराग शर्मा ने अपने घर की छत पर 7 किलोवॉट का सोलर पैनल लगवाया, तब से उन्हें बिजली के बिल की फिक्र नहीं करनी पड़ती है। पहले जहां हर माह दो से पांच हजार का बिजली बिल दे रहे थे, वहीं अब बिल नहीं आ रहा है उल्टे अतिरिक्त बिजली भी उत्पादित हो रही है। सरकार द्वारा शुरू की गयी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अनुराग शर्मा जैसे कई लोगों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रही है। सूर्य की एनर्जी का इस्तेमाल कर लोग घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। अनुराग शर्मा ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए बताया कि उन्होंने अपनी छत पर 7 किलोवॉट का सोलर पैनल लगाया है। इसके लिए उन्हें सरकार से 78 हजार की सब्सिडी भी मिली है। इससे उन्हें आर्थिक बचत हो रही है। वे कहते हैं कि पहले जहां हर माह दो से पांच हजार बिजली बिल देते थे वहीं अब बिजली बिल क्या होता है हम भूल ही गए हैं। यह बहुत ही अच्छी योजना है सभी को इसका फायदा लेना चाहिए।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना क्या है - इस योजना के अंतर्गत शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छतों पर रूफ टॉप सोलर प्लाण्ट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उक्त स्थापित प्लाण्ट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से जुड़ेगा जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आमदनी भी मिल जाती है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अधिक आय, कम बिजली बिल और नवीन रोजगारों का सृजन होगा तथा नवीनीकृत ऊर्जा स्त्रोत के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

# पर्यटन को बढ़ावा देने रेलवे का देखो अपना देश और एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना

## धार्मिक स्थलों की यात्रा सुरक्षित ट्रेन यात्रा के जरिए, भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन

**बिलासपुर,** 27 जून (देशबन्धु)। रेल मंत्रालय ने देश के विभिन्न भागों से भारत सरकार द्वारा परिकल्पित देखो अपना देश और एक भारत श्रेष्ठ भारत की पर्यटन अवधारणाओं को बढ़ावा देने के उदेश्य से भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन शुरू किया है।




बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए डिप्टी जनरल मैनेजर (कैटरिंग) एस जेराल्ड सोरेंग और झारखंड के टूरिज्म इंचार्ज अरविंद कुमार ने बताया कि भारतीय रेलवे भारत को अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्षेत्र में एक आकर्षक गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करने की हमेशा भारतीय रेल की इन थीम आधारित ट्रेनो की परिकल्पना घरेलू पर्यटको के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से अवगत कराने हेतु की गई है। भारत के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आई आर.सी.टी.सी.) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है जो दिनांक 27.07.2025 (रविवार) को भागलपुर से खुलेगी- जसीडीह, मधुपुर, सुजालपुर, बराकार,धनबाद, बोकारो स्टील सिटी,मुरी,रांची, राउरकेला, झारसुगुड़ा, चांपा,बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग स्टेशन से होते हुए जाएगी जहां यात्रीगण ट्रेन में सवार हो सकेंगे। यह यात्रा 11 रात 12 दिनों की होगी जिसमें तिरुपति, बालाजी, रामेश्वरम,ज्योतिर्लिंग, मदुरई, कन्याकुमारी, मल्लिकार्जुन, ज्योतिर्लिंग आदि का भ्रमण कराया जाएगा। इसके लिए यात्रियों को महज. 22760/- प्रति व्यक्ति (स्लिपर इकॉनोमी श्रेणी) और 39990/- प्रति व्यक्ति (3 एसी स्टैण्डर्ड श्रेणी) का खर्च उठाना होगा।

आईआरसीटीसी,इस सर्वसमावेशी यात्रा की पेशकश कर रहा है जिसमें भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा,ऑनबोर्ड सुरक्षा और ऑफ बोर्ड भोजन,सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक्त बसों में दशनौय स्थलों की यात्रा। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था यात्रा में टूर एस्कॉर्ट यात्रा बीमा।ऑनबोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है। कोविड नियमों का पालन किया जाएगा। दिनांक07.08.2025 को यात्रा समाप्त होगी। बुकिंग के इच्छुक पर्यटक यात्रा संबंधी विस्तत जानकारी एवं बकिंग के लिए आईआरसीटीसी।

कार्यालय 41,शेकसपियर सरणी,डकबैक हाउस (पंचम तल ),.कोलकाता - 700017 से विस्तृत यात्रा विवरणिका प्राप्त कर सकते है, या आईआरसीटीसी के वेबसाइट पर जाकर टूर पैकेज कोड ईजेडबीजी 25 क्लिक कर सर्च कर सकते है या आईआरसीटीसी के अधिकृत एजेंट से भी बुकिंग करवा सकते हैं।

# डॉ. पालेश्वर शर्मा और सुरुज बाई खांडे की स्मृति में पुरखा के सुरता कार्यक्रम कल



**बिलासपुर,** 27 जून (देशबन्धु)। साहित्यकार स्व. डॉ. पालेश्वर शर्मा और भरथरी गायिका स्व. सुरुज बाई खांडे की स्मृति में पुरखा के सुरता कार्यक्रम 29 जून रविवार को दोपहर 01.30बजे आयोजित है.

मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच की ओर से महतारी अस्मिता-भाषा और छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में *एक भाव-एक जुराव* क साथ जल संसाधन कार्यालय परिसर स्थित प्रार्थना भवन में विशेष रूप से पहुना के तौर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, वरिष्ठ विधायक अमर अग्रवाल, पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बाँधी, विधायक सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, रश्मि सिंह, कुलपति ए. डी. एन. वाजपेयी, राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार पाठक, वरिष्ठ पत्रकार रुद्र अवस्थी, नंदकिशोर शुक्ल सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार, कला, शिक्षा जगत से जुड़े लोग मौजूद रहेंगे.

# पेंटिंग कर अवैध विज्ञापन करने वालों से ही निगम ने मिटवाया विज्ञापन




## विज्ञापन पर व्हाइट पेंट से कराई गई पुताई,11 लोगों ने किया था अवैध पेंटिंग

### रामसेतु मार्ग की दीवार और पीचिंग को दुकान,संस्था के विज्ञापन से किया जा रहा था खराब

**बिलासपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। नगर निगम बिलासपुर ने पेंटिंग के ज़रिए अवैध रूप से विज्ञापन करने वालों के खिलाफ अनूठी कार्रवाई करते हुए शासकीय संपत्ति को उन्हीं लोगों से वापस पेंटिंग कराकर ठीक कराया जिन्होंने पेंटिंग के ज़रिए अपनी दुकान और संस्था का प्रचार किया था।

नदी किनारे बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा सड़क का निर्माण किया गया है जिसका नाम रामसेतु मार्ग रखा गया है। उक्त मार्ग के किनारे रिटेनिंग वॉल और नदी की तरफ पीचिंग क्षेत्र में खाली जगह देखकर शहर के 11 लोगों ने पेंटिंग के ज़रिए अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान,अस्पताल और स्कूल का अवैध रूप से विज्ञापन और प्रचार प्रसार किया था। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर इन सभी 11 लोगों को जोन क्रमांक 3 द्वारा नोटिस जारी कर तत्काल पेंटिंग को मिटाने और वापस व्हाइट पेंट के ज़रिए रिटेनिंग वॉल और पीचिंग क्षेत्र को ठीक करने के लिए कहा गया। निगम ने सख्त रवैय्या को देखते हुए सभी लोगों ने उक्त शासकीय संपत्ति से अवैध पेंटिंग को ना सिर्फ मिटाया बल्कि व्हाइट पेंट से ठीक भी किया। अवैध विज्ञापन करने वाले न्यू डेविल चस्मा हाउस,भवन निर्माण (अनुमेश कंस्ट्रक्शन ), रॉयल अप्टिकल, विजय चश्मा संसार,जनता चश्मा,शैल वस्त्रालय,माँ टायपिंग सेंटर,भारत प्रीकास्ट,संकल्प नेत्र चिकित्सालय, जापान टॉल और श्री पद्माक्षी ग्लोबल स्कूल शामिल है।

# यातायात पुलिस ने केश लेस उपचार योजना में नामांकित अस्पतालों की मीटिंग ली

## सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों का नकदी रहित उपचार योजना 2025 जिला बिलासपुर में हुई क्रियान्वित

**बिलासपुर,** 27 जून (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे और ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित व्यक्तियों की समुचित उपचार एवं त्वरित स्वास्थ्य लाभ हेतु शासन के द्वारा लागू योजना को बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में जन जागरूकता एवं प्रचार प्रसार किया जा रहा है ताकि जन-जन तक उक्त योजना का लाभ पहुंच सके एवं लोगों को दुर्घटनाजनित आकस्मिक स्वास्थ्य समस्याओं से राहत दिलाई जा सके।

सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों का नगदी रहित उपचार योजना 2025 (कैश लेस उपचार योजना) के तहत बिलासपुर में निर्दिष्ट हॉस्पिटलों की सूची पूर्व में सार्वजनिक की जा चुकी है सड़क दुर्घटनाओं में अविलंब उपचार हेतु इसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है जिसके तहत बिलासपुर जिले में 24 हॉस्पिटलों को केश लेस सुविचार हेतु निर्दिष्ट किया गया है लोगों को सरलता पूर्वक इसकी प्रक्रिया के बारे में जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है ताकि कैश लेस उपचार के तहत सही वक्त पर सड़क दुर्घटना में पीड़ित/आहत का समुचित उपचार सुनिश्चित हो सके और सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से आहत व्यक्तियों, चालकों एवं लोगों की तात्कालिक शारीरिक क्षति का समुचित उपचार कर उसकी जीवन रक्षा की जा सके।




इस संदर्भ में सर्वप्रथम जब भी कोई वाहन चालक या व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में आहत होते हैं इस दौरान पीड़ित या पीड़ित के परिवार के द्वारा 112,108 या प्राइवेट वाहन के माध्यम से उन्हें अस्पताल लाया जाता है या ऐसी परिस्थिति में थाना के स्टाफ को जैसे ही सड़क दुर्घटनाओं की सूचना प्राप्त होती है तब उनके द्वारा विधिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए सड़क दुर्घटना में आहत व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाई जाती है।

इसके पश्चात कैश लेस उपचार योजना के तहत उक्त आहत व्यक्ति को अस्पताल में (ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम) के तहत एडमिट करते हुए उसका आई रेड में रजिस्ट्रेशन किया जाता है तत्पश्चाप पुलिस के द्वारा आई रेड में एक्सीडेंट आई डी जनरेट की जाती है। यह आई डी एडमिशन के तत्काल पश्चात जनरेट की जाती है जिसे 24 घंटे के अंदर टीएमएस से एक्सीडेंट आई डी में लिंक करना होता है।इसके पश्चात आई रेड आईडी मैपिंग के तहत वह केशलेस उपचार हेतु उक्त आहत व्यक्ति पात्र हो जाता है।

यह कैशलेस उपचार अधिकतम सात दिवस के भीतर डेढ़ लाख (1,50,000/-रु) रुपए तक हो सकती है। डेढ़ लाख केश लेस उपचार के तहत सात दिवस तक उक्त आहत व्यक्ति को निर्देशित हॉस्पिटल में भर्ती रखकर यथोचित उपचार किया जाता है मरीज की स्थिति सात दिवस तक ठीक नहीं होने पर उन्हें अन्य स्किम/योजना के तहत उचित उपचार किया जा सकता है जैसे आयुष्मान या पेड बेसिस पर अग्रिम उपचार की जाती है या उच्च सुविधा वाले हायर मेडिकल सेंटर को रिफर की जा सकती है या इलाज पूर्ण होने पर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जाता है।

ततपश्चात अस्पताल के द्वारा उक्त मरीज के उपचार में हुए वित्तीय खर्च को क्लेम किया जाता है जिसके तहत एस एच ए या एन एच ए (स्टेट हेल्थ अथारिटी या राष्ट्रीय स्वास्थ्य अर्थॉरिटी) को उपचार क्लेम की जानकारी भेजी जाती है उक्त प्राधिकरण के द्वारा उपचार क्लेम की समीक्षा करते हुए इसकी स्वीकृति होने पश्चात संबंधित अस्पताल को उपचार राशि प्राप्त हो जाती है।

उक्त पूरी प्रक्रिया एवं व्यवस्था को डी आर एस एस सी (डिपार्टमेंट रिलेटेड स्टैंडिंग कमिटी) द्वारा मॉनिटर किया जाता है ताकि इस पूरी प्रक्रिया में विधिक प्रक्रियाओं का पर्णत: सभी स्तर पर पालन किया जा सके। और कैश लेस उपचार के तहत रोड एक्सीडेंट के पात्र सभी पीड़ित को समुचित उपचार प्राप्त हो सके। उक्त मिटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे, एन आई सी एवं आई रेड प्रभारी समीर चंद्राकर एवं नाम निर्देशित समस्त हॉस्पिटलों के प्रबंधक एवं चिकित्सकगण सम्मिलित रहे।

## सार-संक्षेप

### दो कालोनियों में जलापूर्ति बाधित, घेरा सिविल ऑफिस



**कोरबा**, 27 जून (देशबन्धु)। कोरबा-पश्चिम कुसमुंडा क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर कोयला मजदूर सभा एचएमएस के सदस्यों ने सिविल नगर प्रशासन कार्यालय का घेराव किया। विगत तीन दिनों से आदर्श नगर कॉलोनी में पानी की समस्या बनी हुई है। विकास नगर क्षेत्र में पानी आपूर्ति वाली पाइप टूट गई है, जिससे कॉलोनी में पानी आपूर्ति नहीं हो पा रही है। एचएमएस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने नगर प्रशासन सिविल कार्यालय का घेराव कर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। वेलफेयर कमेटी सदस्य निरंजन सिंह ने संबंधित सिविल अधिकारियों के लापरवाहीपूर्ण रवैया पर सवाल खड़ा किया। एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री अशोक साहू ने प्रबंधन के उदासीन रवैया को भी पानी जैसे महत्वपूर्ण मांगों को लेकर अपना विरोध जताया। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या अभी की नहीं है, विगत तीन वर्षों से पानी की समस्या रही है और आज स्थिति यह है कि संगठन को घेराव पर आना पड़ा है। एसएमएस क्षेत्रीय अध्यक्ष सुजीत सिंह ने कहा कि अधिकारी अपने क्वार्टर में टैंकर से पानी की सप्लाई करवा कर अपने लिए पानी की आपूर्ति करवा रहे हैं। प्रदर्शन में एचएमएस के कमलेश प्रधान, सोनू प्रताप सिंह, संतोष कुमार सिंह, रामेश्वर वैष्णव, आनंद त्रिपाठी, मुकुद कुमार, अखिल मिश्रा, विलास कुमार पाठक, दीपक कुमार दुबे, यश श्याम यादव, विपिन शर्मा शामिल हुए।

### पुष्पांजलि की हत्या, सीएम का पुतला जलाने का ऐलान



**कोरबा**, 27 जून (देशबन्धु)। कोरबा जिले के हरदी बाजार थाना अंतर्गत ग्राम रलिया निवासी स्व. उमेद दास की युवा पुत्री कुमारी पुष्पांजलि महंत की मध्य प्रदेश के सिंगरौली में हत्या और इससे पहले कथित तौर पर बलात्कार करने की घटना ने झकझोर कर रख दिया है। सिंगरौली पुलिस पर जांच में असहयोग करने तथा पूरे मामले में दोषियों को बचाने के लिए कई तरह के प्रयास करने का आरोप लगाया जा रहा है। मध्य प्रदेश की सरकार के खिलाफ ग्राम रलिया के लोगों में आक्रोश है। इस आक्रोश को व्यक्त करने और न्याय मांगने के लिए 30 जून को सुभाष चौक निहारिका में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जिला पुलिस-प्रशासन को भी अवगत करा दिया गया है।

### चिमनी में जमे ऑयल से लगी आग, अनहोनी नहीं

**कोरबा**, 27 जून (देशबन्धु)। निहारिका क्षेत्र में स्थित होटल काके दी हट्टी में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। हालांकि आग फैलने से पहले ही उस पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। होटल कर्मियों बताए अनुसार आग तब लगी जब रसोईघर में चूल्हा जलाया गया। रसोई घर में धुंआ निकालने के लिए लगी चिमनी को कई दिनों से साफ नहीं किया गया था, जिससे उसमें तेल जम गया था। चूल्हा जलते ही जमे हुए तेल ने आग पकड़ ली और चिमनी में आग भड़क उठी। खबर फैलते ही आसपास के व्यापारियों और राहगीरों की भीड़ यहां लग गई। इधर चिमनी में आग लगते ही होटल के कर्मचारियों ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत अग्निशमन उपकरणों का इस्तेमाल किया और आग पर काबू पा लिया। सूचना पर फायर ब्रिगेड वाहन भी मौके पर पहुंच गया था।




### मोतीसागर पारा में बदमाशों ने किया हमला, दो घायल

**कोरबा**, 27 जून (देशबन्धु)। कोरबा कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जेल से छुटकर आए युवकों पर मारपीट करने का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार मोतीसागर पारा बस्ती में दो भाइयों को कुछ लोगों ने मिलकर मारा। एक व्यक्ति रात 10 बजे काम से घर लौट रहा था। इसी दौरान चिन्टू, समीर और उसके कुछ साथियों ने गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसके भाई पर भी हमला किया गया। उक्त कथित आरोपियों ने कांच की बोतल से दोनों भाइयों के सिर पर चोट पहुंचाई। खून से लथपथ दोनों भाई कोतवाली थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित के अनुसार हमलावर नशे में थे। बताया गया कि हमला करने वालों में से कुछ गंभीर मामले में जेल गए थे और कुछ दिन पहले ही लौट कर आए हैं। स्थानीय निवासी ने बताया कि बस्ती में नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। यहां मादक पदार्थ महुआ, शराब, गांजा और नशीली दवाएं बेची जाती हैं। इस मामले में सुशासन तिहार कार्यक्रम में शिकायत की गई थी। इसी के बाद नशा करने वाले कुछ युवकों ने बदले की भावना से यह हमला किया। बस्तीवासियों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर सख्त कार्यवाही की मांग करी है। पुलिस ने जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया है। स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया पर भी इस घटना की जानकारी साझा की है, जो तेजी से वायरल हो रही है।

### गड्ढे में धंसा बस का पहिया, चालक की सतर्कता से बची जान

**कोरबा**, 27 जून (देशबन्धु)। एक निजी विद्यालय की छात्रों से भरी विद्यालय बस छात्रों को लेकर विद्यालय जा रही तब सीएसईबी द्वारा खोदे गए गड्ढे मे धँस गयी, चालक की सूझबुझ से बस मे सवार सभी छात्र सकुशल हैं। जानकारी के अनुसार रोज की तरह डीडीएम पब्लिक स्कूल की बस छात्रों को लेने सीएसईबी-पश्चिम कॉलोनी पहुंची थी, छात्रों को लेकर जाते समय कॉलोनी की सड़क किनारे वॉटर सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाने सिविल विभाग ने, सड़क काटकर गड्ढे खोदे और पाइप लाइन बिछाने के बाद गड्ढों को मजबूती से पाटने के बजाय हल्की मिट्टी से गड्ढों को भर कर खानापूर्ति कर दिया गया, वही हल्की मिट्टी बारिश की वजह से ढीली पढ़ गई, सड़क को मजबूती से नही पाटा गया, डामर वाली सड़क मे मिट्टी भरना सिविल विभाग की घोर लापरवाही को उजागर करता है।



### श्यांग सहित 5 गांवों में लाभ संतृप्ति शिविर 30 जून को

**कोरबा**, 27 जून (देशबन्धु)। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 30 जून को विकासखंड कोरबा के ग्राम श्यांग कलस्टर में सम्मिलित ग्राम अमलडीहा, बलसेंगा, मालीकछार, चिर्रा, एलांग, गुरमा, ठेंगरीमार, लबेद, डुमरडीह, श्यांग, छिरहुट, सरसाडेवा, सिमकेंदा और ढेंगुरडीह के लिये हाई स्कूल श्यांग, विकासखंड कटघोरा के ग्राम ढपढप कलस्टर में सम्मिलित ग्राम ढपढप, धंवईपुर, जेंजरा, छुरीखुर्द, डिण्डोलभाठा और भेजीनारा के लिए ग्राम ढपढप, विकासखंड करतला के ग्राम मुकुंदपुर कलस्टर में सम्मिलित ग्राम मुकुंदपुर, सुखरीखुर्द, छुईहा, बुढ़ियापाली, अमलडीहा, नवापारा (अमलडीहा) और सरईपाली (रींवापार) के लिए ग्राम मुकुंदपुर, विकासखंड पाली के ग्राम ईरफ कलस्टर में सम्मिलित ग्राम ईरफ, गोपालपुर, मानिकपुर, कपोट, सेन्द्रीपाली में जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित किया जायेगा।

# सीएसईबी के बांध की राखड़ से नुकसान, आंकलन करेगा प्रशासन

## एसडीएम के साथ बिजली कंपनी के अधिकारियों ने देखी स्थिति

कोरबा, 27 जून (देशबन्धु)। 500 मेगावाट उत्पादन क्षमता वाली सीएसईबी की एचटीपीएस विस्तार परियोजना के डिंडोलभांठा स्थित राखड़ बांध का तटबंध टूटने से निकली राखड़ का पास की बस्ती में प्रवेश हो गया। इससे ग्रामीण दहशत में आ गए। रात में ही इसे लेकर शुरुआती नियंत्रण किया गया। प्रशासनिक व विद्युत उत्पादन कंपनी के अधिकारियों ने मौके का जायजा लेने के साथ प्रभावितों से बातचीत की। संबंधितों को यथासंभव सहायता दिये जाने के आसार इस मामले में नजर आ रहे हैं।



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के दर्री कोरबा स्थित पावर प्लांट से उत्सर्जित राखड़ के सुरक्षित संग्रहण के लिए छिरहुट गांव में राखड बांध बनाया गया है। खबर के अनुसार कुछ दिनों से वहां सीपेज की समस्या थी। इसके बाद मौके पर एक जगह दरार आ गई। हाल की बारिश के बाद नतीजा यह हुआ कि तटबंध टूटने से राख गांव में फैल गई। तेज बारिश के कारण पहले से तटबंध में आई दरार का दायरा बढ़ गया और वहां से बड़ी मात्रा में पानी के साथ रख बहने लगी। राखड़ बांध से रख के निकाल कर गांव में घुस जाने की खबर सुनते ही विद्युत उत्पादन कंपनी के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और मनोबल बढ़ाया। कटघोरा एसडीएम रोहित सिंह ने शुक्रवार को यहां का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में राख बहने से आसपास के क्षेत्र में जो नुकसान हुआ है, उसका अनुमान लगाया जा रहा है। मौजूदा घटनाक्रम को देखते हुए प्रशासन के निर्देश पर सुरक्षा प्रबंध भी कराए जा रहे हैं। कटघोरा टीआई धर्मनारायण तिवारी ने अपने दल बल के साथ पहुंचकर यहां की स्थिति देखी। इसके अलावा सीएसईबी ने अपने सुरक्षा अमले को सतर्क किया है। बिजली प्रबंधन ने बताया कि जिन कारणों से घटना हुई, उसकी समीक्षा होगी और प्रभावितों को सहायता देने के लिए भी हम काम करेंगे।

## बांकी नगर पालिका में संदिग्ध गतिविधियों के बाद शराबखोरी




**कोरबा**, 27 जून (देशबन्धु)। बांकीमोंगरा नगर पालिक परिषद कार्यालय में रात के समय शराबखोरी और अन्य अनैतिक गतिविधियों का गम्भीर आरोप लगा हैं। जिलाधीश कोरबा को ज्ञापन सौंपकर इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि 16 जून को उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी थी। शिकायत के अनुसार प्रतिदिन रात 7 से 10 बजे के बीच कुछ असामाजिक तत्व नगर पालिका परिषद के कार्यालय में शराबखोरी एवं अन्य गतिविधियां कर रहे थे। इसकी जानकारी कुछ ग्रामवासियों ने प्रत्यक्षदर्शी के रूप में दी, जिसके बाद उन्होंने स्वयं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मौखिक एवं लिखित रूप से शिकायत की। इसके बाद शिकायतकर्ता ने सीसीटीवी फुटेज की मांग की थी ताकि असली दोषियों की पहचान की जा सके। किंतु 27 जून तक न तो किसी जांच की सूचना दी गई और न ही फुटेज उपलब्ध कराया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जानबूझकर जांच में देरी की जा रही है ताकि सीसीटीवी फुटेज नष्ट हो जाए और मामला दबाया जा सके। लिखित आवेदन में यह भी आशंका जताई गई है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी की मिलीभगत से ही रात में कार्यालय खोला गया, जबकि उस समय कोई भी कार्यालयीन स्टाफ मौजूद नहीं था। शिकायतकर्ता ने पूरे घटनाक्रम को संदिग्ध बताया है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जांच की मांग के साथ यह ज्ञापन मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, नगरीय प्रशासन मंत्री, कटघोरा विधायक एवं उद्योग मंत्री को भी प्रेषित किया गया है। शिकायतकर्ता ने जिलाधीश से अनुरोध किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर जिम्मेदार व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई हो, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## रेल सुविधा बढ़ाने चेम्बर का शिष्ट मंडल मिला उद्योग मंत्री से

**कोरबा**, 27 जून (देशबन्धु)। कोरबा शहर की रेल सुविधाओं में सुधार और नई ट्रेन कनेक्टिविटी की मांग तेज हो गई है। इसे लेकर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के वर्तमान अध्यक्ष व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी योगेश जैन (पप्पू जैन), महामंत्री पद के प्रत्याशी नरेंद्र अग्रवाल तथा रेल संघर्ष समिति के सदस्य रामकिशन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल और अंकित सावलानी कोरबा विधायक व छत्तीसगढ़ शासन में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने कोरबा से देश के प्रमुख शहरों के लिए सीमित रेल कनेक्टिविटी पर चिंता जताई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कोरबा जैसे औद्योगिक एवं वाणिज्यिक नगर के लिए वर्तमान रेल सेवाएं अपर्याप्त हैं, जिससे यात्रियो, व्यापारियों, छात्रो व मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने इन सुझावों को लेकर रेलवे महाप्रबंधक से बात कर कोरबा की ट्रेन सुविधाओं में सुधार के लिए ध्यान देने को कहा। उन्होंने महाप्रबंधक को पत्र भेजकर कोरबा के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की आवश्यता के मद्देनजर पूर्ति करने की बात कही। उन्होंने कोरबा से जबलपुर के बीच सीधी ट्रेन चलाने की भी बात कही।



## भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा महोत्सव के साक्षी बने श्रद्धालु

### दादरखुर्द, कोरबा, बालको और अंचल में उत्साह

**कोरबा**, 27 जून (देशबन्धु)। भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का रथ यात्रा महोत्सव इस बार खास बन गया। नगर से लेकर उपनगरीय क्षेत्रों और अंचल में रथयात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और इस पल के साक्षी बने। हर कहीं लोगों में भगवान का रथ खींचने में उत्साह रहा। प्रबंधन को लेकर समितियों ने काम किया। पुलिस ने सुरक्षा प्रदान की।



दादरखुर्द के जगन्नाथ मंदिर से 126वें वर्ष में रथ यात्रा दोपहर बाद निकाली गई। सुबह भगवान का अभिषेक करने के साथ उनका श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही दर्शन-पूजन के लिए लोग यहां पहुंचते रहे। दोपहर बाद विधि-विधान से अतिथियों ने छेरा पहरा किया और फिर यात्रा रवाना हुई। नगर विधायक, वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल और महापौर ने दादर खुर्द, बालको नगर राम मंदिर, खरमोरा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आयोजित रथयात्रा में शामिल होकर पूजा-आरती की और फिर रथ खींचा। बालकोनगर के बेलाकछार स्थित राम मंदिर से यात्रा निकाली गई। जिसमें बालको नगर कालोनी का भ्रमण किया। बाद में इसे गुंडिचा मंदिर में विश्राम दिया गया। कोरबा के रामजानकी मंदिर सीतामणी से रथ यात्रा निकाली गई। दर्री, कटघोरा, दीपका, रजगामार, कोरकोमा और कुसमुंडा क्षेत्र में इस उत्सव की धूम रही। दादर के कार्यक्रम में मंत्री सहित मंदिर के पुरोहित द्विवेदी परिवार के अलावा प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, सभापति नूतन सिंह, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, सुनीता चौहान, मीना लहरे, डॉ राजेश लहरे, अजय विश्कर्मा, रुक्मणि नायर, रामकुमार राठौर, पार्षद मुकुंद सिंह कंवर सहित सहित नागरिक शामिल हुए।

## चलते कंटेनर में लगी आग, पुलिस ने संभाली व्यवस्था

**कोरबा**, 27 जून (देशबन्धु)। कोरबा जिले के चांपा थाना क्षेत्र ग्राम सिवनी के कोरबा रोड़ स्थित पीएनबी बैंक के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कोरबा की ओर से आ रही एक कंटेनर वाहन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया और कंटेनर धू-धू कर जलने लगा।



जानकारी के अनुसार उक्त वाहन में अचानक धुआं उठता दिखा और कुछ ही क्षणों में उसमें आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि वहां से गुजर रहे राहगीरों में दहशत फैल गई। मामले की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई, जिसके बाद फायर ब्रिगेड को भी सूचित किया गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था संभालने में जुट गई है और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट के कारण हादसा होने की बात कही जा रही है। घटना में वाहन चालक का क्या हुआ, यह जानकारी नहीं मिली है।

## सीतामणी क्षेत्र से हटेगा अवैध कब्जा, पुराने शहर को मिलेगी पहचान

### अब एक्शन प्लान पर काम कर रहा नगर निगम

**कोरबा**, 27 जून (देशबन्धु)। शहर की सुंदरता में चार चांद लगाने नगर निगम ने कमर कस ली है। सीतामणी क्षेत्र से अवैध कब्जा हटाने के साथ पुराने कोरबा शहर को पहचान देने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। निगम ने एक्शन प्लान बनाने के साथ इस पर क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। नगर निगम का कहना है कि जहां कहीं भी गड़बड़ी है उसे हर हाल में ठीक करेंगे।

नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय की अगुवाई में निगम की एक्शन टीम पूरे लाव-लश्कर के साथ पुराने कोरबा शहर के सीतामणी क्षेत्र में पहुंची तथा सीतामणी क्षेत्र से लेकर पुराने बस स्टैंड से होते हुए कोतवाली तक डोर-टू-डोर भ्रमण करते हुए वहाँ की व्याप्त अव्यवस्थाओं, अतिक्रमण, अवैध कब्जों, फैलाई जा रही गदंगी का सघन जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं को सुधारने का कार्य प्रारंभ किया। एक्शन टीम के द्वारा इस दौरान उक्त पूरे मार्ग पर किए गए अनेकों दर्जन अवैध कब्जों व अतिक्रमण से मार्ग को मुक्त कराया, सामग्रियों की जप्ती की व अर्थदंड की कार्यवाही भी की गई। सीतामणी से लेकर पुराने बस स्टैंड गीतांजलि भवन व कोतवाली तक के संपूर्ण मुख्य मार्ग में सड़क के किनारे स्थित नाली के ऊपर लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण करा लिए गए हैं, इन्हीं नालियों के ऊपर विक्रय सामग्री रखकर व्यवसाय संचालित किए जा रहे हैं, नालियों के बंद होने से सफाई करने में बेहद कठिनाईयाँ उपस्थित हो रही है, नालियों में जाम लग रहा है।




इसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री पांडेय के निर्देश पर निगम की एक्शन टीम ने सभी संबंधित लोगों को नोटिस जारी किया तथा तीन दिवस के अंदर नाली के ऊपर किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटाने के निर्देश दिए, अन्यथा की स्थिति में निगम हटाने की कार्यवाही करेगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित लोगों की होगी।

## मादनपारा में प्रवेश उत्सव के साथ हुआ न्यौता भोज

**कोरबा**, 27 जून (देशबन्धु)। संकुल केन्द्र रजकम्मा विकासखंड पाली अंतर्गत प्राथमिक शाला मादनपारा में शाला प्रवेशोत्सव नवनिर्वाचित सरपंच सरवन सिंह के मुख्य अतिथ्य एवं प्रधानपाठक जैतराम ध्रुव की अध्यक्षता में हुआ। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गौरी बाई, नोडल प्राचार्य प्रतिनिधि विनोद जायसवाल, संकुल समन्वयक जीवन सिंह मरकाम ने मां सरस्वती की पूजा की। नव प्रवेशी छात्रों का अतिथियों ने तिलक-गुलाल लगाकर स्वागत किया। यामिनी दुबे ने कक्षा पहली में प्रवेश लेने आये बच्चो को पाठ्य पुस्तक वितरित किया। सरपंच सरवन सिंह मराबी ने सभी पालकों से बच्चों को विद्यालय नियमित भेजने को कहा। व्याख्याता विनोद जायसवाल, जीवन सिंह मरकाम व अन्य ने अपनी बात रखी। छात्रों को यहां न्यौता भोज दिया गया। आभार प्रधानपाठक जैतराम ध्रुव ने किया। कार्यक्रम में कुमुदिनी राम, अर्चना किंडो, पुष्पलता भार्गव, मालतीबाई, सन्न बाई, समेलाल, जंतराम ध्रुव, प्रेमसिंह, सीताबाई, श्याम बाई, बसंती, राजकुमारी, शांतिबाई, पंच रामकुमार सहित पालक एवं शालाप्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।



## स्वर्ण बिन्दु प्राशन से मजबूत होगी बच्चों की स्मरण शक्ति : डॉ.नागेन्द्र शर्मा

**कोरबा**, 27 जून (देशबन्धु)। चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, पतंजलि चिकित्सालय एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय महानदी कांपलेक्स निहारिका रोड कोरबा में बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत 27 जून को पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाइजेसन प्रोग्राम के अंतर्गत बच्चो को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया गया। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का निशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को बच्चों की आयुनुसार उनके लिए उपयोगी आहार विहार के विषय मे विस्तार से बताते हुए उनके लिए उपयोगी योग प्राणायाम का भी निशुल्क प्रशिक्षण दिया। स्वर्ण प्राशन के बारे में बताते हुए संस्थान के चिकित्सक नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने कहा कि स्वर्ण प्राशन शुद्ध स्वर्ण भस्म के साथ शहद, गोघृत, ब्राह्मी, वचा, गिलोय, अश्वगंधा, शंखपुष्पी आदि से बनी हुई दिव्य औषधि है। जो बच्चो को विलक्षाण प्रतिभाशाली बनाने के लिये अमृततुल्य वरदान है। इस कार्य में सुधीर जैन, अध्यक्ष शिव जायसवाल, कोषाध्यक्ष गजेंद्र राठौड़, कार्यकारिणी सदस्य प्रत्युष हनी सक्सेना, नेत्रनन्दन साहू, अश्विनी बुनकर, कमल धारीया, योग शिक्षक राजकुमार पटेल, योग शिक्षिका रूबी हथखेल, कमला कुंभकार, देवबलि कुंभकार, राकेश इस्पात, सिद्धराम साहनी एवं श्रीमती प्रतिभा शर्मा ने योगदान दिया।



# सेवा भारती मातृछाया को निगम ने दिया 50 हजार का अनुदान

**कोरबा**, 27 जून (देशबन्धु)। सेवाभावी व अनाथ बच्चों को सहारा देने वाली संस्था सेवा भारती मातृछाया को 50 हजार रूपये अनुदान दिए जाने की घोषणा पूरी कर दी गई। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम कार्यालय स्थित अपने कक्ष में संस्था के पदाधिकारियों को उक्त अनुदान राशि की आरटीजीएस कापी प्रदान की। संस्था के पदाधिकारियों ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय को उक्त अनुदान राशि दिए जाने हेतु धन्यवाद दिया। कोरबा शहर में बुधवारी बाईपास रिकांडो रोड कुंआभट्टा मुख्य मार्ग पर सेवा भारती मातृछाया संस्था संचालित है, यह संस्था मातृछाया प्रकल्प के तहत 0 से 06 वर्ष आयु वर्ग के अनाथ, बेसहारा व परित्यक्त बच्चों का पालन पोषण करती है। वर्तमान में उक्त संस्था में 14 अनाथ बच्चे रह रहे हैं, जिनका उचित पालन पोषण संस्था के द्वारा किया जा रहा है। सेवा भारती संस्था के द्वारा संपूर्ण कोरबा जिले हेतु मोक्षरथ भी संचालित किया जा रहा है तथा घर से मुक्तिधाम तक दिवंगत शरीर ले जाने की नि:शुल्क सुविधा मोक्षरथ में उपलब्ध कराई जा रही है। विगत दिनों संस्था द्वारा आयोजित दत्तक ग्रहण कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत द्वारा उक्त संस्था के सेवाभावी कार्यो के लिए निगम से 50 हजार रूपये अनुदान दिए जाने की घोषणा की गई थी।



## सार-संक्षेप



## अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

### रायगढ़ पुलिस को नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान में मिली उल्लेखनीय सफलता

**रायगढ़** 27 जून (देशबन्धु)। प्रत्येक वर्ष 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को मादक पदार्थों के दुरुपयोग और तस्करी के गंभीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना है। इसी क्रम में पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 12 जून से 26 जून तक जिलेभर में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान चलाया गया। जिला रायगढ़ में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल लोगों पर सख्त शिकंजा कसा। उल्लेखनीय है कि 21 और 23 जून को थाना चक्रधरनगर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए नशीली सिरप और इंजेक्शन की भारी मात्रा जब्त की गई। साथ ही इस अवैध कारोबार में शामिल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर डीएसपी सुशांतो बनर्जी के मार्गदर्शन पर आज पुसौर पुलिस द्वारा ग्राम बारोडीपा स्थित शासकीय विद्यालय में स्कूली छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों, शिक्षकगण के साथ उपस्थित लोगों को समझाया गया कि नशीली दवाओं का सेवन स्वास्थ्य, भविष्य और समाज के लिए कितना घातक है। साथ ही पुलिस ने स्थानीय चैक-चैराहों पर आम नागरिकों को भी नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री के कानूनी परिणामों की जानकारी दी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता अभियान के माध्यम से समाज में नशामुक्ति का संदेश दिया जाएगा। रायगढ़ पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि किसी भी क्षेत्र में नशा तस्करी या नशीली दवाओं की अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

## शिक्षिका ने बंद कमरे में लगाई फांसी

### कारण अज्ञात, पुलिस ने मामले को लिया जांच में



**रायगढ़** 27 जून (देशबन्धु)। लैलूंगा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 जूनाडीह कि रहने वाली एक शिक्षिका कि बंद कमरे में लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई। प्राप्त जानकारी अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र के वार्ड 2 जूनाडीह में रहने वाली ललिता गोस्वामी पिता मनोहर गिरी गोस्वामी उम्र 26 वर्ष थाना लैलूंगा जो क ाट गुरुकुल कुंजारा स्कूल में पढ़ाने का करती थी।

25 जून 25 को कमरे को बंद करके फाँसी लगा कर आत्महत्या करने कि जानकारी मिली। बताये अनुसार मृतिका स्कूल से आने के बाद अपने कमरे को बंद कर ली थी शाम को घर वालों ने शाम को कमरे के दरवाजे को खोला तो कमरे के म्यांर में ललिता कि लाश टंगी देखा तो होश उड़ गये। परिजनों ने घटना कि सुचना लैलूंगा थाना में दी। परिजनों कि सुचना पर लैलूंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे कि जाँच कार्यवाही में जुट गई है। परिजन के बताये अनुसार पुरे मामले में मृतिका कि मौत को हत्या कि आशंका जता रहे है।.

## लैलूंगा में सरकारी दुकान को बनाया निशाना

### जतरा उचित मूल्य दुकान में ताला तोड़ चोरी की नाकाम कोशिश

**रायगढ़** 27 जून (देशबन्धु)। लैलूंगा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत जतरा में स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान (आई.डी. क्रमांक 412008049) को बीती रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाने की कोशिश की। घटना 25 जून की है, जब चोरों ने शासकीय भवन का ताला तोड़कर भीतर घुसने की कोशिश की, लेकिन उनकी यह कोशिश असफल रही। संयोगवश दुकान से कोई भी सामान चोरी नहीं हुआ, लेकिन घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूत्रों के अनुसार, उक्त शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन ग्रामीण उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु किया जाता है, जहां राशन सामग्री का वितरण नियमित रूप से होता है। बीती रात अज्ञात तत्वों ने दुकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ने में सफलता पाई, किंतु अंदर प्रवेश के बाद संभवतः किसी बाधा या डर के कारण वे चोरी करने में सफल नहीं हो सके। घटना की जानकारी दुकान संचालक को सुबह होते ही मिली, जब उन्होंने ताले को टूटा हुआ पाया। तत्पश्चात संचालक ने तत्काल लैलूंगा थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेते हुए अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि दुकान शासकीय भवन में संचालित होती है, लेकिन वहां किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। न तो वहां कोई चैकीदार है, न ही सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, जिससे ऐसे तत्वों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। यह घटना यह भी उजागर करती है कि सरकारी संस्थानों की सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग कितने लापरवाह हैं। इस नाकाम चोरी की घटना ने स्थानीय नागरिकों और पंचायत प्रतिनिधियों को भी चिंता में डाल दिया है। लोगों की मांग है कि ऐसी दुकानों की सुरक्षा के लिए कम से कम कैमरा, मजबूत ताले, और रात में निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लैलूंगा थाना प्रभारी ने बताया कि दुकान में चोरी की कोशिश की गई है, लेकिन कोई सामग्री चोरी नहीं हुई है। पुलिस आसपास के संदिग्धों से पूछताछ कर रही है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ने का आश्वासन भी दिया है। निष्कर्षतः, जतरा में शासकीय उचित मूल्य दुकान को निशाना बनाना निश्चित ही एक गंभीर मामला है। हालांकि चोरी नहीं हो सकी, लेकिन यह घटना आने वाले समय में सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की चेतावनी जरूर देती है।

## कलेक्टर ने खाद के भण्डारण एवं वितरण में गड़बड़ी पर की कड़ी कार्रवाई

### प्रभारी निलंबित एवं एफआईआर के दिए निर्देश

**अम्बिकापुर**, 27 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देशन में जिले में खाद के भण्डारण एवं वितरण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सेवा सहकारी समितियों को खाद का वितरण विपणन संघ (मार्कफेड) के गोदामों से किया जाता है। हाल ही में, खाद की कुछ मात्रा में कमी देखने को मिली थी, जिसके बाद विपणन संघ के जिला विपणन अधिकारी द्वारा अम्बिकापुर खाद गोदाम का भौतिक सत्यापन कराया गया। सत्यापन में डी0ए0पी में 115.6 मे.टन, एन.पी.के. 161 मे.टन और यूरिया में 186.075 मे.टन खाद की कमी पाया गया। मामले की जानकारी कलेक्टर श्री भोसकर के संज्ञान में आते ही उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए खाद गोदाम प्रभारी श्री अर्पण तिर्की, जो मूल पद क्षेत्र सहायक हैं, उनको निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही, श्री अर्पण तिर्की के खिलाफ थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

# रायगढ़ में सोने के बिस्किट सहित 44 लाख की चोरी,नकदी और कीमती सामान गायब

### सीसीटीवी डीवीआर भी ले गए शातिर

**रायगढ़** 27 जून (देशबन्धु)। जिले में एक मकान से 44 लाख रुपये से अधिक की चोरी की घटना सामने आई है, जिसमें सोने की बिस्किट, नकदी और अन्य कीमती सामान चुराया गया। चोरों ने शातिराना अंदाज में वारदात को अंजाम देते हुए सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी साथ ले गए। पीड़ित की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सोनिया नगर निवासी अनुप अग्रवाल ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ बाहर गए थे। इस दौरान उनका बेटा आदित्य अग्रवाल अपने एक दोस्त के साथ घर पर था।

22 जून की रात आदित्य और उसके दोस्त ने पिज्जा और कोल्ड ड्रिंक ऑर्डर किया और खाने-पीने के बाद दोनों सो गए। अगले दिन सुबह 9 बजे आदित्य का दोस्त अपने घर चला गया। सुबह 11 बजे घर पर काम करने वाला स्टाफ पहुंचा तो उसने




देखा कि आदित्य की तबीयत ठीक नहीं थी और वह बात नहीं कर पा रहा था। दोपहर करीब 2रू30 बजे आदित्य के दोस्त ने स्टाफ को फोन कर उसकी स्थिति पूछी, तब उसे बताया गया कि आदित्य को परिजन अस्पताल ले जा रहे हैं। रात करीब 8 बजे परिजन घर लौटे।

### चार सोने की बिस्किट गायब

24 जून की सुबह आदित्य ने भवन के दूसरे तल पर रखी अलमारी की जांच की तो पाया कि उसमें रखा सोने की बिस्किट का पैकेट गायब था, जिसमें चार बिस्किट (प्रत्येक करीब 100 ग्राम) थे। रात 8 बजे माता-पिता के घर लौटने पर आदित्य ने उन्हें इसकी जानकारी दी, जिससे परिवार स्तब्ध रह गया।

### नकदी और सोने की अंगूठी चोरी

अनुप अग्रवाल ने बताया कि कार्यालय की अलमारी का एक दरवाजा और दराज खुला था। उसमें रखे 3 लाख 40 हजार रुपये नकद और दो सोने की अंगूठियां (मूल्य करीब 1 लाख रुपये) भी गायब थी। अज्ञात चोरों ने इस चोरी को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया।

### सीसीटीवी का डीवीआर गायब

प्रार्थी की पत्नी श्यामा अग्रवाल ने अपने अतिथि बुटिक संस्थान में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो पाया कि डीवीआर और पीओई स्विच गायब थे। साथ ही सभी कैमरे और तार अस्त-व्यस्त थे। चोरों ने सबूत मिटाने के लिए सुनियोजित ढंग से वारदात को अंजाम दिया।

### पुलिस जांच में जुटी

चोरी की इस बड़ी घटना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। पुलिस घर पर काम करने वाले स्टाफ से पूछताछ कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

## नाबालिग से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

### आरोपी पॉक्सो एक्ट में भेजा गया जेल

**रायगढ़** 27 जून (देशबन्धु)। कोतरारोड़ थाना पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग बालिका की रिपोर्ट पर संवेदनशीलता बरतते हुए त्वरित कार्रवाई कर बालिका को दस्तयाब कर, शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी की पहचान दीपक कुमार चैहान (32 वर्ष), निवासी किरोड़ीमल नगर, वार्ड क्रमांक 15, रायगढ़ के रूप में हुई है।

23 जून को बालिका के परिजनों द्वारा थाना कोतरारोड़ में शिकायत दर्ज कराई गई कि 22 जून को सुबह 11 बजे उनकी बेटी बिना बताये घर से कहीं चली गई है। परिजनों ने उसे रिश्तेदारी और आसपास तलाशा, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगाने की आशंका के आधार पर पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

दूसरे ही दिन 24 जून को बालिका को दस्तयाब कर लिया गया, जिसका महिला पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त द्वारा कथन दर्ज किया गया। अपने बयान में पीड़िता ने बताया कि वह दीपक चैहान को स्कूल आते-जाते समय से जानती थी। दीपक ने उसे शादी का झांसा दिया था, हालांकि उसने अपनी नाबालिग उम्र का हवाला देकर इंकार किया था। इसके बावजूद दीपक उसे 22 जून को ऑटो में बैठाकर अपने घर ले गया और जबरन शारीरिक संबंध बनाए।

बालिका ने आगे बताया कि आरोपी ने घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। इसके बाद वह उसे घर के पास छोड़कर भाग गया। पीड़िता ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दीपक कुमार चैहान को गिरफ्तार किया।




पीड़िता के बयान व मेडिकल परीक्षण के आधार पर पुलिस ने प्रकरण में धारा 64(1), 87 बीएनएस और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की धारा 4 जोड़ते हुए आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया।



## सुखे कुंए में गिरा 6 फीट का अजगर

### हाथी मित्र दल की टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू कर निकाला बाहर

रायगढ़ 27 जून (देशबन्धु)। जिले में हाथियो के हर मूवमेंट पर नजर रखते हुए ग्रामीणों को अलर्ट करने वाली हाथी मित्र दल छाल की टीम ने एक निजी कुंए में गिरे एक 6 फीट के अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोडा है।

मिली जानकारी के मुताबिक गुरूवार की शाम 4 बजे रायगढ़ जिले के छाल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कटाईपाली निवासी सावन राठिया के सुखे कुएं में 6 फीट के अजगर गिर जाने की सूचना मिलते ही छाल क्षेत्र के हाथी मित्र दल की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जहां आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कुंए में गिरे अजगर का सुरक्षित ढंग से रेस्क्यू करके उसे कुंए से बाहर निकालकर जंगल में छोडा गया। इस दौरान हाथी मित्र दल के सदस्य प्रकाश भगत, जयलाल राठिया, दिवाकर राठिया, दिलीप भगत के अलावा गाँव के अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

विदित रहे कि छाल रेंज में हाथी मित्र दल के सराहनीय कार्य की चर्चा इन दिनों पूरे जिले में हो रही है। यह टीम दिन व रात 24 घंटे हाथियों के दल के हर मूवमेंट पर नजर रखते हुए प्रभावित गांव के ग्रामीणों को अलर्ट करते हुए सावधानी बरतने की अपील की जाती है।

## भाई बहन का रिश्ता बना दागदार

### विधवा बहन की पीट-पीटकर भाई ने ली जान

### मामला लैलूंगा के राताखण्ड गांव का

**रायगढ़** 27 जून (देशबन्धु)। लैलूंगा थाना क्षेत्र के राताखण्ड गांव से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवक ने अपनी सगी बहन की बेरहमी से हत्या कर दी। विवाद की वजह बहन का मायके में रहना बताया जा रहा है। गुस्साए भाई ने पहले बहन को लात-घूंसों से पीटा, फिर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान 30 वर्षीय उर्मिला मांझी के रूप में हुई है, जो कुछ समय से अपने मायके राताखण्ड में रह रही थी। उर्मिला ने प्रेम विवाह किया था, लेकिन पति की मौत के बाद वह अपने गांव लौट आई थी। इसका विरोध उसका भाई सतकुमार मांझी (34) करता था और इसी बात को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे दोनों के बीच फिर से बहस शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सतकुमार ने पहले उर्मिला को बुरी तरह पीटा, फिर पास ही रखी धारदार टांगी से उस पर कई बार वार कर दिया। जब मां आसो बाई ने झगड़ा शांत कराने की कोशिश की तो आरोपी ने उन्हें भी नहीं बख्शा। बुजुर्ग मां को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया जिससे वह बेहोश हो गई।



चीख-पुकार सुनकर घर के अन्य सदस्य पहुंचे, जिन्हें भी आरोपी ने धक्का-मुक्की कर घायल कर दिया। सूचना मिलते ही लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपी सतकुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं मृतका के परिवार में मातम पसरा हुआ है, मां अभी भी सदमे में है और उसका इलाज जारी है।

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपाइयों ने मनाया काला दिवस



**कोरिया,** 27 जून (देशबन्धु)। आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपाईयों ने मानस भवन में काला दिवस मनाया। इस अवसर पर अतिथियों ने भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के छाया चित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि, देश में आपातकाल लगाने की घोषणा तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 की देर रात आकाशवाणी पर एक प्रसारण में की थी, इससे कुछ घंटों पहले, सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा सदस्य के रूप में इंदिरा गांधी के निर्वाचन को अमान्य घोषित करने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर सशर्त रोक लगा दी थी, सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा गांधी से कहा था कि, वह संसदीय कार्यवाही से दूर रहें।

## कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की क्लास

### गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दें-श्रीमती त्रिपाठी

**कोरिया,** 27 जून (देशबन्धु)। आज कलेक्टरेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने महिला एवं बाल विकास की समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सुपरवाइजरों को ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए, साथ ही जर्जर भवनों में संचालित आंगनवाड़ी को तत्काल बन्द करने, इसे अन्य स्थानों ओर स्थानांतरित करने या इस सम्बंध में तुरंत सूचित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए कहा कि पोषण की कमी किसी भी हालत में नहीं होनी चाहिए और इसका सकारात्मक परिणाम गर्भवती महिलाओं व बच्चों में दिखना चाहिए।

कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी खोलने और निरीक्षण करने की जिम्मेदारी सुपरवाइजरों की है इसका विशेष ध्यान रखे और नियमित रूप से समय पर आंगनवाड़ी खोलना सुनिश्चित करें, लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई। उन्होंने कोरिया मोदक वितरण में पोषण दीदियों के साथ समन्वय बनाए रखने को कहा ताकि गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण मिल सके।







कलेक्टर ने जिले में चल रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण-पत्र शिविर के माध्यम से जनजातीय बच्चों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में स्वास्थ विभाग एवं एन.आर.एल.एम. के संयुक्त उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्रों के सुपरवाइजरों के कार्यों एवं योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी जे. आर. प्रधान सहित स्वास्थ्य, एनआरएलएम व महिला एवं बाल विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## पद्मश्री स्व. डॉ सुरेंद्र दुबे ने छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति को वैश्विक पहचान दी- उपाध्याय

**मनेद्रगढ़,** 27 जून (देशबन्धु)। पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे अब नहीं रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ी भाषा एवं संस्कृति को नई ऊंचाई देने वाले व्यंग्य कवि डॉ सुरेंद्र दुबे के आकस्मिक निधन को साहित्य जगत की अपूर्ण क्षति है। मनेद्रगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार, एवं देश के आध्यात्मिक गौरव सम्मान से विभूषित स्थानीय साहित्यकार सतीश उपाध्याय का उनसे विभिन्न साहित्यिक संदर्भों में गहरा जुड़ाव रहा।

पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे से जुड़े एक संस्मरण को स्मरण करते हुए सतीश उपाध्याय बतलाया कि छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के डॉ सुरेंद्र दुबे जब 2011 में छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के सचिव थे तब उनके निर्देशन में स्थानीय राजस्थान भवन में जिला स्तरीय साहित्यकार सम्मेलन सम्मान समारोह काव्य संध्या का आयोजन किया गया था। जिसमें , छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध रचनाकारों के साथ मनेद्रगढ़ के लेखक पत्रकार एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। तत्कालीन विधायक स्व दीपक पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित यह ऐतिहासिक साहित्यिक कार्यक्रम डॉ सुरेंद्र दुबे के निर्देश पर ही आयोजित किया गया था। मनेद्रगढ़ के इस विशिष्ट जिला स्तरीय साहित्यिक सम्मेलन को डॉ सुरेंद्र दुबे ने उत्कृष्ट आयोजन पर कार्यक्रम संयोजक सतीश उपाध्याय को बधाई भी दी थी। पद्मश्री स्व दुबे से जुड़े एक अन्य संस्मरण की चर्चा करते हुए साहित्यकार, कवि उपाध्याय ने बताया कि -डॉ सुरेंद्र दुबे मुझे सतीश बाबू नाम से बुलाया करते थे, मैं उनको भैया कह कर संबोधित करता था।



मेरी जानकारी में यह बात तो थी कि डॉ सुरेंद्र दुबे कुशल मंच संचालक, सशक्त व्यंग्यकार के अतिरिक्त अच्छे आयुर्वेदिक चिकित्सक भी थे। रायपुर में एक बार राज्य स्तरीय राजभाषा सम्मेलन में मैंने उनसे आयुर्वैदिक चिकित्सा एवं आयुर्वेद के वैश्विक महत्व पर लंबी बातचीत की थी। मैंने कहा भैया- आप अपने चुटीले अंदाज एवं एवं कविताओं के साथ जिस ऊंचाइयों पर पहुंचे हैं, उन ऊंचाइयों से आयुर्वेद को आप कहां देखते हैं?

थोड़ी देर खामोश रहने के बाद उन्होंने कहा था सतीश बाबू आयुर्वेद सिर्फ एक चिकित्सा पद्धति नहीं यह जीवन शैली भी है, आज आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से कोई अनजान नहीं है। मेरे मंच संचालन और धारा प्रवाह कविता के लिए मुझे लंबी गहरी सांस की आवश्यकता पड़ती है , यही वजह है कि मैं अपने कविताओं के प्रस्तुति में हास्य व्यंग के साथ - हजारों श्रोताओं दशकों से बार-बार यह कहता हूं कि-सांस लेना है यह ईश्वर की कृपा ही रही कि ज्यादातर कविताएं मुझको याद हो जाती है इसकी मूल वजह योग ही है।

जब भी वक्त मिलता है मुझे मैं प्राणायाम का सहारा लेता हूं और आयुर्वेदिक उपचार के लिए लोगों को प्रेरित भी करता हूं। इसके बाद रायपुर में जब-जब डॉ सुरेंद्र दुबे से मुलाकात होती थी वे पूछते थे तुम्हारे जिले में योग प्राणायाम और आयुर्वेद का क्या हाल है?मैं कहता था भैया-बस आपसे प्रेरणा लेकर अपने कर्म में लगा हुआ हूं! आज डॉ सुरेंद्र दुबे हमारे बीच नहीं हैं।

उन्होंने छत्तीसगढ़ का वैश्विक पटेल पर मान बढ़ाया छत्तीसगढ़ी भाषा को अंतरराष्ट्रीय दर्जा भी दिया। वे विनम्र ,हंसमुख एवं हाजिर जवाब , जिंदा दिल इंसान थे ।पद्मश्री डॉक्टर सुरेंद्र दुबे के चले जाने से काव्य जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। मनेद्रगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार एवं हिंदी साहित्य भारती के जिला अध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने डॉ सुरेंद्र दुबे की व्यक्तित्व को अद्वितीय बताते हुएकहा-छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया इस नारे को वैश्विक रूप से बुलंद करने वाले डॉ सुरेंद्र दुबे ने छत्तीसगढ़ को जो मान और सम्मान दिया वह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है।

## सार-संक्षेप



### महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा धूमधाम से मनाया गया

**सारंगढ़**,27 जून (देशबन्धु)। आज महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा धूमधाम से मनाया गया जिसकी तैयारियां एक सप्ताह पूर्व से जारी थी लकडियों को सहेजकर रथ तैयार किया जा रहा था वहीं भगवान बलराम सुभद्रा व महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी के लकडी की प्रतिमाओं की साज सज्जा किया गया तथा आज सारंगढ के फुलझरिया पारा राजापारा बडे मठपारा इत्यादि में मंदिरों में आरूढ़ जगन्नाथ स्वामी की मूर्तियों को रथ पर आरूण कराया गया और रथों का नगर भ्रमण भी कराया गया जिसका क्षेत्रवासियों ने जगह जगह स्वागत कर पूजा अर्चना किया।

### ग्राम पंचायत कपिस्दा अ और तिलाईदादर के शोकाकुल परिवार की आराधना फाउंडेशन ने की आर्थिक सहायता



**सारंगढ़**,27 जून (देशबन्धु)। जिले के ग्राम पंचायत कपिस्दा अ की द्रौपति साहू एवं तिलाईदादर के सदस्य मंगली बाई यादव का निधन हो गया जिस पर आराधना फाउंडेशन ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ दुखद समय में उनके परिजनों को घर जाकर उन्हें 2100 – 2100 रुपए का सहायता राशि प्रदान किया इस दौरान ग्राम पंचायत कपिस्दा अ के सरपंच पदुम साहू और तिलाईदादर की एनजीओ मित्र ललीता रात्रे एवं सर्कल ऑफिसर कृष्णा प्रेमी, कृष्णा महिलाने एवं फूलमत कोशले उपस्थित रहे।

### साला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया



**डभरा**,27 जून (देशबन्धु)। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटमी में साला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डीपी चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद एम आर यादव अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य बालकृष्ण पटेल ने किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तेल चित्रों पर माल्यार्पण कर शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर पुस्तक वितरण किया गया। इसी सत्र में बोर्ड परीक्षा में मेरिट आने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि डीपी चौधरी ने बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से ऊपर पाने वाले छात्र छात्र-छात्राओं को 5000 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि के रूप में आने वाले15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन देने की घोषणा भी किया तथा पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद यादव द्वारा बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक से ऊपर पाने वाले छात्रों को 10 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि के रूप में 15 अगस्त के देने की घोषणा किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीपी चौधरी ने संस्था के प्राचार्य बी के पटेल को स्कूल के विकास के लिए हर संभव सहायता करने की भी बात कही उन्होंने स्कूल की उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की सराहना भी किया साला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में महादेव दास वैष्णव वरिष्ठ व्याख्याता एमके साहू वरिष्ठ व्याख्याता एवं एनसीसी अधिकारी रामकृष्ण पटेल कमल खूंटे सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं अधिक संख्या में उपस्थित थे।

### बीमा राशि नहीं देने पर उपभोक्ता आयोग का बड़ा फैसला टाटा एआईए को 20 लाख रुपये का भुगतान आदेशित




**जांजगीर**, 27 जून (देशबन्धु)। बीमा अवधि के दौरान पति की मृत्यु के बावजूद बीमा राशि न देने पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जांजगीर ने एक ऐतिहासिक निर्णय में टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को उपभोक्ता गणेशी सतनामी को 19,92,510 रू की बीमा राशि, 50,000 रू मानसिक क्षतिपूर्ति तथा 10,000 रू वाद व्यय का भुगतान करने का आदेश दिया है। प्रकरण के अनुसार, शिकायतकर्ता गणेशी सतनामी, निवासी बाराद्वार, जिला सक्ती ने अपने पति स्वर्गीय सखाराम के नाम पर ली गई 'ग्रुप सम्पूर्ण रक्षक बीमा पॉलिसी' के अंतर्गत बीमा दावा प्रस्तुत किया था। यह पॉलिसी 3 सितंबर 2022 से 2 सितंबर 2023 तक प्रभावशील थी। इस अवधि में सामान्य परिस्थितियों में उनके पति की मृत्यु घर पर हो गई थी। बीमा अवधि में मृत्यु होने के बावजूद टाटा एआईए इंश्योरेंस कंपनी ने यह कहकर दावा अस्वीकार कर दिया कि बीमित व्यक्ति पूर्व से क्रोनिक बीमारी से पीड़ित था और इस तथ्य को छिपाया गया था। कंपनी ने केवल 7,490 रू की प्रीमियम राशि लौटाकर अपने दायित्व से पल्ला झाड़ लिया। इसके विरोध में गणेशी सतनामी ने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दाखिल किया। आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, सदस्य विशाल तिवारी एवं श्रीमती महिमा सिंह की पीठ ने समस्त दस्तावेजों और तर्कों का सूक्ष्म परीक्षण कर यह निष्कर्ष निकाला कि बीमित ने कोई तथ्य छिपाया नहीं था और न ही वह पूर्व से किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित था। आयोग ने बीमा कंपनी की सेवा को घोर उपेक्षा और उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन मानते हुए 20 लाख की बीमा राशि में से लौटाई गई प्रीमियम राशि 7,490 रू घटाकर 19,92,510 रू का भुगतान, साथ ही 50,000 रू मानसिक क्षतिपूर्ति और 10,000 रू वाद व्यय का भुगतान 45 दिनों के भीतर करने का आदेश सुनाया। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं किया गया, तो बीमा कंपनी को उक्त राशि पर आदेश की तिथि से भुगतान की तिथि तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ भुगतान करना होगा। यह आदेश उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 35 के अंतर्गत पारित किया गया है, जो उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा में एक मिसाल के रूप में देखा जा रहा है।

# भक्तों को दर्शन देने निकले जगत के दीनानाथ

## धर्मनगरी शिवरीनारायण में भक्ति पूर्वक निकली भगवान श्रीजगन्नाथ की रथ यात्रा

**जांजगीर**, 27 जून (देशबन्धु)। शिवरीनारायण में भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्रा श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम बन गई। जयकारों के बीच रथयात्रा का शुभारंभ बड़े मंदिर परिसर से हुआ। जैसे ही भगवान का रथ मंदिर से बाहर निकला, श्रद्धालु दर्शन पाने के लिए उमड़ पड़े। हजारों भक्तों ने रथ को खींचने का सौभाग्य प्राप्त किया। भगवान के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वाले भक्तों ने नारियल, फल एवं फूल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस पावन अवसर पर मठ मंदिर के पूज्य संत रामेश्वर दास त्यागी एवं सुखराम दास महाराज स्वयं रथ में विराजमान रहे। दोनों संतों ने श्रद्धालुओं को अपने करकमलों से नारियल एवं गजामूंग का प्रसाद वितरित किया, जिससे भक्त भावविभोर हो उठे। आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु शिवरीनारायण थाने की पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी। रथयात्रा बड़े मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के मध्य नगरी चौक, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर होते हुए वार्ड क्रमांक 1 स्थित जनकपुर पहुंची। यहीं भगवान जगन्नाथ स्वामी ने विश्राम किया। इसके उपरांत भगवान अपने मौसी के घर से लौटकर पुनः अपने



मूल स्थान शिवरीनारायण लौटेंगे।

### व्यापारिक रौनक और भक्ति का मेल

रथयात्रा के दिन नगर में भक्ति के साथ व्यापारिक रौनक भी देखने को मिली। विभिन्न प्रकार की दुकानों में दूर-दराज से आए भक्तों ने खरीदी की। व्यापारियों ने इस विशेष दिन को देखते हुए पहले से ही व्यापक तैयारी की थी। सबसे अधिक बिक्री खाने-पीने की वस्तुओं की रही, जिन्हें श्रद्धालु अपने परिवार के लिए साथ ले गए।

### मालपुआ और गजामूंग प्रसाद का विशेष महत्व

रथयात्रा के दिन भगवान को विशेष रूप से मालपुआ एवं गजामूंग का भोग अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि ये प्रसाद भगवान को अत्यंत प्रिय हैं। दूर-दराज से आए श्रद्धालु इन प्रसादों को प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से मंदिर पहुंचते हैं, और अपने परिवार के लिए भी इन्हें साथ ले जाते हैं। इन प्रसादों की मांग रथयात्रा के दिन सर्वाधिक रहती है।

### भगवान जगन्नाथ स्वामी का मूल स्थान शिवरीनारायण

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शिवरीनारायण को भगवान जगन्नाथ स्वामी का मूल स्थान माना जाता है। यही कारण है कि यहां की रथयात्रा को ओडिशा के जगन्नाथपुरी के समान महत्व प्राप्त है। प्रतिवर्ष यहां हजारों श्रद्धालु दर्शन लाभ के लिए पहुंचते हैं। यह नगर श्रद्धा और भक्ति का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

# पीला महल बना उपद्रव का अखाड़ा हथियारों से लैस होकर घुसे उपद्रवी

## महिलाओं से बदसलूकी, 5 गिरफ्तार, मास्टरमाइंड फरार

**जांजगीर**, 27 जून (देशबन्धु)। शहर के प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक पीला महल में बुधवार की दोपहर अचानक हिंसा की आग भड़क उठी। हथियारों से लैस दर्जनों युवकों ने महल में घुसकर न केवल महिलाओं और कर्मचारियों के साथ मारपीट की, बल्कि महल में तोड़फोड़ कर लूटपाट व अभद्रता जैसी गंभीर वारदात को अंजाम दिया।

सक्ती थाना पुलिस के अनुसार, इस हिंसक घटना के पीछे सक्ती के ही कुछ प्रभावशाली लोग अमंग जोशी, राजकुमार अग्रवाल और राजेश शर्मा मुख्य साजिशकर्ता हैं, जो पुलिस के डर से पीछे के दरवाजे से फरार हो गए। जबकि मौके से पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा एक किशोर को भी हिरासत में लिया गया है।

घटना 25 जून 2025, समय लगभग दोपहर 3 बजे की है जब आरोपीगण हथियारों से लैस होकर पीला महल में ज़बरदस्ती घुसे। दरवाजों के ताले तोड़े गए, लोगों को पीटा गया और महिलाओं को घसीटकर बाहर निकाला गया। पीड़िता के अनुसार, उसके मोबाइल फोन को तोड़ा गया, अलमारी व ड्राज से नगदी व जेवर निकाल लिए गए तथा महिला मर्यादा को लांघते हुए अश्लील हरकतें की गईं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 48 हजार 3 सौ रुपये नकद, हथियार (लाठी, टांगी, हथौड़े), तथा घटना में प्रयुक्त सैंट्रो कार जब्त की है।



साथ ही, घटना के वीडियो, फोटोग्राफ्स तथा मौके से अन्य आपराधिक साक्ष्य भी एकत्र किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह हमला पूरी तरह सुनियोजित था। आरोपीगण ने पहले से तुर्रीधाम में एकत्र होकर योजना बनाई थी और बाहर से लड़कों को बुलाकर हमला कराया गया।

### गंभीर धाराओं में केस दर्ज थाना सक्ती में दर्ज

गंभीर धाराओं में केस दर्ज थाना सक्ती में दर्ज की गई है। प्राथमिकी में आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अतिरिक्त नवीन भारत न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 115(2), 333, 74, 303(2), 61(2)(ए), 190(2) और अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारा 3(1)(ड्ढ)(1), 3(1), 3(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार आरोपी सुनील यादव (डेरागढ़) प्रशांत राठौर (रिस्दा), कान्हा यादव (रिस्दा), अमरदीप भैना (रिस्दा) भास्कर महिलांगे (दर्राभांठा)एक विधि से संघर्षरत बालक को भी मौके से पकड़ा गया है।

### पुलिस का तत्पर एक्शन

सक्ती पुलिस अधीक्षक की निगरानी में विशेष टीम गठित की गई है, जो फरार साजिशकर्ताओं की तलाश में जुटी है। अनुविभागीय अधिकारी (पु) सक्ती के नेतृत्व में निरीक्षक अनवर अली एवं उनकी टीम मथुरा मन्नेवार, संतोष पांडे, रामकुमार रात्रे, शब्बीर मेमन, विनोद कंवर, जीत जाटवर, संजीव शर्मा, आफशा परवीन सहित अन्य स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही।

## विधिक सेवा प्राधिकरण एवं बोर्ड आफ विजिटर्स ने किया जेल का औचक निरीक्षण

**जांजगीर**, 27 जून (देशबन्धु)। उच्चतम न्यायालय के निर्णय के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर एवं बोर्ड आफ विजिटर्स द्वारा आज जिला जेल जांजगीर खोखरा का औचक निरीक्षण प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर शक्ति सिंह राजपूत, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार कुशवाहा की उपस्थिति में किया गया।



निरीक्षण के दौरान जेल के प्रत्येक बैरक पर जाकर बंदियों की रहने की व्यवस्था, बंदियों की समस्याएं व खान पान की जानकारी लेते हुए बंदियों के संबंध में शिकायत पेटी, किशोर बंदियों की पहचान, जमानत एवं अपील की संबंध में जानकारी, लीगल एड क्लिनिक द्वारा दी जाने वाली बंदियों की सुविधा, बंदीयो की सामानों की जांच, बंदी कॉलिंग की सुविधा की जानकारी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, बंदी मुलाकात केंद्र, अस्पताल सुविधा, बंदी द्वारा बनाए जाने वाले भोजन की जांच की गई। साथ ही बंदियों की समस्याओं को सुना गया। इसके साथ ही जेल की भवन के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर प्रदीप जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, सहायक जेल अधीक्षक डी.डी. टोंडर, डिप्टी कलेक्टर देवेंद्र चौधरी, उप संचालक समाज कल्याण पवन कोसमा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## विद्युत प्रवाहित खुले तार से बालक की मौत, दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर**, 27 जून (देशबन्धु)। शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के एक खेत में अवैध रूप से बिजली कनेक्शन खींचे गए खुले तार की चपेट में आने से एक बालक की दर्दनाक मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो आरोपियों गंगाराम कश्यप और संजीव उर्फ संजू कश्यप को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



घटना 24 जून की बताई जा रही है जब मृतक दीपांशु कश्यप अपने पिता के खेत में भुट्टा तोड़ने गया था। इसी दौरान खेत में अवैध रूप से लगाए गए खुले विद्युत तार की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्राथमिक जांच में पाया गया कि गंगाराम कश्यप ने संजीव कश्यप के पंप हाउस से खुले क्लच वायर के माध्यम से बल्ब जलाने हेतु अवैध बिजली कनेक्शन लिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बालक की मौत का कारण बिजली का करंट लगना बताया गया। मर्ग जांच में गवाहों के बयान और स्थल निरीक्षण के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि आरोपीगण को खुले तार से जानलेवा खतरे की जानकारी थी, फिर भी उन्होंने लापरवाहीपूर्वक तार का उपयोग किया। इस वजह से दीपांशु की मौत हुई। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 और 3(5) तथा विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया। निरीक्षक भास्कर शर्मा के नेतृत्व में सउनि सियाराम यादव, कपिल राम साहू, आरक्षक पतिराम यादव एवं बलराम यादव की टीम ने दोनों आरोपियों को उनके निवास से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# रिमझिम बारिश के बीच रथ पर सवार अपने भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण में निकले जगत के नाथ

## खरसिया के भक्तों द्वारा अनेकों वर्षों से अनवरत निकाली जा रही है रथ यात्रा

खरसिया,27 जून (देशबन्धु)। धार्मिक नागरिक खरसिया की धन्य धरा पर जगत के नाथ भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र और सुभद्रा के साथ सुसज्जित रथ पर सवार होकर अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए खरसिया नगर भ्रमण में निकले हिंदू धर्म में जगन्नाथ रथ यात्रा का खास धार्मिक महत्व है हर साल आषाढ़ शुक्ल द्वितीया तिथि के दिन रथ यात्रा निकाली जाती है। भगवान श्री जगन्नाथ जी का स्वागत खरसिया नगर में घर घर भक्तों द्वारा श्रद्धा के फूल चढ़ाकर दीप जला आरती करते हुए किया गया। विगत अनेक वर्षों से राधा कृष्ण मंदिर पुरानी बस्ती एवं राधा कृष्ण मंदिर चंदन तालाब एवं अनेकों स्थानों से रथ को सुसज्जित कर भगवान जगन्नाथ सुभद्रा और बलभद्र को रथ में विराजमान करवा कर संपूर्ण रास्ते भर अनेकों भक्त अपने हाथों से खींचते



हुए नगर भ्रमण करवाते है और रथ को खींचने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं। मान्यता है कि इस यात्रा में शामिल होने और रथ को खींचने से जीवन के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार देवी सुभद्रा ने पुरी नगर देखने की इच्छा व्यक्त करी थी तब भगवान जगन्नाथ और बलभद्र उन्हें रथ पर बैठाकर नगर भ्रमण के लिए निकले और रास्ते में अपनी मौसी गुंडिचा के मंदिर में कुछ दिन के लिए रुके तभी से इसी घटना की याद में हर साल रथ यात्रा निकाली जाती है तीनों रथ गुंडिचा मंदिर तक जाते हैं और सात दिनों तक वहीं विश्राम करते हैं। बताते चलें कि रथ यात्रा एक ऐसी यात्रा है जो अपने आप में भारतीय संस्कृति का सार है ये एक ऐसा उत्सव है, जिसमें भक्ति, एकता, समर्पण और उल्लास एक साथ देखने को मिलते हैं ये यात्रा हमें सिखाती है कि ईश्वर केवल मंदिरों या पूजालयों तक सीमित नहीं हैं जगत के पालनहार जगत के नाथ भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी अपने भक्तों के बीच आकर उन्हें साक्षात दर्शन भी देते हैं आम इंसानों की तरह बीमार भी पड़ते हैं जगन्नाथ रथ यात्रा से जुड़ी ये भी एक अनोखी परंपरा है।

## मास्टर ट्रेनर्स की जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**जांजगीर**, 27 जून (देशबन्धु)। आगामी फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के समस्त विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर, तकनीकी स्टाफ की जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स चन्द्रजीत सिंह राठौर द्वारा बीएलओ की नियुक्ति, उनके दायित्व, विभिन्न फॉर्म भरने के तरीके, घर-घर सर्वे के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्न एवं केस स्टडी सहित अन्य जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी शशि कुमार चौधरी ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। साथ ही बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने हेतु निर्देशित किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अगले चरण में 03 से 17 जुलाई के मध्य बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर का प्रशिक्षण आयोजित किए जांएगे। प्रशिक्षण में सहायक प्रोग्रामर प्रकाश थवाईत ने बीएलओ ऐप एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत विवाह बांधन में बंधे 17 जोड़ें

## मुख्य अतिथि शिखा रविंद्र गबेल की उपस्थिति में गायत्री मंदिर में हुआ भव्य आयोजन

**खरसिया**,27 जून (देशबन्धु)। भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा दिवस के शुभ एवं पावन अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के तहत आज खरसिया के गायत्री मंदिर में आयोजित सामूहिक विवाह में 17 जोड़े पारंपरिक रीति-रिवाजों से दाम्पत्य बंधन में बंधे। बताते चलें कि गायत्री मंदिर की आज ही के दिन 26 वर्ष पूर्व स्थापना की गई थी क्षेत्र में प्रसिद्ध खरसिया के गायत्री मंदिर में बेहद उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में बाजे-गाजे के साथ बारात निकाली गई और बरात के कार्यक्रम स्थल पहुँचने पर सभी दूल्हों का भव्य स्वागत किया गया। रायगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविंद्र गबेल सामूहिक विवाह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की। प्रत्येक जोड़े के लिए शासन से 50 हजार की राशि आती है जिसमें से सभी नवविवाहित जोड़ों



को राज्य शासन की ओर से 35-35 हजार रुपए के चेक एवं सात हजार की उपहार श्रृंगार सामग्री भेंट भेंट की जाती है तथा 8 हजार रुपये वैवाहिक स्थल सजावट वैवाहिक जोड़ों के रिश्तेदारों और आगंतुक अतिथियों के भोजन आदि में खर्च किए जाते हैं। खरसिया नगर के समाजसेवकों एवं दानदाताओं द्वारा भी कन्याओं को अपनी ओर से उपहार एवं कन्यादान के रूप में नगद राशि प्रदान की गई। आज का यह शुभ मांगलिक वैवाहिक कार्यक्रम मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविंद्र गबेल जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राम कुमारी राठिया उपाध्यक्ष डॉ हितेश गबेल नगर पालिका उपाध्यक्ष अवध नारायण बंटी सोनी छाया विधायक महेश साहू जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र गबेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पवन पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश अग्रवाल मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा पार्षदों जनपद पंचायत सदस्यों एवं परियोजना अधिकारी श्रीमती पूनम कुर्रे सुपरवाइजर पुनीता दर्शन सुपरवाइजर नम्रता एवं अन्य सुपरवाइजर सेक्टर प्रभारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पत्रकार कैलाश गर्ग, कैलाश शर्मा, जगदीश मित्तल, प्रहलाद बंसल, संतोष यादव एवं खरसिया नगर के प्रबुद्ध जनों समाज सेवकों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## जिम्बाब्वे में एड्स से संबंधित मौतों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, स्वास्थ्य मंत्रालय ने जताई चिंता

**हरारे,** 27 जून (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे में इस साल की पहली छमाही में एड्स के कारण होने वाली मौतों में वृद्धि दर्ज की गई है। स्वास्थ्य और बाल कल्याण मंत्री डगलस मोम्बेशोरा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राजधानी हरारे में एचआईवी पर रिपोर्टिंग के लिए आयोजित एक मीडिया वर्कशॉप को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य और बाल कल्याण मंत्री ने बताया कि जनवरी से जून 2025 तक देश में एड्स संबंधित बीमारियों के कारण 5,932 मौतें हुईं, जो पिछले साल इसी अवधि में हुई 5,712 मौतों से 220 अधिक हैं। मंत्री ने कहा कि 220 मौतों की वृद्धि हमें याद दिलाती है कि हमारा काम अभी पूरा नहीं हुआ है।

# एनरिच यूरेनियम को लेकर जरूरत पड़ी तो फिर करेंगे हमला : काट्ज

### इजरायली व अमेरिकी अधिकारी ईरान को तगड़ा नुकसान पहुंचाने का कर रहे दावा

**तेल अवीव,** 27 जून (एजेंसियां)। इजरायली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने माना है कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई का खात्मा इजरायल चाहता था, लेकिन कई कोशिशों के बाद भी मौका नहीं मिला। काट्ज ने इजरायली टेलीविजन चैनल 13 समेत विभिन्न मीडिया चैनलों को दिए साक्षात्कार में ये बातें कहीं। काट्ज ने कहा कि सरकार ने बिना यह जाने कि अमेरिका इसमें शामिल होगा या नहीं, युद्ध शुरू कर दिया। माना कि इजरायल को नहीं पता कि यूरेनियम का भंडार कहां है, लेकिन जरूरत पड़ने पर वह ईरान पर फिर हमला करेगा।

रक्षा मंत्री के अनुसार सरकार ने बिना यह जाने कि अमेरिका इसमें शामिल होगा या नहीं, युद्ध शुरू कर दिया। इजरायल को नहीं पता कि यूरेनियम का भंडार कहां है, लेकिन जरूरत पड़ने पर वह ईरान पर फिर हमला करेगा। इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने खामेनेई के खात्मे को लेकर कहा कि अगर खामेनेई हमारी पहुंच में होते, तो हम उन्हें मार गिराते। हमने कोशिश तो पूरी की थी।

काट्ज ने कहा कि इजरायल खामेनेई को खत्म करना चाहता था, लेकिन ऐसा करने का कोई मौका नहीं था। काट्ज से जब पूछा गया कि क्या इजरायल ने



> अगर खामेनेई हमारी पहुंच में होते, तो हम उन्हें मार गिराते। हमने कोशिश तो पूरी की थी : इजराइल काट्ज

अमेरिका से इसकी इजाजत मांगी थी, उन्होंने जवाब दिया कि हमें इन चीजों के लिए किसी की इजाजत की जरूरत नहीं है।

खामेनेई को लेकर उनका ये बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी युद्ध के दौरान खामेनेई की जान को खतरा बताया था। 17 जून को सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि हमें ठीक से पता है कि तथाकथित सर्वोच्च नेता कहां छिपे हैं। वह एक आसान लक्ष्य हैं, लेकिन वहां सुरक्षित हैं - हम उन्हें खत्म नहीं करेंगे (मारेंगे!), कम से कम अभी तो नहीं। उन्होंने कहा कि हम ईरान को परमाणु हथियार और लंबी दूरी की मिसाइलों को विकसित करने की अनुमति नहीं देंगे। काट्ज ने यह भी स्वीकार किया कि इजरायल को ईरान के सभी एनरिच यूरेनियम का स्थान नहीं पता है, लेकिन दावा किया कि उनके सैन्य हमलों ने तेहरान की संवर्द्धन क्षमताओं को तबाह कर दिया है। चैनल 12 से बातचीत में यूरेनियम को लेकर कहा कि सामग्री स्वयं ऐसी चीज नहीं थी जिसे बाहर निकाला जाना चाहिए था।

बता दें, हाल के दिनों में इस बात पर सार्वजनिक बहस चल रही है कि हमलों से ईरानी परमाणु कार्यक्रम को जबरदस्त नुकसान पहुंचा है या नहीं, जबकि कुछ आकलनों में कहा गया है कि ईरान कुछ महीनों में ही परमाणु हथियार संपन्न होने वाला था। काट्ज समेत अन्य इजरायली और अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि ईरान को तगड़ा नुकसान पहुंचा है।

## ईरान के परमाणु केंद्रों को जबरदस्त नुकसान पहुंचा : आईडीएफ



**तेल अवीव।** इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को बताया कि उसने 12 दिन तक ईरान के खिलाफ चलाए गए सैन्य अभियान में ईरान के तीन बड़े परमाणु केंद्रों फोर्डो, नतांज और इस्फहान को भारी नुकसान पहुंचाया है। इससे ईरान के परमाणु ढांचे को बड़ा झटका लगा है। आईडीएफ ने बताया कि उसने 13 जून से 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' नाम से यह अभियान शुरू किया था। इसका मकसद ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को नुकसान पहुंचाना था, क्योंकि इजरायल को आशंका थी कि ये कार्यक्रम उसके अस्तित्व को खत्म करने के लिए बनाए जा रहे हैं। इजरायली सेना के मुताबिक, इस अभियान में ईरान के 11 वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिकों को मार गिराया गया, जो इस कार्यक्रम के लिए सबसे अहम माने जाते थे।

## नेतन्याहू को भ्रष्टाचार के मामले में राहत नहीं



**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भ्रष्टाचार मामले में मुश्किलें थमती नजर नहीं आ रही हैं। राज्य अटॉर्नी कार्यालय ने भ्रष्टाचार के मुकदमे में गवाही देने के लिए नेतन्याहू के दो सप्ताह के ब्रेक के अनुरोध का विरोध किया है। अभियोजन पक्ष का कहना है कि उनकी गवाही की धीमी गति और आगामी गर्मी की छुट्टियों के कारण यह ब्रेक उचित नहीं है। नेतन्याहू के वकील अमित हदाद ने कहा था कि प्रधानमंत्री को ईरान के साथ हाल ही में समाप्त हुए युद्ध के मद्देनजर 'राजनयिक, राष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी के सुरक्षा मुद्दों' पर अपना समय देने के लिए दो सप्ताह के ब्रेक की आवश्यकता थी, जो मंगलवार को समाप्त हो गया। इजरायली मीडिया के मुताबिक, राज्य अटॉर्नी कार्यालय ने अपने जवाब में कहा कि मांग में दिए गए सामान्य कारण दो सप्ताह की सुनवाई रद्द करने को उचित नहीं ठहराते, खासकर छुट्टियों से पहले। उन्होंने बताया कि नेतन्याहू की जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए उनको राहत दी गई। इसके तहत ही उनकी गवाही को हफ्ते में तीन बार के बजाय दो बार करना शामिल है। अभियोजन पक्ष ने कहा कि इसलिए, हम इस मांग का विरोध करते हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 28 जून , 2025 आषाढ़ शुक्ल पक्ष 2**

### राशिफल

मेष - आज आप बहुत भावनाशील रहेंगे, इसलिए किसी के ज्यादा बोलने से आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। मां के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। स्थायी संपत्ति के मामले में निर्णय लेना उचित नहीं है।

वृषभ - आप तन और मन से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों के साथ घर के संबंध में चर्चा करेंगे। मित्रों के साथ प्रवास का आयोजन करेंगे। आर्थिक मामलों पर अधिक ध्यान देंगे। आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी।

मिथुन - आज आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज आप थकान, चिंता एवं प्रसन्नता का मिला-जुला अनुभव करेंगे। निर्धारित काम को समय पर पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे। धन के मामले में आपको नुकसान हो सकता है।

कर्क - आज आप बहुत इमोशनल रहने वाले हैं। मित्रों, परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ किसी गहरी चर्चा में उतर सकते हैं। घूमने- फिरने और स्वादिष्ट भोजन करने का अवसर मिलेगा। शुभ प्रसंग में उपस्थित हो सकेंगे।

सिंह - आज आपको मन पर नियंत्रण रखना होगा। स्वास्थ्य से सम्बंधित विषय में आप चिंतित रहेंगे। चिंता के कारण शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। व्यर्थ के वाद-विवाद को टालें।

कन्या - आज आप अनेक तरह के लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। नौकरी में भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मित्रों के साथ रमणीय स्थल पर घूमने जाने की संभावना है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है।

तुला - आज भाग्य आपके साथ होने से आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। आपका मान सम्मान बढ़ेगा। अधिकारियों की तरफ से प्रोत्साहन मिलने में आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - आज आप शारीरिक थकान, आलस्य और मानसिक चिंता की अनुभूति करेंगे। व्यापार में बाधा खड़ी होगी। संतान से मतभेद रहेगा। उनके स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आज विरोधियों से वाद-विवाद न करें।

धनु - आप वाणी पर नियंत्रण नहीं रखेंगे, तो किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। आज मन किसी चिंता में रहेगा। खर्च होने की संभावना है।

मकर - आपके विचार तथा व्यवहार में इमोशन बहुत अधिक रहेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ खुशी से समय व्यतीत कर सकेंगे। शारीरिक, मानसिक ताजगी का अनुभव होगा। व्यापार में वृद्धि होगी। विविध स्रोतों से इनकम में वृद्धि होगी।

कुंभ - काम की सफलता के लिए आज शुभ दिन है। आज किए गए कामों की वजह से आप खुश रहेंगे। परिजनों के साथ वक्त अच्छा गुजरेगा। घर का वातावरण अच्छा रहेगा। तन-मन से प्रफुल्लित रहेंगे।

मीन - कल्पना के लोक में विचरण करना पसंद करेंगे। साहित्य लेखन में आपकी सृजनात्मकता प्रकट कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए अच्छा दिन है। प्रेमीजनों और प्रिय व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त कर सकेंगे। कामुकता रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## स्वात नदी में अचानक आई बाढ़ में 18 पर्यटक बह गए, 7 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद,** 27 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में स्वात नदी में शुक्रवार को अचानक आई बाढ़ में महिलाओं और बच्चों सहित 18 पर्यटक बह गए, जिससे सात लोगों की मौत हो गई।



स्थानीय मीडिया के अनुसार यह घटना फिजागत क्षेत्र में घटी, जहां दो परिवारों के सदस्य नदी किनारे नाश्ता कर रहे थे, तभी अचानक जलस्तर बढ़ने से कई लोग बह गए। बचाव अभियान के दौरान तीन व्यक्तियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। एक बचाव अधिकारी ने बताया कि हमें सुबह करीब आठ बजे इन लोगों के डूबने की सूचना मिली। बाईपास पर मेहमान आए हुए थे, जो नदी के किनारे बैठे थे। इन लोगों को पानी के रिलीज होने की जानकारी नहीं थी। घटना की पुष्टि करते हुए स्वात के डिप्टी कमिश्नर शहजाद महबूब ने बताया कि सात लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। अचानक आई बाढ़ के कारण कई जगहों पर करीब 73 लोग फंसे हुए हैं। बचाव अभियान में बड़ी मुश्किलें आ रही हैं। एक पर्यटक ने बताया कि उसके परिवार के 10 सदस्य बह गए, जिनमें से एक महिला का शव बरामद हो गया। नौ बच्चों की तलाश अभी भी जारी है। परिवार के सदस्य के हवाले से स्थानीय मीडिया ने बताया कि हम चाय-नाश्ता कर रहे थे और बच्चे नदी के पास सेल्फी लेने चले गए।

# संयुक्त राष्ट्र का चार्टर वैकल्पिक नहीं : गुटेरेस

**संयुक्त राष्ट्र,** 27 जून (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सेलेक्टिव एप्लिकेशन की आलोचना की और कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर कोई अ-ला-कार्टे मेनू नहीं है।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में चार्टर की 80वीं वर्षगांठ समारोह में कहा कि आज हम संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों पर पहले से कहीं ज्यादा हमले देख रहे हैं। संप्रभु देशों के खिलाफ बल का उपयोग या धमकी, अंतरराष्ट्रीय कानून, मानवीय कानून और मानवाधिकार कानून का उल्लंघन, नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना, भोजन और पानी का हथियारीकरण, और मानवाधिकारों का हनन शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि हम बार-बार एक परिचित पैटर्न देखते हैं। जब चार्टर सुविधाजनक लगता है तो उसका पालन करो, जब नहीं तो अनदेखा करो। संयुक्त राष्ट्र का चार्टर वैकल्पिक नहीं है। यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों की आधारशिला है। इसके मूल सिद्धांतों के उल्लंघन को सामान्य नहीं किया जा सकता। गुटेरेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर उम्मीदों से जुड़ा है और बेहतर विश्व के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आधार है। इसने हमें भाग्य बदलने, जीवन बचाने और दुनिया के सबसे निराशाजनक कोनों में आशा देने के उपकरण दिए हैं।



> संयुक्त राष्ट्र चार्टर उम्मीदों से जुड़ा है और बेहतर विश्व के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आधार है : एंटोनियो गुटेरेस

## अमेरिका के साथ वार्ता फिर से शुरू करने को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ : ईरान

### ईरान ने वाशिंगटन पर धोखा देने का आरोप लगाया

**तेहरान,** 27 जून (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई व्यवस्था या प्रतिबद्धता नहीं की गई है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने सरकारी प्रसारक आईआरआईबी के हवाले से इसकी जानकारी दी है। अराघची ने कहा कि वार्ता फिर से शुरू करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि तेहरान के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जाती है या नहीं। उन्होंने कहा कि हमारे निर्णय पूरी तरह से ईरान के हितों पर आधारित होंगे। अगर हमारे हितों के लिए वार्ता की वापसी की आवश्यकता है, तो हम इस पर विचार करेंगे। लेकिन इस स्तर पर, कोई समझौता या वादा नहीं किया गया है और कोई बातचीत नहीं हुई है।

अराघची ने वाशिंगटन पर 2015 के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने और



अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने पर वार्ता के पिछले दौर के दौरान ईरान को धोखा देने का आरोप लगाया। ईरानी राजनयिक ने यह भी पुष्टि की कि संसद ने शीर्ष संवैधानिक निरीक्षण निकाय गार्जियन काउंसिल के अनुमोदन के बाद संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था से सहयोग को निलंबित करने वाला कानून बाध्यकारी हो गया है। उन्होंने कहा कि यह कानून अब अनिवार्य है और इसे लागू किया जाएगा। आईएईए के साथ हमारा सहयोग एक नया आकार लेगा। अराघची ने यह भी कहा कि इजरायल के साथ 12 दिवसीय युद्ध से हुई क्षति गंभीर थी।

## ट्रंप ने डेमोक्रेट्स पर खुफिया रिपोर्ट लीक करने का लगाया आरोप

**वाशिंगटन,** 27 जून (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी पर ईरान पर अमेरिकी हवाई हमलों से जुड़ी एक गोपनीय खुफिया रिपोर्ट को लीक करने का गंभीर आरोप लगाया है। ये रिपोर्ट ट्रंप प्रशासन के उस दावे का खंडन करती है, जिसमें कहा गया था कि हालिया अमेरिकी हवाई हमलों ने ईरान के परमाणु संवर्धन ठिकानों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को ट्रुथ सोशल पर कहा कि डेमोक्रेट्स ही वो लोग हैं, जिन्होंने ईरान में परमाणु स्थलों के लिए परफेक्ट फ्लाइट (हमले) की जानकारी लीक की। उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए।



ये आरोप अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट के बाद लगाया गया, जिसका खुलासा सीएनएन और न्यूयॉर्क टाइम्स ने किया है। इन मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि ईरान की परमाणु ठिकानों पर हमलों ने परमाणु कार्यक्रम में सिर्फ कुछ महीनों की देरी की है, जबकि हमलों से पहले ईरान के समृद्ध यूरेनियम के अधिकांश भंडार को हटा दिया गया था। सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए डोनाल्ड ट्रंप जानकारी लीक करने के लिए सीएनएन और न्यूयॉर्क टाइम्स की कड़ी आलोचना कर

## आज का इतिहास

1651- पोलैंड और यूक्रेन के बीच बेरेस्तेको युद्ध शुरू।
1776- अमेरिकी की जीत के साथ सुलीवन द्वीप युद्ध समाप्त।
1838- विक्टोरिया इंग्लैंड की महारानी बनीं।
1846- एडोल्फ सैक्स ने वाद्य यंत्र सेक्सोफोन को पेटेंट कराया।
1857- नाना साहेब ने बिठूर में स्वयं को पेशवा घोषित किया।
1894- श्रम दिवस पर अमेरिका में आधिकारिक अवकाश घोषित।
1914- प्रथम विश्व युद्ध का तात्कालिक कारण- आस्ट्रिया के आर्कड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड और उनकी पत्नी सोफी की साराजेवो में हत्या।
1919- वारसा की संधि पर हस्ताक्षर।
1921- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव का जन्म।
1940- बंगलादेशी अर्थशास्त्री और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद युनुस का जन्म।
1975- भारत में आपातकाल के दौरान प्रेस प्रतिबंध लागू किया गया।
1981- चीन ने कैलाश और मानसरोवर का रास्ता खोला।
1981- तेहरान में भीषण बम विस्फोट, इस्लामिक रिपब्लिकन पार्टी के 73 पदाधिकारी मारे गये।
1986- लाल डेंगा मिजोरम के मुख्यमंत्री बने।
1986- केन्द्र सरकार ने अविवाहित लड़कियों को भी मातृत्व अवकाश देने का कानून बनाया।
1995- बाघों को शिकारियों से बचाने और उन्हें आश्रय देने के लिए मध्यप्रदेश को 'टाइगर स्टेट' घोषित किया गया।
1996- भारत ने फिलस्तीनी नियंत्रण वाले गाजा सिटी में अपना मिशन खोला।

**चिंताजनक** संयुक्त राष्ट्र के मानवीय कार्यकर्ताओं ने विश्व को किया आगाह, कहा

# गाजा में जरूरी वस्तुओं की कमी से बढ़ रही बीमारियां

**संयुक्त राष्ट्र, 27 जून (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय कार्यकर्ताओं ने कहा कि गाजा में स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने वाले उनके सहयोगियों ने स्वच्छ पानी, स्वच्छता और ईंधन की कमी से जुड़ी रोकथाम योग्य बीमारियों में वृद्धि की सूचना दी है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि पिछले दो हफ्तों में 19, से अधिक लूज मोशन (एक्यूट वाटरी डायरिया) के मामले दर्ज किए गए। साथ ही पीलिया सिंड्रोम और खूनी दस्त के 2 से अधिक मामले सामने आए हैं।**

मानवीय कार्यकर्ताओं ने कहा कि ये प्रकोप गाजा में स्वच्छ पानी और स्वच्छता की कमी से सीधे जुड़े हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के और बिगड़ने से रोकने के लिए ईंधन, चिकित्सा आपूर्ति और पानी, स्वच्छता और स्वच्छता सामग्री की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।

सहयोगियों ने डेर अल-बलाह में हवाई हमले के बाद अल अक्सा अस्पताल में एक और सामूहिक हमले की सूचना दी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में 20 से अधिक लोगों की मौत हुई और 70 अन्य घायल हुए। अतिरिक्त घायल मरीजों को नासेर मेडिकल कॉम्प्लेक्स और दो अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में स्थानांतरित करना पड़ा। ओसीएचए ने कहा कि गाजा में नागरिक रोजाना इजरायली हवाई हमलों, गोलाबारी, या अपने परिवारों के लिए भोजन तलाशने के दौरान मारे जा रहे हैं या घायल हो रहे हैं। इन दुखद घटनाओं को सामान्य नहीं माना जाना चाहिए और इन्हें तुरंत बंद करना होगा।



> ■ रोजाना हमलों या अपने परिवारों के लिए भोजन तलाशने के दौरान मारे जा रहे गाजा में नागरिक

एक और सकारात्मक बात यह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया कि 2 मार्च के बाद जब इजरायल ने गाजा पर पूर्ण नाकाबंदी लागू की थी, पहली बार चिकित्सा आपूर्ति गाजा में पहुंचाई गई। केरेम शालोम/करम अबू सालेम सीमा क्रॉसिंग से नौ ट्रकों में आवश्यक चिकित्सा सामग्री, 2,000 यूनिट रक्त और 1,500 यूनिट प्लाज्मा को ले जाया गया है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि आपूर्ति प्राथमिकता वाले अस्पतालों में वितरित की जा रही है। रक्त और प्लाज्मा को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में नासेर मेडिकल कॉम्प्लेक्स की कोल्ड स्टोरेज सुविधा में पहुंचाया गया, ताकि उन अस्पतालों में वितरित किया जाए, जहां चोटों की बढ़ती संख्या के बीच गंभीर कमी है, जिनमें से कई गैर-संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका द्वारा संचालित सैन्यीकृत खाद्य वितरण स्थलों पर होने वाली घटनाओं से जुड़े हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि अत्यंत आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति की यह खेप जरूरत के मुकाबले बहुत कम है।

## सुडोकू 6957

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 2 | | 1 | |
| 1 | 8 | | | | 7 | | | |
| | | | 1 | | | 6 | | |
| 8 | 9 | 5 | | 3 | | 1 | | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | 5 | 8 |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | 9 | 1 |
| | 3 | | 9 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6957

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, फिल्म, पुस्तक या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को निकाल देता है (सेंसर)
४. देर करना, देर होना
६. किरण
७ वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
१२. किसी विशेष संकल्प के लिए किया गया उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, उजागर, प्रगट (उर्दू) :
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट(उर्दू)
२२. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**
१. मध्यान्ह
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतन वृद्धि की सलिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

### वर्ग पहेली-6956

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ज | ल्ली | २ क | टू | ■ | ■ | ३ अ | द्धां | ४ गि | नी |
| म | ■ | ल्प | ■ | ५ वि | प | क्ष | ■ | र | ■ |
| ६ घ | रा | ना | ■ | भा | ■ | ७ रि | क्त | ह | ८ स्त |
| ट | ■ | ती | ■ | ९ ज | न्न | त | ■ | ■ | ब्ध |
| ■ | १० वै | त | ११ नि | क | ■ | ■ | १२ उ | त्था | न |
| ■ | ध | ■ | य | ■ | १३ नि | मि | त्त | ■ | य |
| १४ सी | ता | १५ प | ति | ■ | पु | ■ | १६ म | १७ लि | न |
| घा | ■ | द | ■ | १८ प्र | ण | १९ त | ■ | हा | ■ |
| २० सा | द | र | ■ | ता | ■ | २१ र | म | जा | २२ न |
| दा | ■ | २३ ज | हा | प | ना | ह | ■ | ■ | भ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6957 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 7 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 2 |

## दुनिया को जानें

### जापान में 2022 के बाद पहली बार दी गई सीरियल किलर को फांसी

**टोक्यो,** 27 जून (एजेंसियां)। जापान में शुक्रवार को एक व्यक्ति को फांसी दी गई, जिस पर 2017 में कनागावा प्रान्त में 9 लोगों की हत्या का आरोप था। 34 वर्षीय आरोपी शिराशी ताकाहिरो, जिसे 'ट्विटर किलर' कहा जाता था। सिलसिलेवार हत्या के दोषी ताकाहिरो को टोक्यो डिटेंशन हाउस में फांसी दी गई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जुलाई 2022 के बाद से जापान में यह पहली फांसी थी और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के प्रशासन के तहत यह पहली फांसी थी।

जापान के न्याय मंत्री केसुके सुजुकी ने कहा कि उन्होंने इस फैसले पर काफी सोच-विचार कर फांसी के आदेश पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि यह मामला बहुत ही स्वार्थी मकसद जैसे यौन और पैसों की लालच के चलते हुआ, जिसमें दो महीनों में 9 लोगों की जान गई। इससे पूरे समाज में डर और चिंता का माहौल बन गया। मैं समझता हूं कि यह पीड़ितों और उनके परिवारों दोनों के लिए विशेष रूप से दिल दहला देने वाला मामला है। सुजुकी ने बताया कि पूरी कानूनी प्रक्रिया और विचार-विमर्श के बाद ही फांसी का आदेश दिया गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, शिराशी को 2017 में गिरफ्तार किया गया था।

# खेल जगत

## वेस्टइंडीज के सील्स पर लगा मैच का 15 प्रतिशत जुर्माना

**बारबाडोस।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी के आज एक बयान के अनुसार सील्स को खिलाड़ियों और उनके सहायक कर्मियों के लिए अपमानजक भाषा, क्रियाकलाप तथा हाव-भाव से आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया। इसके तहत उन पर मैच फीस के 15 प्रतिशत जुर्माने के अलावा अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। यह पिछले 24 महीने की अवधि में उनका दूसरा अपराध है। यह घटना बुधवार को पहले टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पारी के 55वें ओवर में उस समय हुई जब कप्तान पैट कमिंस को आउट करने के बाद सील्स ने उन्हें पवेलियन की ओर इशारा किया।



# दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे जसप्रीत बुमराह!

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 27 जून (देशबन्धु)। भारत लीडस में इंग्लैंड के खिलाफ नई वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) साइकिल 2025-27 का लीडस में पांच टेस्ट मैचो की एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी का पहला लगभग जीता टेस्ट आधा दर्जन टपकाए कैचों के चलते पांच विकेट से हार चुका है। भारत के लिए अब एजबेस्टन में सीरीज का दूसरा टेस्ट जीत सीरीज में बराबरी पाने के लिए सबसे बड़ा सवाल यह है क्या उसके तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह उसे उपलब्ध होंगे? वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते बुमराह इस टेस्ट सीरीज मे मात्र तीन टेस्ट के लिए उपलब्ध हैं और इनमें से वह लीडस में पहला टेस्ट खेल चुके हैं देखना अब अहम यह है कि शुक्रवार और शनिवार को अभ्यास में बुमराह का शरीर उनका कितना साथ देता है? बुमराह का शरीर उनका साथ देता है तो भारत उन्हें एजबेस्टन में सीरीज के दूसरे टेस्ट में भी खिलाना चाहेगा और उन्हें तीसरे टेस्ट के लिए आराम देकर उन्हें फिर सीरीज के चौथे टेस्ट में उतारना चाहेगा, जिससे की सीरीज जीवंत बनी रहे। दिलचस्प बात यह है कि लीडस में भारत की पहले टेस्ट की हार के बाद जब चीफ कोच गंभीर से बुमराह को दूसरे टेस्ट के लिए एकादश में उतारने की बाबत पूछा गया तो उनका जवाब था भारत जितनी ज्यादा क्रिकेट खेल रहा है उसके मद्देनजर यह ध्यान देना जरूरी है कि बुमराह का शरीर उनका कितना साथ देगा। गंभीर की बात से संकेत यही मिलता है वह बुमराह को लेकर बहुत जोखिम उठाने को तैयार नहीं है और वह उन्हें दूसरे टेस्ट के लिए आराम देने के ही मूड में नजर आते हैं। बुमराह के दूसरे टेस्ट में खेलने की बाबत अंतिम फैसला बुमराह का ही होगा। पहले टेस्ट में मिली हार के बावजूद भारत को दूसरे टेस्ट मे जरूरत खुद पर भरोसा बनाए रखने की होगी। भारत की ओर पहले



■ भारत को दूसरे टेस्ट में जरूरत खुद पर भरोसा बनाए रखने की
■ शार्दूल की जगह भारत क्या नीतिश व कुलदीप में किसी को शामिल करेगा

टेस्ट में पांच शतक जड़े गए लेकिन इसके बावजूद उसे पहले टेस्ट में इसलिए हार झेलनी पड़ी क्योंकि आधा दर्जन कैच टपकाने के साथ उसका निचला क्रम जहां ताश के पत्तों की तरह ढह गया । वहीं इंग्लैंड के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने उपयोगी पारियां कर पहले टेस्ट की पहली पारी में उसे भारत के पहली पारी के स्कोर के बहुत करीब पहुंचाया। इंग्लैंड इसलिए पहले टेस्ट में 'नियोजित बाजलबॉल' खेल पाया क्योंकि अब इंग्लैंड की पिचें कहीं ज्यादा सपाट हो गई हैं। इंग्लैंड पहले टेस्ट की दूसरी पारी में जीत के लिए रखे 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम दिन पहले घंटे में धैर्य से खेला और दूसरे घंटे में खासतौर पर शतक जड़ने वाले बेरन डकेट ने दूसरे घंटे में गियर बदल कर उसे जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अपनी चर्चित बाजबॉल शैली में दरअसल इंग्लैंड के बल्लेबाज आक्रामक तेवर अपना कर शुरू से ही दे दनादन कर अच्छी गेंदों पर भी प्रहार करने की कोशिश करते हैं। इंग्लैंड ने खासतौर पर पांचवे व अंतिम दिन शुरू के घंटे में संभल कर बल्लेबाजी करने के बाद लंच से पहले गियर बदल कर बल्लेबाजी की। सुनील गावसकर जैसे धुरंधर तक इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए शार्दूल ठाकुर को एकादश से बाहर रख कर बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव का एकादश में जगह देने की वकालत कर रहे हैं। वहीं भारत के बॉलिंग कोच मॉर्ने मॉकेल गेंद से बल्लेबाजी ऑलराउंडर नीतिश रेड्डी की मैजिक बॉल के कायल हैं। यदि बुमराह खुद दूसरे टेस्ट के लिए भारत की एकादश से बाहर रहने का फैसला करते हैं तो फिर भारत को अपने गेंदबाजी संयोजन की बाबत गंभीरता से सोचना होगा कि वह उनकी जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और पांच विकेट लेने के बावजूद पहले टेस्ट में खासे महंगे साबित हुए प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज के साथ उतरे।

## जयसूर्या, डिसिल्वा का कहर, बांग्लादेश हार की ओर

**कोलंबो,** 27 जून (एजेंसियां)। प्रभात जयसूर्या और धनंजय डिसिल्वा (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन बंगलादेश के दूसरी पारी में 115 रन के स्कोर पर छह विकेट झटक अपनी जीत सुनिश्चित कर ली है। श्रीलंका ने कल के दो विकेट पर 290 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह श्रीलंका का तीसरा विकेट सुबह के सत्र में पथुम निसंका के रूप में गिरा। पथुम निसंका ने 254 गेंदों में 19 चौकों की मदद से 158 रनों की पारी खेली। इसके थोड़ी देर बाद तैजुल इस्लाम ने कप्तान धनंजय डिसिल्वा (सात) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कुसल मेंडिस को छोड़कर श्रीलंका के अन्य बल्लेबाज बंगलादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके। प्रभात जयसूर्या (10) को नाहिद राणा ने आउट किया। सोनल दिनुशा (11), थरिंडु रत्नायके (10) रन बनाकर आउट हुये। कुसल मेंडिस ने 87 गेंदों में आठ चौके और दो छक्कों की मदद से (84) रनों की पारी खेली। श्रीलंका की पूरी टीम ने 116.5 ओवर में 458 रन बनाये और 211 रनों की बढ़त हासिल कर ली। बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने पांच और नईम हसन ने तीन विकेट लिये। नाहिद राणा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत एक बार फिर अच्छी नहीं रही और उसने 31 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिए।

# भारतीय महिला हॉकी टीम करो व मरो के डबल हेडर में चीन से भिड़ेगी



**नई दिल्ली,** 27 जून (देशबन्धु)। आक्रामक मिडफील्डर सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय महिला हॉकी टीम के एफआईएच प्रो महिला हॉकी लीग 2024-25 को लगातार हार का सिलसिला तोड़ने के लिए चीन के खिलाफ करो व मरो के डबल हेडर में बर्लिन में भिड़ेगी। भारत चीन से पहला मैच 28 और दूसरा व रिटर्न मैच 29 जून को बर्लिन में खेलेगी। भारतीय महिला हॉकी अपनी पुरुष हॉकी टीम से प्रो लीग में आखिरी मैच में बबेल्जियम पर प्रेरणा लेकर प्रो लीग में अपना अभियान जीत के साथ समाप्त करने की कोशिश करेगी

भारत की पुरुष हॉकी टीम आठवें स्थान पर रह प्रो लीग के अगले सस्करण से बाहर हाने से बच गक्ष, फिलहाल चीन की महिलर हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में चौथे स्थान पर है जबकि भारत नौवे व आखिरी स्थान पर है।

वहीं इंगलैड की महिला टीम भारत से एक अंक ज्यादा ले आठवें स्थान पर है। भारत औफिलार इंग्लैंड की महिला टीमों को अपने अपने दो मच अभी और खेलने हैं। भारत की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा,'इस हफ्ते के आखिरी मे हमारे लिए यह बेहद अहम डबल हेडर है॥ हम अपनी पुरुष हॉकी टीम से प्रेरणा लेकर इस डबल हेडर में खेलने उतरेंगे। हमने प्रो लीग में खेलकर बहत कुछ सीखा और अपनी कमियो को जाना जिन्हें हम आगे दूर करने की कोशिश करेंगे। हम घर वापस लैटनशे पर अपने प्रदर्शन का आत्मावलोकन करेंगे। फिलहाल हमारा फोकस चीन के खिलाफ इन दोनों मैचों मे2 बढ़िया प्रदर्शनकरने पर है। भारत ने 2024 में बिहार में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में चीन को लीग मैच में 3-0 से तथा फाइनल में 1-0 से हराया था। वहीं भारत पिछली एफआईएच प्रो लीग मे चीन से 1-2 से हराया था। भारत की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, 'चीन हमारे लिए जाना पहचाना प्रतिद्वंद्वी है और हम उसकी क्षमता से वाकिफ हैं। चीन एक मजबूत टीम है उसे हाराना मुश्किल है लेकिन हम उसके खिलाफ अपनी ताकत से खेलेंगे।

भारत चीन से पहला मैच आज और दूसरा व रिटर्न मैच 29 जून को बर्लिन में खेलेगी

## भारत-पाकिस्तान क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता की तुलना किसी से नहीं की जा सकती: रोहित शर्मा



**नई दिल्ली,** 27 जून (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों में उत्साह और चर्चा बेजोड़ है, क्योंकि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता है। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ऐसे कई मैचों का हिस्सा रहे हैं और उन्होंने माना कि इन मुकाबलों से पहले का माहौल बेजोड़ होता है। टी20 विश्व कप 2024 में दोनों के बीच हुए मुकाबले को याद करते हुए रोहित ने कहा कि मैच से पहले का माहौल एक उत्सव जैसा था, जो उनके होटल से शुरू होकर स्टेडियम तक फैला हुआ था। भारत ने कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में छह रन से मैच जीता, जिसमें जसप्रीत बुमराह ने 3-14 के आंकड़े हासिल किए और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। भारत बनाम पाकिस्तान मैच से पहले, हमें बताया गया कि कोई खतरा है - कुछ चल रहा है। इसलिए, मैच से दो दिन पहले, हमें होटल से बाहर निकलने की अनुमति नहीं थी। वहां से माहौल बनना शुरू हुआ। हम खाना ऑर्डर कर रहे थे, और होटल इतना भरा हुआ था कि आप मुश्किल से चल पा रहे थे। प्रशंसक, मीडिया - हर कोई वहां था। तब आपको एहसास होता है कि यह कोई आम मैच नहीं है - कुछ खास होने वाला है। रोहित ने जियो हॉटस्टार के विशेष कार्यक्रम 'चैंपियंस वाली फीलिंग फिर से' में कहा कि जैसे ही हम स्टेडियम के पास पहुंचे , यह पहले से ही जश्न जैसा लग रहा था - भारतीय प्रशंसक, पाकिस्तानी प्रशंसक, सभी नाच रहे थे और मौज-मस्ती कर रहे थे। मैंने अब तक भारत-पाकिस्तान के इतने सारे मैच खेले हैं - मैं गिनती भूल गया हूँ - लेकिन मैच से पहले की वह ऊर्जा, वह एहसास... यह हमेशा कुछ और ही होता है।

# राष्ट्रीय चयन ट्रॉयल में अनीश का डबल, एयर राइफल में नर्मदा जीती

**देहरादून,** 27 जून (एजेंसियां)। पूर्व विश्व चैंपियन और ओलंपियन अनीश भनवाला ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (पुरुष) स्पर्धा में लगातार दो ट्रायल्स जीतकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि तमिलनाडु की नर्मदा नितिन ने 10 मीटर एयर राइफल (महिला) स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह प्रदर्शन नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 3 और 4 के चौथे दिन देखने को मिला, जो ग्रुप 'ए' राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए त्रिशूल शूटिंग रेंज, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर में आयोजित किए जा रहे हैं। नर्मदा ने 24 शॉट के फाइनल में शांत और संतुलित प्रदर्शन करते हुए 253.7 का स्कोर हासिल किया और आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल की रजत पदक विजेता सोनम उत्तम मास्कर को 1.7 अंकों से हराया। दिल्ली की राजश्री अनिलकुमार ने 22 शॉट के बाद 230 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले,



■ दिल्ली की राजश्री अनिल कुमार ने 22 शॉट के बाद 230 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया

महिला एयर राइफल स्पर्धा के सितारों से सजे क्वालिफिकेशन राउंड में नर्मदा ने 629.5 के स्कोर के साथ छठा स्थान प्राप्त किया था। वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट मेहुली घोष ने 632.2 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में टॉप किया, जो सोनम से महज 0.1 अंक ज्यादा था, जबकि राजश्री 631.9 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। छह सीरीज में 10-10 शॉट्स के आधार पर हुए क्वालिफिकेशन में श्रेया अग्रवाल (630.5), 50 मीटर 3पी टी4 विजेता विदर्शा के विनोद (630.3), अयोनिका पॉल (629.4) और ज्ञानेश्वरी जयवीर पाटिल (629.3) ने भी टी3 फाइनल लाइनअप में जगह बनाई। पुरुषों की 25 मीटर आरएफपी टी4 फाइनल में अनीश ने अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए 30 का स्कोर किया और लगातार दूसरा फाइनल अपने नाम किया। नेवी के प्रदीप सिंह शेखावत ने उन्हें कड़ी टक्कर दी लेकिन 29 अंकों के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि हरियाणा के अनीश के साथी आदर्श सिंह ने 23 शॉट्स के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## चौथे पैरा एशियाई खिलाड़ियों के लिए 19.72 करोड़ रुपए मंजूर

**चंडीगढ़,** 27 जून (एजेंसियां)। हरियाणा सरकार ने 'चौथे पैरा एशियाई खेलों 2022' में भाग लेने वाले हरियाणा के 13 खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार के लिए 19.72 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मंजूर की है। इन पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में एथलेटिक्स खिलाड़ी हैनी को स्वर्ण पदक जीतने पर तीन करोड़ रुपए मिलेंगे। नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) को स्वर्ण पदक जीतने पर तीन करोड़ रुपए और रजत पदक जीतने पर 1.5 करोड़ रुपये मिलेंगे। सरिता अधाना (पैरा तीरंदाजी) को रजत पदक जीतने पर 1.5 करोड़ रुपए मिलेंगे। पूजा, धर्मबीर, रिंकू, प्रमोद, योगेश कथुनिया, रामपाल और मोनू घनघस को रजत पदक जीतने पर क्रमशः 1.50 -1.50 करोड़ रुपये मिलेंगे। पैरा लॉन बॉल खिलाड़ी अंजू बाला, एथलेटिक्स खिलाड़ी जसबीर और कैनोइंग खिलाड़ी जयदीप को खेलों में भाग लेने की एवज में क्रमशः 7.50-7.50 लाख रुपए मिलेंगे। इसके अलावा, एथलेटिक्स खिलाड़ी प्रणव सूरमा, रमन शर्मा, सुमित और तरुण ढिल्लों को भी स्वर्ण पदक जीतने पर क्रमशः तीन-तीन करोड़ रुपए मिलेंगे

## सार संक्षेप

### जेडन सील्स पर लगा जुर्माना

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में शानदार गेंदबाजी करने वाले कैरेबियाई तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर उनकी मैच फीस के 15 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया है। उन्हें आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 का उल्लंघन करने के कारण एक डिमेरिट प्वाइंट भी मिला है। यह कार्रवाई ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिजटाउन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन की घटना के कारण हुई। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि सील्स को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, क्रिया या हाव-भाव का उपयोग करने या आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़काने से संबंधित है। इसके अलावा, सील्स के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में दूसरा अपराध था, जिससे 24 महीने की अवधि में उनके डिमेरिट अंकों की संख्या दो हो गई है।

### न्यूजीलैंड टीम में एडम मिल्ने की वापसी

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड ने अगले महीने जिम्बाब्वे में होने वाली टी2 त्रिकोणीय सीरीज के लिए एडम मिल्ने और बेवन जैकब्स को अपनी टीम में शामिल किया है, लेकिन टीम में केन विलियमसन और लॉकी फर्ग्युसन की गैरमौजूदगी रहेगी क्योंकि नए मुख्य कोच रॉब वॉल्टर 226 टी2 विश्व कप की तैयारियां शुरू करना चाह रहे हैं। विलियमसन फिलहाल मिडिलसेक्स के साथ हैं और बाद में लंदन स्पिरिट के लिए हंड्रेड में खेलेंगे। उन्होंने इस दौरे के लिए खुद को अनुपलब्ध बताया है, जबकि फर्ग्युसन को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है। काइल जेमीसन भी टीम में नहीं हैं क्योंकि वह अपने पहले बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं और बेन सीयर्स को साइड इंजरी हुई है। मिल्ने ने आखिरी बार फरवरी 224 में टी2 खेला था और टखने की सर्जरी के कारण पिछले विश्व कप में जगह बनाने से चूक गए थे।

## टी-20 मैचों में ओवर कटने के बाद पावरप्ले अब गेंदों की संख्या के आधार पर



■ यह नियम जुलाई से प्रभावी होंगे
■ नए नियमों के अनुसार आठ ओवर की पारी में अब 2.2 ओवर का पावरप्ले होगा

**दुबई,** 27 जून (एजेंसियां)। पुरुषों के टी20 के पावरप्ले नियमों में कुछ अहम बदलाव हुए हैं। अब अगर बारिश या किसी अन्य कारण से पारी के ओवर कम किए जाते हैं, तो पावरप्ले को ओवर की बजाय गेंदों के आधार पर तय किया जाएगा। वर्तमान नियमों के अनुसार 20 ओवर की पारी में शुरुआती छह ओवर पावरप्ले के होते हैं। नए नियमों के अनुसार आठ ओवर की पारी में अब 2.2 ओवर का पावरप्ले होगा। इसी तरह नौ ओवर की पारी में 2.4 ओवर का पावरप्ले होगा। ये नियम जुलाई से प्रभावी होंगे। ऊपर दिए गए आठ ओवर के उदाहरण में, तीसरे ओवर की दो गेंदों के बाद अंपायर संकेत देंगे, जिसके बाद तीन अतिरिक्त फील्डर सर्कल के भीतर से बाहर जा सकेंगे। यह नियम इंग्लैंड के टी20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में कई सालों से उपयोग किया जा रहा है, जहां ओवर के बीच में पावरप्ले समाप्त होने से खिलाड़ियों या मैच अधिकारियों को कोई परेशानी नहीं होती है। टेस्ट क्रिकेट में ओवर-रेट पर नियंत्रण के लिए स्टॉप क्लॉक का उपयोग, नो-बॉल पर भी कैच की वैधता जांचना और घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में प्लेयर रिप्लेसमेंट की मंजूरी देना पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की शर्तों में किए गए कुछ अन्य प्रमुख बदलाव हैं।

## असालंका बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में श्रीलंका की अगुवाई करेंगे

**कोलंबो,** 27 जून (एजेंसियां)। श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह सीरीज 2, 5 और 8 जुलाई को खेली जाएगी। चरिथ असालंका टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि बल्लेबाज सदीरा समरविक्रमा की टीम में वापसी हुई है। समरविक्रमा ने अपना आखिरी वनडे पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। बांग्लादेश के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज में लगातार शतक जड़ने वाले दाएं हाथ के बल्लेबाज पथुम निसंका दोनों टीमों के बीच आगामी वनडे सीरीज में भी अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। टीम के मुख्य खिलाड़ी कुसल मेंडिस, अविष्का फर्नांडो, वानिंदु हसरंगा और महेश थीक्षाना 50 ओवर की प्रतियोगिता में खेलने के लिए तैयार हैं। चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर रहे मिलन रत्नायके को वनडे टीम में शामिल किया गया है, हालांकि उनकी भागीदारी फिटनेस आकलन पर निर्भर करेगी।

# जॉन लुईस ने यूपी वॉरियर्स के मुख्य कोच की भूमिका छोड़ी

**नई दिल्ली,** 27 जून (एजेंसियां)। इंग्लैंड की महिला टीम से बाहर होने के महीनों बाद, जॉन लुईस ने अब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में यूपी वॉरियर्स (यूपीडब्ल्यू) के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका छोड़ दी है। 2023 में लीग की शुरुआत से ही लुईस टीम के कोच थे और उनके नेतृत्व में, टीम उस सीजन में प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन अंतिम चैंपियन मुंबई इंडियंस से हार गई। लेकिन 2024 के सीजन में, यूपीडब्ल्यू प्लेऑफ में प्रवेश करने में विफल रही क्योंकि वे अंक तालिका में चौथे स्थान पर रहे। डब्ल्यूपीएल 2025 में, भारत की ऑफ-स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा की अगुवाई में, नियमित कप्तान एलिसा हीली के घुटने की चोट के कारण अनुपलब्ध रहने के बाद, यूपीडब्ल्यू अंक तालिका में सबसे नीचे रही। शुक्रवार को फ्रेंचाइज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि पहले दिन से ही आपने हम पर भरोसा किया। उतार-चढ़ाव, सीख और बीच की हर चीज के लिए - दिल, शांति और विश्वास के साथ नेतृत्व करने के लिए कोच जॉन लुईस का शुक्रिया। आप हमेशा वॉरियर्स परिवार का हिस्सा रहेंगे।



आप हमेशा वॉरियर्स परिवार का हिस्सा रहेंगे :

# सिनर, जोकोविच एक ही हाफ में, सेमीफाइनल में हो सकती है भिड़ंत

**लंदन,** 27 जून (एजेंसियां)। 2025 विंबलडन चैंपियनशिप के लिए ड्रॉ शुक्रवार को हुआ, और जानिक सिनर की पहली बार खिताब जीतने की चाहत सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच के साथ हैवीवेट सेमीफाइनल मुकाबले पर निर्भर हो सकती है, क्योंकि दोनों को एक ही हाफ में ड्रा किया गया है। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी, सिनर, शुक्रवार की सुबह ड्रॉ के बाद, ग्रास-कोर्ट मेजर में अपने हमवतन लुका नारदी के खिलाफ शुरुआत करेंगे। 2018 के बाद से अपनी सबसे कम वरीयता (छठी) पर प्रतिस्पर्धा कर रहे जोकोविच, फ्रांसीसी एलेक्जेंडर मुलर के खिलाफ रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले आठवें विंबलडन खिताब के लिए अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। नोवाक जोकोविच, एक सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी, विंबलडन के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने 7 बार यह खिताब जीता है। वहीं, जानिक सिनर एक युवा इतालवी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने हाल के वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है और विंबलडन में एक संभावित खतरा माना जा रहा है। इस साल, जोकोविच और सिनर दोनों को एक ही ब्रैकेट में रखा गया है, जिसका मतलब है कि वे सेमीफाइनल में एक-दूसरे से खेल सकते हैं। यह एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है, क्योंकि दोनों खिलाड़ी उच्च स्तर का टेनिस खेलने के लिए जाने जाते हैं। जोकोविच को ब्रिटिश नंबर 1 जैक ड्रेपर के साथ क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए वरीयता दी गई है, जो अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज के खिलाफ शुरुआत करेंगे।



■ नोवाक जोकोविच, विंबलडन के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने 7 बार यह खिताब जीता

मई में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में जोकोविच और सिनर का आमना-सामना हुआ था, जिसमें सिनर ने बाजी मारी थी। सिनर को रौलां गैरो के फाइनल में कार्लोस अल्काराज से हार का सामना करना पड़ा, पहले दो सेट जीतने के बाद पांच सेट के मैराथन में हार का सामना करना पड़ा। ड्रॉ के निचले हिस्से में, दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज का सामना 38 वर्षीय फैबियो फोगनिनी से होगा। 22 वर्षीय स्पैनियार्ड लगातार 18 मैचों की जीत की लय में हैं - जो उनके करियर की सबसे लंबी जीत है - और क्वार्टर फाइनल में उनका सामना आठवें वरीय होल्गर रूण से हो सकता है।दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और तीन बार के मेजर फाइनलिस्ट अलेक्जेंडर ज्वेरेव, जो आर्थर रिंडरकनेच के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे, उन्हें क्वार्टर फाइनल में टेलर फ्रिट्ज से भिड़ना है। पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी का सामना अपने पहले मैच में बड़ी सर्विस करने वाले जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड से होगा और वह ज्वेरेव से 8-5 से आगे हैं।

# एथलेटिक क्लब और बार्सिलोना के बीच निको विलियम्स को लेकर बढ़ा टकराव

**मैड्रिड,** 27 जून (एजेंसियां)। एथलेटिक क्लब और एफसी बार्सिलोना के बीच जोरदार टकराव चल रहा है, क्योंकि बार्सिलोना स्पेन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विंगर निको विलियम्स को अपनी टीम में शामिल करना चाहता है। बार्सिलोना लगातार दूसरी गर्मियों में विलियम्स को साइन करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन एथलेटिक क्लब अपने स्टार खिलाड़ी की बिक्री पर बातचीत करने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में बार्सिलोना के पास खिलाड़ी के कॉन्ट्रैक्ट में तय की गई 58 मिलियन यूरो (करीब 68 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के रिलीज क्लॉज को एक्टिव करने का ही रास्ता बचा है। बार्सिलोना के लिए यह भी मुश्किल है, क्योंकि ला लीगा में वित्तीय नियम (फाइनेंशियल फेयर प्ले) बहुत सख्त हैं। डैनी ओल्मो को केवल तभी खेलने की छूट दी गई जब क्लब ने स्पेन की सुपीरियर स्पोर्ट्स कमेटी से अपील की, और यह स्पष्ट नहीं है कि क्या क्लब अब खिलाड़ियों को हटाए बिना नए खिलाड़ियों को साइन करने की वित्तीय स्थिति में है। इसी बीच बार्सिलोना के स्पोर्टिंग डायरेक्टर डेको ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था कि विलियम्स खुद एथलेटिक क्लब को बता चुके हैं कि वे बार्सिलोना आना चाहते हैं। इस बयान से एथलेटिक क्लब नाराज हो गया और उन्होंने ला लीगा और स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन से बार्सिलोना की आर्थिक स्थिति की जांच करने को कहा। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस पर बार्सिलोना के प्रेसिडेंट जोआन लापोर्ता भड़क गए और कहा कि एथलेटिक क्लब को अपनी ही चिंता करनी चाहिए।



# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 3.06 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 2.43 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.11 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.56 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.39 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| ट्रेंट | 1.42 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.13 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.93 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.74 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.66 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,930 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,07,890 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7900-8000 |
| उड़द दाल | 9500-9600 |
| मूंग दाल | 9200-9300 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

# गिफ्ट आईएफएससी को प्रतिस्पर्धी बनाने की जरूरत : सीतारमण

**नई दिल्ली,** 27 जून (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देकर कहा है कि गिफ्ट स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को भारत में वैश्विक पूंजी प्रवाह के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, ताकि अगले दो दशकों में उच्च विकास वाले क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

उन्होंने गिफ्ट सिटी को इंटीग्रेटेड, मॉडर्न और सस्टेनेबल लिविंग इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित एक गतिशील स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों से शीर्ष स्तर की प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए ऐसी विश्वस्तरीय सुविधाएं स्थापित करना आवश्यक है।

गांधीनगर में गिफ्ट सिटी में आईएफएससी के अपने दौरे के दौरान, वित्त मंत्री ने प्रगति की समीक्षा की और प्रमुख बाजार प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। केंद्रीय वित्त मंत्री ने अधिकारियों से देश में एचएनआई निवेश को आकर्षित करने के लिए जीआईएफटी आईएफएससी को अधिक प्रतिस्पर्धी और लागत प्रभावी बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया और देश की वित्तीय जरूरतों के लिए आईएफएससी में सॉवरेन और पेंशन फंड जुटाने में आईएफएससीए की भूमिका की क्षमता को रेखांकित किया।



**वित्त मंत्री ने हितधारकों की भागीदारी का विस्तार व मूल्य निर्धारण को मजबूत कर आईआईबीएक्स में कार्यान्वयन को बेहतर करने की जरूरतों पर दिया जोर**

भारत की वैश्विक वित्तीय स्थिति को बढ़ाने में गिफ्ट आईएफएससी की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने अगले कुछ वर्षों में ही सुधारों को तेज करने पर जोर दिया, ताकि 2047 तक 'विकसित भारत' के विजन के साथ विकास को आगे बढ़ाया जा सके।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने हितधारकों की भागीदारी का विस्तार कर और मूल्य निर्धारण को मजबूत कर इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) में कार्यान्वयन को बेहतर करने की जरूरतों पर जोर दिया, जिससे गिफ्ट आईएफएससी को एक ग्लोबल बुलियन हब के तौर पर स्थापित किया जा सके। उन्होंने बैंकिंग, बीमा, पूंजी बाजार, फंड उद्योग, वित्त कंपनियों, भुगतान सेवा प्रदाताओं, एयरक्राफ्ट और शिप लीजिंग फर्मों, फिनटेक फर्मों, आईटीएफएस प्लेटफॉर्म प्रदाताओं और विदेशी विश्वविद्यालयों के एमडी और सीईओ, अध्यक्षों, संस्थापकों और सीएफओ के साथ भी बातचीत की। इसके अलावा, गिफ्ट सिटी कंपनी लिमिटेड और आईएफएससीए ने गिफ्ट आईएफएससी को एक लीडिंग ग्लोबल फाइनेंशियल सेंटर के तौर पर स्थापित करने के उद्देश्य से प्रमुख नीति, विनियामक और कर सुधारों पर अपनी प्रस्तुति दी।

## भारतीय बाजारों में तेजी आने की संभावना : मॉर्गन स्टेनली

**मुंबई।** मॉर्गन स्टेनली ने शुक्रवार को एक नोट में कहा कि वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट के बजाय तेजी आने की अधिक संभावना है। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म भारतीय इक्विटी पर आशावादी बनी हुई है। फर्म को उम्मीद है कि मजबूत विकास डेटा, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सहायक कदम और उम्मीद से बेहतर कॉर्पोरेट आय जुलाई से बाजार को ऊपर ले जाएगी। फर्म के अनुसार, भारत में लगातार सुधार के संकेत दिख रहे हैं। सरकारी खर्च बढ़ रहा है और आरबीआई अधिक सहायक या शांत नीति रुख की ओर बढ़ रहा है। यह, मुद्रास्फीति में कमी के साथ मिलकर शेयर बाजार के लिए अच्छा माहौल बना रहा है। ब्रोकरेज फर्म का यह भी मानना है कि कम ब्याज दरें बैंकों को अधिक उधार देने में मदद करेंगी, जिससे उधार वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, अगर वैश्विक अनिश्चितताएं कम होती हैं, तो भारतीय कंपनियां नई परियोजनाओं में अधिक निवेश करना शुरू कर सकती हैं।

## मई में अमेरिका को भारत के इंजीनियरिंग निर्यात में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली,** 27 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ में बढ़ोतरी की घोषणा के कारण पैदा हुई अनिश्चितता के बावजूद, इस साल मई में अमेरिका को भारत के इंजीनियरिंग सामान निर्यात में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो बढ़कर 1.74 बिलियन डॉलर हो गईk इसी तरह, जर्मनी, यूके और नीदरलैंड जैसे यूरोपीय देशों को इंजीनियरिंग सामान के निर्यात में भी इस साल मई में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। ईईपीसी इंडिया के चेयरमैन पंकज चड्ढा ने मई के व्यापार आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ को भारत के इंजीनियरिंग निर्यात में वृद्धि हुई है। वहीं यूएई, सऊदी अरब और तुर्किये में शानदार गिरावट देखी गई, जो भारत के लिए प्रमुख बाजार हैं और भारत के शीर्ष 25 गंतव्यों में प्रमुखता से शामिल हैं। यह गिरावट क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और लॉजिस्टिक्स के लिए बढ़ते खतरे की वजह से देखी गई। बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण एल्युमीनियम और उसके उत्पादों का निर्यात भी प्रभावित हुआ। मध्य पूर्व में शिपमेंट में गिरावट के परिणामस्वरूप मई 2025 में कुल इंजीनियरिंग सामान निर्यात में 0.82 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई और यह 9.89 बिलियन डॉलर पर आ गया। हालांकि, इस अवधि के दौरान भारत के कुल व्यापारिक निर्यात में इंजीनियरिंग सामान की हिस्सेदारी बढ़कर 25.53 प्रतिशत हो गई, जो देश के मैन्युफैक्चरिंग बेस के विस्तार और एक्सपोर्ट बास्केट में उच्च मूल्य वाले सामानों के बढ़ते वजन को दर्शाता है।



**यूएई, सऊदी अरब व तुर्किए में देखी गई गिरावट**

## क्यूसीओ ने एमएसएमई को उनके उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाकर लाभ पहुंचाया : गोयल

**नई दिल्ली,** 27 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर्स (क्यूसीओ) ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को उनके उत्पादों की गुणवत्ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाकर लाभ पहुंचाया है। क्यूसीओ घटिया उत्पादों के आयात को प्रतिबंधित करने और उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ भारतीय उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि उन्होंने क्यूसीओ के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए एमएसएमई क्षेत्र के साथ एक हितधारक परामर्श बैठक की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा कि स्टैंडर्ड सेटिंग



प्रॉसेस को अधिक सहयोगात्मक, समावेशी और अनुपालन में आसान बनाने पर उनकी प्रतिक्रिया की सराहना की। एमएसएमई ने स्वीकार किया कि क्यूसीओ ने उत्पाद की गुणवत्ता और उपभोक्ता संतोष को बढ़ाकर उनके क्षेत्र को लाभ पहुंचाया है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी के जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट के दृष्टिकोण के अनुरूप, एमएसएमई ने घरेलू क्षमताओं को बढ़ावा देने और देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए क्वालिटी माइंडसेट के महत्व को भी दोहराया।

# वित्त वर्ष 2026 में जीडीपी 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

**मुंबई,** 27 जून (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2026 में भारत की जीडीपी 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जबकि सीपीआई मुद्रास्फीति औसतन 4.0 प्रतिशत के आसपास रहेगी। एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई द्वारा दरों में कटौती की उम्मीद नहीं है, जब तक कि विकास के लिए कोई नकारात्मक जोखिम न हो।

केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, चालू खाता घाटा (जीडीपी के प्रतिशत के रूप में) वित्त वर्ष 2025 में 1.0 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026 में 0.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि राजकोषीय घाटा 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2026 के अंत तक 10 ईयर जी-सेक यील्ड 6.0 प्रतिशत-6.2 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है और वित्त वर्ष 2026 के अंत तक यूएसडी-आईएनआर एक्सचेंज रेट 85 और 87





■ **आरबीआई द्वारा दरों में कटौती की उम्मीद नहीं**

के बीच कारोबार करने का अनुमान है।

हाल ही में एमपीसी में, आरबीआई ने मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं को कम करने के बीच विकास को प्राथमिकता देने का संकेत दिया। एक महत्वपूर्ण लिक्विडिटी उपाय में, आरबीआई ने सितंबर से शुरू होने वाले चरणबद्ध 100 बीपीएस सीआरआर कटौती की भी घोषणा की, जिससे दिसंबर 2025 तक सिस्टम में लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपए की ड्यूरेबल लिक्विडिटी आने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2026 के लिए, आरबीआई ने अपने जीडीपी विकास पूर्वानुमान को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा, जबकि सीपीआई मुद्रास्फीति अनुमान को 4.0 प्रतिशत से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया।

इस बीच, मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच जून में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से उछाल आया, जो जनवरी 2025 के बाद से उच्चतम स्तर - 79 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया, इससे पहले तनाव कम होने पर 14 प्रतिशत की गिरावट आई। केयरएज रेटिंग्स को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026 में ब्रेंट का औसत 65-70 डॉलर प्रति बैरल रहेगा, बशर्ते कि तनाव में और वृद्धि न हो। ये स्तर भारत के विकास, मुद्रास्फीति, राजकोषीय घाटे, चालू खाता घाटा या रुपए के लिए उनके वित्त वर्ष 2026 के पूर्वानुमानों में बदलाव की गारंटी नहीं देते।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 697.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट होने से 2 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.2 अरब डॉलर कम होकर 697.9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 698.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 2 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 35.7 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 589.1 अरब डॉलर पर आ गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 57.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 85.7 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 8.5 करोड़ डॉलर गिरकर 18.7 अरब डॉलर रह गया।

### अडानी भारत का सबसे तेजी से बढ़ने वाला ब्रांड बना

**नई दिल्ली।** अडानी समूह इस साल सबसे तेजी से बढ़ने वाला भारतीय ब्रांड बन गया है। इसकी ब्रांड वैल्यू में 82 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। लंदन स्थित ब्रांड फाइनेंस की सबसे मूल्यवान भारतीय ब्रांड 225 रिपोर्ट में कहा गया है कि समूह की वृद्धि का श्रेय एग्रेसिव और इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर फोकस, ग्रीन एनर्जी महत्वाकांक्षाओं में उछाल और प्रमुख हितधारकों में बढ़ी हुई ब्रांड इक्विटी को जाता है। अडानी ब्रांड का मूल्य 224 के 3.55 बिलियन डॉलर से बढ़कर 6.46 बिलियन डॉलर हो गया है, जो 2.91 बिलियन डॉलर की वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि समूह की रणनीतिक स्पष्टता, मजबूती और सस्टेनेबिलिटी के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष अडानी ब्रांड के मूल्य में वृद्धि 223 में रिपोर्ट किए गए पूरे ब्रांड वैल्यूएशन से अधिक है, जिससे अदाणी समूह को पिछले वर्ष के 16वें स्थान से 13वें स्थान पर आने में मदद मिली है।

### भारत का चीनी उत्पादन 35 मिलियन टन हो जाएगा : क्रिसिल

**नई दिल्ली।** क्रिसिल की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि औसत से बेहतर मानसून, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे प्रमुख चीनी उत्पादक राज्यों में गन्ने की खेती और पैदावार में वृद्धि के कारण भारत का ग्रॉस चीनी उत्पादन चीनी सीजन 226 में 15 प्रतिशत बढ़कर लगभग 35 मिलियन टन होने की संभावना है। इस वृद्धि से घरेलू आपूर्ति में तंगी कम होने की उम्मीद है और इसमें एथेनॉल डायवर्जन को बढ़ावा देने और उचित नीतिगत समर्थन के साथ निर्यात को पुनर्जीवित करने की क्षमता है। वित्त वर्ष 226 में बेहतर आपूर्ति और गैसोलीन के साथ इथेनॉल मिश्रण के लिए चीनी के संभावित रूप से अधिक डायवर्जन के साथ, चीनी मिलों का परिचालन मार्जिन लगभग 9-9.5 प्रतिशत तक रिकवर होने की संभावना है।


# लिवाली की बदौलत चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई,** 27 जून (एजेंसियां)। अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेतों से यूरोपीय बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस, पावर और सर्विसेज समेत 16 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज लगातार चौथे दिन मजबूती रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 303.03 अंक की छलांग लगाकर करीब नौ महीने के उच्चतम स्तर और 84 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 84058.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले यह 01 अक्टूबर 2024 को 84,266.29 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.80 अंक की बढ़ोतरी लेकर 25637.80 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.38 प्रतिशत मजबूत होकर 46,541.25 अंक और स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत उछलकर 54,249.40 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4165 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2251 में लिवाली जबकि 1760 में बिकवाली हुई वहीं 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए राखी गई कुल 2986 कंपनियों के शेयरों में से 1681 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 76 में टिकाव रहा।

बीएसई के 16 समूहों में तेजी का रुख रहा। कमोडिटीज 1.11, ऊर्जा 1.10, एफएमसीजी 0.14, वित्तीय सेवाएं 0.35, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स





■ **सेंसेक्स 303.03 अंक की छलांग लगाकर 84058.90 अंक पर**

■ **निफ्टी 88.80 अंक की बढ़ोतरी लेकर 25637.80 अंक पर बंद**

0.54, दूरसंचार 0.90, यूटिलिटीज 0.99, ऑटो 0.30, बैंकिंग 0.39, कैपिटल गुड्स 0.83, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.40, धातु 0.37, तेल एवं गैस 1.21, पावर 1.14 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.17 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.45, जर्मनी का डैक्स 0.71 और जापान का निक्केई 1.43 प्रतिशत उछल गया। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.17 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.70 प्रतिशत लुढ़क गया। कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 19 अंक बढ़कर 83,774.45 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 83,645.41 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 84,089.35 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 83,755.87 के मुकाबले 0.36 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 84058.90 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एशियन पेंट 3.06, अल्ट्रासिम्को 2.43, पावरग्रिड 2.11, आईसीआईसीआई बैंक 1.56, रिलायंस 1.39, बीईएल 1.19, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.14, सन फार्मा 1.12, एसबीआई 1.05, अदानी पोर्ट्स 0.75, टाटा स्टील 0.56, टाटा मोटर्स 0.54, एलटी 0.50, भारती एयरटेल 0.38, एनटीपीसी 0.24, कोटक बैंक 0.18, एचसीएल टेक 0.08 और टीसीएस 0.04 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, ट्रेंट 1.42, इटरनल 1.13, टेक महिंद्रा 0.93, एक्सिस बैंक 0.74, टाइटन 0.66, बजाज फाइनेंस 0.52, बजाज फिनसर्व 0.46, एचडीएफसी बैंक 0.43, मारुति 0.43, इंफ़ोसिस 0.40, आईटीसी 0.33 और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 0.31 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग को 'ब्रोकरेज बिज़नेस' के लिए सेबी की मंजूरी

**मुंबई,** 27 जून (एजेंसियां)। जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड (जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग) को भारत में ब्रोकरेज फर्म के रूप में काम करने के लिए, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है।

जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग, भारतीय निवेशकों के लिए सस्ती, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित एग्जीक्यूशन कैपेबिलिटी खड़ी करना चाहती है। जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग।





हाल ही में जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स को म्यूचुअल फंड बाजार में उतरने और निवेश सलाहकार के तौर पर काम शुरू करने की नियामकीय मंजूरियां मिली थी। अब ब्रोकिंग लाइसेंस की प्राप्ति से जियो ब्लैकरॉक संयुक्त उद्यम भारत के लोगों को व्यापक निवेश सॉल्युशनंस दे सकेगा। जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ मार्क पिलग्रेम ने कहा कि जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग को सेबी की मंजूरी मिलने से हम बेहद खुश है। अब हम भारत को 'बचतकर्ताओं के देश' से 'निवेशकों के देश' में बदलने में मदद कर पाएंगे। जियोब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स के साथ, हम खुदरा निवेशकों को व्यक्तिगत सलाह दे सकेंगे। ब्रोकरेज बिजनेस के साथ, हम निवेशकों के लिए एक एग्जीक्यूशन प्लेटफॉर्म भी लाएंगे।

## दालों में मिलाजुला रुख, खाद्य तेलों व अन्य जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 27 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 53 रिंगिट बढ़कर 3992 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की तेजी के साथ 52.67 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए और दाल चना 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9200-9300, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

# कतर के लिए गुलाब की खुशबू वाली लीची की पहली खेप रवाना

**नई दिल्ली,** 27 जून (एजेंसियां)। भारत ने बागवानी निर्यात को बढ़ावा देते हुए पंजाब के पठानकोट से कतर की राजधानी दोहा तथा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सबसे बड़े शहर दुबई के लिए डेढ़ मीट्रिक टन गुलाब की खुशबू वाली लीची की पहली खेप रवाना की है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दोहा के लिए एक टन लीची की पहली खेप रवाना की गई है। पठानकोट से दुबई को 0.5 मीट्रिक टन लीची की एक अलग खेप भेजी गई है जो निर्यात में दोहरी उपलब्धि और वैश्विक ताजे फल बाजार में भारत की बढ़ती उपस्थिति दर्शाता है।

इस पहल को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (अपेडा) ने पंजाब सरकार के बागवानी विभाग ने लुल्लू समूह और सुजानपुर के प्रगतिशील किसान प्रभात सिंह के सहयोग से सुगम बनाया। उन्होंने गत



■ **भारत की बागवानी उपज की उत्कृष्टता को रेखांकित करती है यह पहल**

■ **निर्यात में दोहरी उपलब्धि व वैश्विक ताजे फल बाजार में भारत की बढ़ रही उपस्थिति**

23 जून को उच्च गुणवत्ता वाली उपज की आपूर्ति की। यह महत्वपूर्ण पहल भारत की बागवानी उपज की उत्कृष्टता को रेखांकित करती है और देश की बढ़ती कृषि-निर्यात क्षमताओं को भी उजागर करती है। यह कृषक समुदायों को उनके ताजे और उच्च मूल्य वाले उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच प्रदान करके अपार अवसर प्रदान करता है।

राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पंजाब का लीची उत्पादन 71,490 मीट्रिक टन रहा जो भारत के कुल लीची उत्पादन में 12.39 प्रतिशत का योगदान देता है। इसी अवधि के दौरान भारत ने 639.53 मीट्रिक टन लीची का निर्यात किया। खेती का रकबा 4,327 हेक्टेयर था जिसकी औसत उपज 16,523 किलोग्राम/हेक्टेयर थी। रवाना की गई खेप में प्रीमियम पठानकोट लीची का एक रीफर पैलेट (रेफ्रिजेरेटेड कंटेनर)शामिल है जो इस क्षेत्र के उत्पादकों के लिए एक बड़ा कदम है। प्रभात सिंह जैसे किसानों की सफलता पठानकोट की क्षमता को रेखांकित करती है, जो अनुकूल कृषि-जलवायु परिस्थितियों से लाभान्वित है।

# अवैध निर्माण होने पर आर्किटेक्ट भी होंगे जिम्मेदार

## दो नोटिस के बाद संबंधित आर्किटेक्ट का लाइसेंस निलंबित किया जाएगा

## संबंधित जोन और इंजीनियर पर भी होगी कार्रवाई

## आर्किटेक्टों ने नियमों के तहत निर्माण का दिया आश्वासन

## शहर के आर्किटेक्ट की निगम कमिश्नर ने ली बैठक

**बिलासपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा लगातार अवैध निर्माण पर कार्रवाई की जा रही है,इस बीच नगर निगम ने आज शहर के सभी रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट की बैठक लेकर अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने और टीएनसी मापदंडों के अनुरूप निर्माण पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित निगम कमिश्नर अमित कुमार ने कहा की लगातार अवैध निर्माण की शिकायतें प्राप्त हो रही है, साइट में निगम द्वारा जारी नक्शे के विपरीत निर्माण किया जा रहा है,जिसके खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। अनुमति के समय आर्किटेक्ट सुपर विजन का सर्टिफिकेट जमा करते हैं पर अनुमति से बाहर भी भवन मालिक द्वारा निर्माण करा लिया जाता है। बाद में कार्रवाई होने पर भवन मालिक का भी नुकसान होता है नगर निगम के संसाधन और राशि का व्यय भी अवैध निर्माण को हटाने में उपयोग होता है। इसलिए समय रहते इसे रोंका जाना चाहिए, इसके लिए सभी आर्किटेक्ट अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और अपने सुपर विजन में किए जा रहे निर्माण को प्राप्त अनुमति के अनुरूप ही कराएं,अतिरिक्त निर्माण या पार्किंग को नहीं बनाने जैसे कृत्यों को रोंके। निगम कमिश्नर ने दो टूक कहा की अवैध निर्माण पाएं जाने पर आर्किटेक्ट को भी नोटिस जारी किया जाएगा और दो नोटिस के बाद भी अवैध निर्माण जारी रहने या सुधार,नहीं करने पर संबंधित आर्किटेक्ट का लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। जिस पर तत्काल एक्शन लेते हुए चार आर्किटेक्ट को प्रथम नोटिस भी जारी कर दिया गया। बैठक में निगम कमिश्नर ने सभी आर्किटेक्ट से सहयोग की अपील करते हुए कहा की शहर को सुंदर और टीएनसी के अनुरूप बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। आर्किटेक्ट ,इंजीनियर इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें कि भविष्य में सिटी डेव्लपमेंट प्लान एवं प्रस्तावित रोड की चौडाई को ध्यान रखने में रखते हुए भवन निर्माण अनुमति के लिए मानचित्र तैयार करें। भवन निर्माण अनुमति में पार्किंग हेतु छोड़ी गई भूमि पर पार्किंग का ही निर्माण किया जाए। पार्किंग स्थल पर किसी प्रकार का आवासीय / व्यवसायिक निर्माण नहीं किया जाए। निगम कमिश्नर ने कहा की अवैध निर्माण पर समय रहते कदम नहीं उठाने पर जोन और इंजीनियर के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।




### चार आर्किटेक्ट को नोटिस

बैठक में लिए गए निर्णय पर तत्काल एक्शन लेते हुए निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर भवन शाखा ने चार आर्किटेक्ट को प्रथम नोटिस भी जारी कर दिया है। भवन निर्माण की अनुमति के लिए आर्किटेक्ट द्वारा तैयार नक्शा और सुपर विजन सर्टिफिकेट जमा करने बावजूद अवैध निर्माण होने पर आर्किटेक्ट विकास सिंह,मेघराज देवांगन,हर्षद गुप्ता और पंकज सोनी को नोटिस जारी किया गया है।

# नूतन चौक कांप्लेक्स के 11 दुकान और महिला समृद्धि बाजार के 57 दुकान का आबंटन निरस्त

- नूतन चौक कांप्लेस में आबंटन राशि जमा नहीं करने पर कार्रवाई
- महिला समृद्धि बाजार में 57 लोगों ने नहीं पटाया किराया

**बिलासपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। दुकान की ऊंची बोली लगाकर आबंटन राशि जमा नहीं करने वाले नूतन चौक स्थित कांप्लेक्स के 11 दुकानों के आबंटन को निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह गणेश चौक स्थित महिला समृद्धि बाजार के 57 ऐसे बकायादार जिन्होंने वर्षों से किराया नहीं पटाया है,उनके दुकानों के आबंटन को भी निरस्त किया गया है। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इन सभी दुकानों के आबंटन को निरस्त कर दिया है।नूतन चौक स्थित आबंटित इन सभी दुकान के आबंटन पाने वालों को निगम ने कई बार पत्र, स्मरण पत्र और नोटिस जारी आबंटन राशि जमा करने को कहा लेकिन आबंटन पाने वालों ने राशि जमा नहीं की,जिसके बाद कार्रवाई की गई।

इसी तरह महिला समृद्धि बाजार में कुल 82 दुकाने हैं जिन्हें 2008-09 में आबंटित किया गया था। जिनमें से 57 दुकानों का किराया बकाया था,इन सभी को भी कई बार नोटिस जारी कर किराया जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया था।

### इन दुकानों का आबंटन निरस्त

दुकान क्रं.- 4-गोकुल प्रसाद जांगड़े, दुकान क्रं.-5-प्रमोद कुमार बसंल, दुकान क्रं.-6-दीपिका भंडारी, दुकान क्रं.-7-राजेन्द्र वैष्णव, दुकान क्रं.-9-अनिता यादव, दुकान क्रं.-10-मनोहर लाल मिश्रा, दुकान क्रं.- 11-अमन शुक्ला, दुकान क्रं.- 20-शिवांश राय, दुकान क्रं. - 24-जोगेन्द्र, दुकान क्रं.-25-अनुपम मिश्रा, दुकान क्रं-26-विकास पाल।

# अटल विवि में नियमित कुल सचिव की मांग को ले एनएसयूआई ने सचिव उच्च शिक्षा से की भेंट

## विवि में व्याप्त गड़बड़ियों की जांच के लिए ज्ञापन सौंपा गया

**बिलासपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह ने सचिव उच्च शिक्षा विभाग से मुलाकात कर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में नियमित कुलसचिव की पदस्थापना करने और विश्वविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितता के संबंध में की शिकायत, जांच और कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौंपा है।

एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह ने उच्च शिक्षा विभाग के सचिव एस भारतीदासन को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विश्वविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, शैक्षणिक पदों में भर्ती में गड़बड़ी, आर्थिक अनियमितता आदि के संबंध में शिकायत ज्ञापन सौंपकर विश्वविद्यालय में नियमित कुलसचिव की पदस्थापना करने के लिए अनुरोध किया। बताया गया कि सचिव, उच्च शिक्षा विभाग से मुलाकात करने से उन्हें रोक कर रखा गया था। उनके द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से 3 घंटे तक इंतजार करने के बाद सचिव, उच्च शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अनेक गंभीर मुद्दों पर शिकायत की गई है, जिसमें मुख्य रूप से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक पदों पर भर्ती में आरक्षण रोस्टर तैयार करने में की गई गड़बड़ी और अपात्रों को पात्र बताकर की गई नियुक्ति की जांच करने, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में आरक्षण रोस्टर में की गई गड़बड़ी एवं भर्ती के संबंध में याचिका विचाराधीन होने के बाद भी जल्दबाजी में चयन कर भर्ती और नियुक्ति करने की जांच करने, छत्तीसगढ़ शासन के भंडार क्रय नियम का उल्लंघन करते हुए खरीदी करने, विश्वविद्यालय में उप कुलसचिव के पद पर पदस्थ शैलेन्द्र दुबे एवं अन्य की पदोन्नति उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नियम विरूद्ध किए जाने के कारण पदोन्नति निरस्त करने, शैलेन्द्र दुबे द्वारा विश्वविद्यालय के दस्तावेजों में कुलसचिव के नाम और पदनाम से समस्त प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य करने, विश्वविद्यालय में बजट निर्माण के लिए एक माह का अतिरिक्त मानदेय आहरण करने, शासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुए बिना निविदा जारी किए छत्तीसगढ़ संवाद के माध्यम से प्रिंटिंग, मुद्रण कार्य कराने के बजाय निजी फर्मों से प्रिंटिंग एवं मुद्रण कार्य कराने, बिना निविदा जारी किए फर्म स्ब्ढ्ढष्ट्स को वर्ष 2023 में दरों में वृद्धि कर कार्यादेश जारी करने, बिना निविदा जारी करने ढ्ढस्ल्स लागू करने के लिए ढ्ढञ्जढ्ढ लिमिटेड, मुंबई के साथ एमओयू करके 50 लाख रुपए अग्रिम भुगतान करने जैसे अनेक मुद्दों पर शिकायत ज्ञापन सौंपा गया।

विश्वविद्यालय में विगत 3 वर्षों से नियमित कुलसचिव की पदस्थापना नहीं होने के कारण उप कुलसचिव शैलेन्द्र दुबे के द्वारा कुलसचिव के नाम एवं पदनाम से कार्य करते हुए कुलपति प्रोफेसर एडीएन बाजपेई के संरक्षण में वृहद स्तर पर भ्रष्टाचार किए जाने की जानकारी उन्होंने सचिव उच्च शिक्षा विभाग को दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय में नियमित कुलसचिव की पदस्थापना करने का अनुरोध किया, जिस पर सचिव ने आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय में नियमित कुलसचिव की पदस्थापना शीघ्र की जाएगी और शिकायत ज्ञापन में उल्लेख किए गए शिकायतों के संबंध में जांच की जाएगी। ज्ञापन सौपते हुऐ पुष्पराज साहू, सुमित सिंह, मीत सोनवानी, आदित्यांश शर्मा, प्रदीप सिंह, करन यादव, अनिक तिवारी, अंकुश तिवारी, सूर्यांश शर्मा, राजदेव साहू उपस्थित रहे.

# पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय से फिरौती की मांग करने वाला आरोपी प्रयागराज से गिरफ्तार

## आरोपी ने मोबाइल फोन के माध्यम से परिचित की बेटी को अगवा करने की धमकी देकर 20 लाख रुपये की मांग की थी

## एफआईआर दर्ज होने के तुरंत बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उप्र जाकर आरोपी को पकड़ा



**बिलासपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। पूर्व विधायक शैलेश पांडे को उनकी पत्नी के फोन पर 20 लाख रुपए मांगने , जान से मारने और दिल्ली में पढ़ रही परिचित की बेटी का अगवा कर लेने की धमकी देने वाले बिहार निवासी आरोपी को सकरी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज रेलवे स्टेशन से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है ।

पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय, निवासी आसमा सिटी, थाना सकरी, जिला बिलासपुर द्वारा 25 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर कॉल कर उनकी परिचित महिला की बेटी, जो दिल्ली में अध्ययनरत है, को अगवा करने की धमकी दी और 20 लाख रुपये की फिरौती की मांग की।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा तत्काल आरोपी की गिरफ़्तारी हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल के मार्गदर्शन और डीएसपी रोशन आहुजा एवं प्रदीप आर्य, थाना प्रभारी सकरी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर उत्तर प्रदेश रवाना किया गया।

वाराणसी एवं प्रयागराज पुलिस, जीआरपी तथा आरपीएफ के सहयोग से प्रयागराज रेलवे स्टेशन में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पूर्व में शिकायतकर्ता की परिचित महिला की भतीजी के संपर्क में था, और विगत कुछ महीनों से बातचीत बंद हो जाने के कारण उसने यह अपराध किया।

इस कार्रवाई में थाना सकरी पुलिस एवं एसीसीयू टीम की सराहनीय भूमिका रही। पूरे घटनाक्रम की और आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने पत्रकारों को विस्तार से जानकारी दी ।

उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक को मिली धमकी से कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कल ही कांग्रेस के अनेक नेताओं ने एस एस पी से मुलाकात कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की थी और पुलिस ने भी बिना देरी किए आरोपी के लोकेशन को सर्च करते हुए उसे प्रयागराज से गिरफ्तार करने में सफलता पाई।

### आरोपी का विवरण

बच्चू झा उर्फ बबूवा पाण्डेय उर्फ बच्चा यादव, पिता ड्ढ प्रीतनाथ झा, उम्र-30 वर्ष, निवासी-वार्ड क्रमांक 10, रहिका थाना, जिला मधुबनी (बिहार)।

# गरीब छात्र-छात्राओं की जनभागीदारी शुल्क होगी माफ़

**बिलासपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी जनभागीदारी समिति की बैठक नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में आयोजित हुई। बैठक में कुल 14 प्रस्ताव लाए गए जिसमें कुछ प्रस्ताव अध्यक्ष रवि मेहर के द्वारा शामिल कराया गया,जिसमें महाविद्यालय के जर्जर भवन को जीर्णोद्धार कराने,एस्टीमेट लेकर टीना टप्पर, के अव्यवस्थित जर्जर भवन को नया बिल्डिंग बनने तक के लिए ठीक ठाक कराने,विद्यार्थियों के लिए पानी,बिजली, पंखा,तथा टॉयलेट की साफ सफाई एव वार्षिक स्नेह सम्मेलन भी उत्साह पूर्वक छात्र /छात्राएं मना सकें इसका भी एजेंडा में ध्यान रखा गया । राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ज्ञान के विकास के लिए कार्यशाला भी महाविद्यालय में आयोजित समय समय पर किए जावेंगे ,जिसमें बाहर के विषय विशेषज्ञों को दिए जाने वाले मानदेय का प्रावधान भी जनभागी दारी मद से किया गया है। सकरी कॉलेज में दूरस्थ स्थानों से पैदल आकर पढ़ने वाले छात्र/छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें इस हेतु जनभागीदारी एव महाविद्यालय प्रबंधन मिलकर गरीब छात्र/छात्राओं के जनभागीदारी शुल्क भी माफ करेगी वहीं जनसहयोग से अति गरीब स्टूडेंट्स का फीस भी पटाने में सहयोग कर सकरी महाविद्यालय का प्रतिमान निर्धारित करेंगे। महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं की पढ़ाई पर विशेष पहल जनभागीदारी समिति की होगी तथा महाविद्यालय में किसी भी प्रकार की मनमानी अब नहीं चलने दी जाएगी। कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित तखतपुर एस डी एम शिवकुमार कंवर ने कहा कि छात्र /छात्राएं प्रतियोगी परीक्षा में भी अपना विषय निर्धारित कर सकें इसलिए इतिहास,हिंदी साहित्य,अंग्रेजी साहित्य और भूगोल विषय भी नए विषय के रूप में शासन से पद सहित विषय की मांग की जावेगी,इस पर आत्मानंद स्कूल से प्राचार्य प्रतिनिधि श्री मती पुष्पांजलि कौशिक ने समर्थन किया।बैठक में ,सकरी के प्रतिष्ठित नागरिक पूर्व शिक्षक गोपालप्रसाद तिवारी ने जनभागीदारी बैठक की सार्थकता को निरूपित किया तथा कहा कि हम सब समन्वय के साथ छात्र /छात्राओं की शिक्षा के लिए सही कदम उठाएंगे।

### सहकारी समिति के मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति 4 जुलाई तक

**बिलासपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। राजीव निषाद मछुआ सहकारी सोसाइटी मर्यादित रैनपुर कर्रा के मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। इस संबंध में दावा-आपत्ति 4 जुलाई 2025 तक कार्यालयीन दिवस में सोसाइटी कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकते हैं। दावा-आपत्ति निराकरण पश्चात् मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जुलाई को किया जाएगा।


**NECC**

| 28.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 565 | 83 | 165 |
| चिल्हर | 6.75 | 100 | 190 |
| डिलीवरी | 580 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA


# राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल मैच में रायगढ़ बालक और रायपुर बालिका ने जीते फाइनल मैच



**बिलासपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। 8वीं रग्बी फुटबॉल स्टेट लेवल अंडर 18 चैंपियनशिप जो बिलासपुर रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के द्वारा मिनी स्टेडियम गांधी चौक में आयोजित किया गया था, का फाइनल मैच बालक रायगढ़ और बालिका रायपुर की टीम ने जीता।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती पलक जायसवाल रही। विशिष्ट अतिथि के तौर पर राहिल छाबड़ा एवं कृष्ण प्रधान उपस्थित थे।

टूर्नामेंट में बालक की टीम में रायगढ़ और बिलासपुर की टीम फाइनल में पहुंची ।जिसमें रायगढ़ की टीम ने बिलासपुर को 16-0 से ट्रॉफी अपने नाम की वही बालिका टीम में रायपुर और बेमेतरा की टीम फाइनल में प्रवेश की और रायपुर टीम ने बेमेतरा को हरा कर ट्रॉफी अपने नाम की वही तीसरे स्थान पर बालिका में बिलासपुर और बालक में कोरबा की टीम रही। मैच में पूरे प्रदेश की 32 टीमो ने भाग लिया ।

खेल में छत्तीसगढ़ रग्बी के सचिव अयाज अहमद खान बिलासपुर रग्बी के शुभम माणिक, मुस्कान कोरेती, अपूर्वा सिंह ठाकुर, मोहन तिवारी, मार्क बेलारूस, अभिनव रोहित गुप्ता, शुभम यादव ,मेराज दरिया, कुमकुम यादव ,सागर यादव, राकेश तिवारी समेत रग्बी फुटबॉल के खिलाड़ी और खेल प्रेमी शामिल रहे।





# एसएसपी रजनेश सिंह ने किया जिले की रात्रि गस्त व्यवस्था का औचक निरीक्षण

## उच्च न्यायालय आवासीय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का भी लिया जायजा

**बिलासपुर**, 27 जून (देशबन्धु)। बीती रात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह स्वयं जिले की रात्रि गश्त व्यवस्था के औचक निरीक्षण पर निकले । गस्त के दौरान उन्होंने जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाके का भ्रमण करके लगे हुए फिक्स पॉइंट्स एवं पेट्रोलिंग पार्टी, सेक्टर एवं जोनल गश्त अधिकारियों को चेक किया। रात्रि ग्रस्त एवं जिले की सुरक्षा में तैनात जवानों को प्रभावी तरीके से ग्रस्त करने की हिदायत दी। साथ ही गस्त में लगे कर्मचारी समय से पूर्व पॉइंट नहीं छोड़ने तथा सेक्टर एवं चेक गश्त अधिकारियों को उनको चेक करने के निर्देश दिए। सभी थानों की पेट्रोलिंग टीम को क्षेत्र के संवेदनशील एरिया , आउटर कॉलोनी, एटीएम , बैंक इत्यादि में लगातार सक्रिय पेट्रोलिंग करने निर्देशित किया ।

फिक्स पॉइंट चेक करने के दौरान मगरपारा , तालापारा, देवकीनंदन चौक, पुराना बस स्टैंड चौक में लग फिक्स पॉइंट के कर्मचारियों द्वारा अच्छी चेकिंग एवं मुस्तैदी से ड्यूटी करने पर उनकी प्रशंसा कर, उनकी पीठ थपथपाई और उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। चेकिंग के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उच्च न्यायालय आवासीय परिसर भी पहुंचे , वहां परिसर एवं न्यायाधीशों की सुरक्षा में लगे सशस्त्र बल के गार्ड को चेक कर , सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया एवं सभी गार्ड कमांडर्स को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



रात्रि गश्त के दौरान ही थाना चकरभाठा जाकर जाकर रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण किया। रात्रि थाना पहरा का मुआयना किया तथा थाना क्षेत्र में लगे गश्त पॉइंट को सजगता और सतर्कता के साथ कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रोत्साहित किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सिंह के निर्देश पर रात्रि गश्त पॉइंट में वृद्धि की गई है, तथा समस्त थाना रक्षित केंद्र एवं कार्यालय में लगे प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी की सप्ताह में कम से कम एक गश्त अनिवार्य रूप से लगाई गई है। सभी फिक्स पॉइंट के कर्मचारी राइफल लेकर के ही गश्त करते हैं । साथ ही गस्त के पूर्व जोनल गश्त अधिकारी द्वारा रात्रि 12 बजे उन्हें किसी चौक चौराहे पर एक साथ ब्रीफ किया जाता है तदोपरांत गस्त रवाना किया जाता है। सेक्टर अधिकारी एवं फिक्स पॉइंट और पेट्रोलिंग पार्टी मिलकर अलग-अलग चेकिंग पॉइंट्स में संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग भी करते हैं।

श्री सिंह द्वारा रात्रि गैस निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारियों को इसी प्रकार प्रभावी ढंग से सक्रियता पूर्वक रात्रि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

रात्रि गस्त में जोनल अधिकारी के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती अर्चना झा,उप पुलिस अधीक्षक यातायात शिवचरण परिहार , सेक्टर अधिकारी के रूप में थाना प्रभारी सिरगिट्टी किशोर केंवट , थाना प्रभारी कोनी राहुल तिवारी , थाना प्रभारी तोरवा सिंह अभय सिंह बैस , थाना प्रभारी रतनपुर नरेश चौहान उपस्थित थे।


प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771